
फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 76 संख्याः 20 प्रभात जयपुर, गुरुवार 21 अगस्त, 2025 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत
Rashtradoot
Metro

epaper.rashtradoot.com

ARBIT



The World looks on...

I lost my parents, I lost my brothers and sisters. Now it is my turn. I am going to Allah. I will tell him everything.

A Soldier of Principle and Conviction

The Return of the Lotus

Wular Lake blooms Pink again after three decades

# ‘बड़े बे आबरू होकर तेरे कूचे से हम निकले’

## राजीव गांधी स्टडी सर्किल के ‘‘फ्लॉप शो’’ के बाद उल्टे पांव जयपुर लौटे गहलोत



*नई दिल्ली के जवाहर भवन में अशोक गहलोत द्वारा आयोजित उनकी संस्था राजीव गांधी स्टडी सर्किल के एक कार्यक्रम में कोई बड़ा नेता नहीं आया। सिर्फ मीनाक्षी नटराजन ही आईं, जो उनके साथ मंच पर बैठी थीं और बाकी कुर्सियाँ खाली थीं।*

- बड़ी धूम धाम से गहलोत ने दिल्ली में राजीव गांधी की जयंती पर अपनी संस्था, राजीव गांधी स्टडी सर्किल का कार्यक्रम आयोजित किया था, लेकिन कार्यक्रम में कोई नेता नहीं आया। यहां तक कि गहलोत के तथाकथित हितैषी भी नहीं आए।
- सिर्फ मीनाक्षी नटराजन आईं जो खाली कुर्सियों के बीच मंच पर गहलोत के साथ बैठीं थीं, गहलोत के परम प्रिय सुभाष गर्ग भी अनुपस्थित थे।
- इसे कहते हैं समय का फेर, कि जो कभी राजा था आज एक पद मात्र के लिए भटक रहा है।

**- रेणु मित्तल -**
**- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -**

नई दिल्ली, 20 अगस्त। अशोक गहलोत भारी उम्मीद और अपेक्षा के साथ दिल्ली पहुँचे लेकिन बुधवार दोपहर ही भारी वे निराशा के माहौल में जल्दी ही लौट गए। उन्होंने जवाहर भवन में गहलोत ने अपनी संस्था राजीव गांधी स्टडी सर्किल का कार्यक्रम आयोजित किया था, उनका सामना सिर्फ खाली कुर्सियों, खाली हॉल से हुआ, उसमें कोई गंभीर नेता मौजूद नहीं था।

सिर्फ मीनाक्षी नटराजन ही आईं थीं, जो उनके साथ मंच पर बैठी थीं, और बाकी थी कुछ खाली कुर्सियाँ।

दर्शकों में बैठे कुछ लोग वे थे, जो अशोक गहलोत के साथ जयपुर से आए थे। यहाँ तक कि सुभाष गर्ग, जो अशोक गहलोत के सबसे बड़े लाभार्थियों में से रहे हैं और जिनका नाम पेपर लीक स्कैम में है, वे भी मौजूद नहीं थे।

इस निराशाजनक कार्यक्रम के बाद अशोक गहलोत जल्द से जल्द जयपुर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## एलडीसी भर्ती 2013 की याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित

जयपुर, 20 अगस्त। राजस्थान हाईकोर्ट ने एलडीसी भर्ती-2013 से जुड़े विभिन्न विवादों को लेकर दायर करीब तीन सौ याचिकाओं पर संयुक्त रूप से सुनवाई पूरी कर ली है। इसके साथ ही अदालत ने मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ ने यह आदेश रमेश चन्द्र सैनी व अन्य की याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दिए।

याचिकाओं में अधिवक्ता रमाकांत गौतम और अधिवक्ता रामप्रताप सैनी ने अदालत को बताया कि राज्य सरकार ने एलडीसी भर्ती-2013 में 19 हजार 275 पदों के

- हाईकोर्ट ने इस प्रकरण से जुड़े विभिन्न विवादों पर दायर 3 सौ याचिकाओं पर संयुक्त रूप से सुनवाई पूरी की।

लिए भर्ती निकाली थी। जून 2013 में इनमें से सात हजार पदों पर नियुक्ति दी गई। वहीं बाद में बोनस अंकों के विवाद को लेकर सुप्रीम कोर्ट से भर्ती में रोक लग गई। सुप्रीम कोर्ट ने 29 नवंबर, 2016 को बोनस अंकों का विवाद तय कर दिया। इसके बाद हाईकोर्ट में दायर याचिका में राज्य सरकार ने शेष पदों को भरने की सहमति दी। याचिका में कहा गया कि भर्ती के करीब छह हजार पद अभी भी रिक्त चल रहे हैं। वहीं कंप्यूटर पात्रता, दस्तावेज सत्यापन सहित अन्य बिंदुओं को लेकर भी विवाद है। दूसरी ओर राज्य सरकार की ओर से कहा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# ‘नोबल शांति पुरस्कार के योग्य नहीं डॉनल्ड ट्रंप’

## अधिकांश अमेरिकी नागरिकों का मानना है कि, ‘‘पीस मेकर’’ के रूप में ट्रंप को भारी विफलता मिली है

- मार्केट रिसर्च फर्म यू-गव द्वारा करवाए गए एक ट्रैकिंग पोल से यह निष्कर्ष निकला कि ट्रम्प की लोकप्रियता लगातार घट रही है। मात्र 40 प्रतिशत अमेरिकन्स ने ट्रंप के काम को ‘‘अप्रूवल’’ दिया है, वहीं 55 प्रतिशत उनके काम से नाखुश हैं और 4 प्रतिशत ने कोई राय नहीं दी।
- विदेश नीति के क्षेत्र में ट्रंप की दशा बहुत खराब है। विदेश नीति के मामले में फरवरी में ट्रम्प की रेटिंग प्लस 2 थी जो अब घटकर माइनस 14 रह गई है। इसमें भारी गिरावट अलास्का में पुतिन के साथ मीटिंग और फिर जैलेंस्की की अमेरिका यात्रा के बाद आई।
- ट्रंप शेखी बघारते हैं कि उन्होंने 6 माह में 6 युद्ध रुकवाए, परन्तु यूक्रेन के मुद्दे पर वे बुरी तरह से असफल रहे हैं, और अधिकांश अमेरिकी मानते हैं कि डील मेकर के रूप में ट्रम्प असफल रहे हैं।

**-सुकुमार साह-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 20 अगस्त। दूसरे कार्यकाल के 200 दिन से अधिक बीत जाने के बाद भी डॉनल्ड ट्रंप की लोकप्रियता लगातार गिर रही है। राष्ट्रपति की मौजूदा नेट अप्रूवल रेटिंग माइनस 15 प्रतिशत है, जो पिछले हफ्ते से एक अंक कम है। मार्केट रिसर्च फर्म, ‘‘यू गव’’ के ट्रैकिंग पोल के अनुसार, 40 प्रतिशत अमेरिकी उनके कामकाज को सही मानते हैं, 55 प्रतिशत असहमति जताते हैं और 4 प्रतिशत अनिश्चित हैं। यह आंकड़ा आखिरी बार 20 अगस्त 2025 को अपडेट किया गया।

ट्रंप खुद को वैश्विक शांति दूत के रूप में पेश करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि उन्होंने ‘‘छह महीने में छह युद्ध खत्म किए’’ और इशारा किया कि वे नोबेल शांति पुरस्कार के योग्य हैं। फिर भी अमेरिकी लोग इस दावे से असहमत नज़र आते हैं। फरवरी में विदेश नीति पर उनकी नेट अप्रूवल रेटिंग थोड़ी देर के लिए प्लस 2 तक पहुँची थी। तब से यह लगातार गिर रही है और इस हफ्ते माइनस 14 पर आ गई। अलास्का में व्लादिमीर पुतिन के साथ उनकी चर्चित बैठक तथा उसके बाद वाइट हाउस में वलोदिमिर ज़ेलेन्स्की की यात्रा के बाद भारी गिरावट आई। केवल 32 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना था कि ट्रंप और पुतिन ने यूक्रेन युद्ध खत्म करने की दिशा में कोई ठोस प्रगति की। इस संघर्ष से निपटने के उनके तरीके को लेकर अब उनकी नेट अप्रूवल रेटिंग माइनस 10 है, अधिकतर अमेरिकी उन्हें प्रभावी वार्ताकार से ज्यादा एक ‘‘अप्रभावी’’ वार्ताकार मानते हैं।

हालाँकि ट्रंप संवैधानिक रूप से 2028 में दोबारा नहीं लड़ सकते, फिर भी उनका दूसरा कार्यकाल जनमत से प्रभावित रहेगा। शपथ ग्रहण के बाद से ‘‘यू गव’’ ने साप्ताहिक स्तर पर उनकी अप्रूवल और डिसअप्रूवल रेटिंग दर्ज की है और ‘‘द इकॉनमिस्ट’’ ने ट्रंप की तुलना उनके पूर्ववर्तियों से की है। ज़्यादातर राष्ट्रपति अपने कार्यकाल की शुरुआत सकारात्मक रेटिंग से करते हैं। इसके विपरीत ट्रंप के दोनों कार्यकाल ‘‘मिली- जुली’’ प्रतिक्रिया से शुरू हुए। पहला कार्यकाल लगभग पूरा समय नकारात्मक रेटिंग में रहा और दूसरा भी उसी राह पर है। पदभार सँभालने के दो महीने के भीतर ही उनकी नेट अप्रूवल शून्य से नीचे चली गई और वहीं बनी हुई है।

नीतिगत मुद्दों पर तस्वीर और खराब है। पदभार सँभालने के तुरंत बाद, अमेरिकियों ने ट्रंप को अर्थव्यवस्था और महँगाई पर सकारात्मक अंक दिए थे। लेकिन उनके व्यापार युद्ध के ऐलान और निवेशकों की चिंता ने माहौल बिगाड़ दिया। अब महँगाई, नौकरियों

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# ‘प्रेस रिलीज़ को कानून में परिवर्तन नहीं माना जा सकता’

## सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को दिये अपने आदेश में स्पष्ट किया, कानून में परिवर्तन के लिए एक विधिवत् प्रक्रिया होती है, जैसे विधानसभा में पारित प्रस्ताव, और इसी प्रक्रिया से कानून में तब्दीली हो सकती है

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 20 अगस्त। नई दिल्ली, 20 अगस्त। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार (19 अगस्त) को कहा कि सरकार के फ़ैसले और स्पष्टीकरण, जिनमें ‘प्रेस रिलीज़’ भी शामिल हैं, को ‘‘पावर परचेज़ एग्रीमेंट्स (पी.पी.ए.)’’ में ‘‘कानून में बदलाव’’ नहीं माना जा सकता।

मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने यह कहते हुए नाभा पावर लिमिटेड (एन.पी.एल.) और तलवंडी साबो पावर लिमिटेड (टी.एस.पी.एल.) की याचिका ख़ारिज करते हुए यह टिप्पणी की। इन कंपनियों ने पंजाब स्टेट पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (पी.एस.पी.सी. एल.) से कानून में बदलाव के आधार पर मुआवज़ा माँगा था। अदालत ने एपिलेट ट्राइब्यूनल फॉर इलेक्ट्रिसिटी के फैसले को सही ठहराया, जिसमें कहा गया था कि सार्वजनिक नोटिस या प्रेस रिलीज़, जिनके पीछे कोई विधायी या वैधानिक आधार नहीं है, उन्हें कानून में बदलाव के रुप में नहीं माना जा सकता। वे केवल प्रशासनिक नीति दस्तावेज़ हैं जो सरकार द्वारा स्पष्टीकरण के लिए जारी किए जाते हैं। यह मामला उस विवाद से जुड़ा है, जो सामने आया जब अपीलकर्ता

- प्रेस रिलीज़ को अधिकतम एक प्रशासनिक जरिया माना जा सकता है, जो सरकार समय-समय पर जारी करती है, प्रशासनिक स्पष्टीकरण की दृष्टि से।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## भर्ती परीक्षाओं में धांधली करने वाले तीन गिरफ्तार

जयपुर, 20 अगस्त। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने बुधवार को थर्ड ग्रेड,पटवारी और पीटीआई भर्ती परीक्षाओं में डमी कैंडिडेट सहित अन्य तरीके से धांधली करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी एसओजी) वीके सिंह ने बताया कि अध्यापक थर्ड ग्रेड भर्ती परीक्षा 2023, में आरोपित डमी केंडिडेट राकेश

- एसओजी ने थर्ड ग्रेड अध्यापक, पटवारी व पीटीआई भर्ती परीक्षा में यह कार्यवाही की।

कुमार बिश्नोई, निवासी रणजीतपुर बज्जू बीकानेर, वर्तमान में ग्राम सेवक पंचायत समिति बौंली, सवाई माधोपुर, को गिरफ्तार किया है। इस ने मूल अभ्यर्थी अरविन्द कुमार की जगह परीक्षा दी थी। अरविन्द पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है। इस संबंध में सांगानेर थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# ‘सिल्वर सॉइल इंडस्ट्रियल पार्क की जमीन को हमारी अनुमति बगैर न बेचा जाये’

जयपुर, 20 अगस्त। नैशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल जयपुर बेंच ने सत्यनारायण गुप्ता को राहत देते हुए आदेश दिए हैं कि उसके द्वारा सिल्वर सॉइल इंडस्ट्रियल पार्क के मामले में 1 मार्च 2022 को पारित आदेश की पालना की जाए और अदालत की अनुमति बगैर इंडस्ट्रियल पार्क की जमीन का बेचान और रजिस्ट्री न की जाए। सिल्वर सॉइल इंडस्ट्रियल पार्क प्राइवेट लिमिटेड की वेबसाइट के अनुसार, यह एस एन जी ग्रुप का एक विशाल प्रोजेक्ट है जिसमें 119 रिहायशी प्लॉट्स के साथ साथ 221 इंडस्ट्रियल प्लॉट्स का बेचान किया जाना है।

सत्यनारायण गुप्ता के अनुसार इस पार्क में कमर्शियल प्लॉट्स और रिहायशी प्लॉट्स का कुल क्षेत्र फल 300,000 वर्ग गज है जो इसे जयपुर के आसपास बन रहे सबसे बड़े इंडस्ट्रियल/रेजिडेंशियल पार्क में से एक बनाता है। और एन सी एल टी, जयपुर,

- नैशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल ने यह आदेश पारित करते हुए यह भी कहा कि उसके 1 मार्च, 2022 को पारित ऐसे ही आदेश की कैसे अवहेलना की गई और इस इंडस्ट्रियल पार्क की जमीन के बड़े हिस्से को बेचान किया गया, तथा उसकी सेलडीड भी जारी की और उसकी रजिस्ट्री भी हुई।
- कम्पनी लॉ ट्रिब्यूनल ने गोविन्दगढ़ के सब रजिस्ट्रार और स्टैम्प पेपर और रजिस्ट्रेशन जारी करने वाले इंसपैक्टर जनरल से जवाब-तलब किया है, उसने कैसे सिल्वर सॉइल प्रोजेक्ट की जमीन के सेल डीड जारी की, जबकि अदालत ने ऐसा न करने के स्पष्ट आदेश दिये थे और याचिकाकर्ता ने भी दोनों अधिकारियों को अदालती आदेश के बारे में जानकारी दी थी।

के 1 मार्च 2022 के आदेश के बाद भी करीब एक लाख वर्ग गज से भी अधिक जमीन का बेचान किया गया और सेल डीड भी बनाई गई।

उल्लेखनीय है कि सिल्वर सॉइल इंडस्ट्रियल पार्क प्राइवेट लिमिटेड में सत्यनारायण गुप्ता के साथ साथ दो अन्य निदेशक, तारा चंद चौधरी और अशोक श्री कृष्ण मुंद्रा भी थे, परन्तु आपसी विवाद के कारण इस मामले में कई तरह के सिविल सूट व एफ आई आर दर्ज कराई गई।

जैसा कि विदित है कि इस मामले में सत्यनारायण गुप्ता की ओर से कई बार गंभीर आरोप लगाए गए कि तारा चंद चौधरी, जो राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के पूर्व सचिव भवानी शंकर सामोता के रिश्तेदार भी हैं, ने अदालत से तथ्य छुपाते हुए और अदालत के इसी मामले में दिए गए 1 मार्च 2022 के आदेश की अवहेलना करते हुए सिल्वर सॉइल इंडस्ट्रियल पार्क प्राइवेट लिमिटेड का एक बड़ा भाग को भवानी शंकर सामोता को बेचा था। हालांकि भवानी शंकर सामोता ने बयान दिया था कि उन्हें इस मामले में चल रहे विवाद के बारे में कोई जानकारी नहीं थी।

यह भी उल्लेखनीय है कि सत्यनारायण गुप्ता ने गत गहलोत सरकार के पुलिस प्रशासन पर भी आरोप लगाए थे कि उन्हें एफ आई आर के जरिए डरा धमका कर, चुप रहने के लिए दबाव बनाया गया था क्योंकि भवानी शंकर सामोता वैभव गहलोत और पूर्व

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## राधाकृष्णन ने नामांकन भरा

नयी दिल्ली, 20 अगस्त। उप राष्ट्रपति चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार सी पी राधाकृष्णन ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस एतिहासिक मौके पर प्रधानमंत्री उप राष्ट्रपति उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन के प्रस्तावक बने।

इस अवसर पर उनके साथ मोदी

- राधाकृष्णन उपराष्ट्रपति पद के लिए सत्तारुढ़ एन.डी. ए. के प्रत्याशी हैं। उन्होंने नामांकन पत्र के चार सैट दाखिल किए।

के अलावा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा और राजग सहयोगी दलों के वरिष्ठ नेता तथा जनता दल यूनाइटेड से ललन सिंह और संजय झा, लोजपा (रामविलास) से

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# ‘‘इंटिग्रिटी बिल’’ के मार्फत बहुत ‘‘ऊंचा’’ और खतरनाक दांव खेला है सरकार ने?

## इस बिल ने न केवल विपक्षी दलों बल्कि सत्तारुढ़ पार्टी के सहयोगी दलों में भी खलबली मचा दी है

- बिल प्रस्तावित करता है कि चाहे प्रधानमंत्री हो, मुख्यमंत्री हो या कोई भी केन्द्रीय मंत्री हो, अगर वो किसी गंभीर अपराध (जिस में 5 साल तक की सजा का प्रावधान हो) में 30 दिन तक न्यायिक हिरासत में रहता है तो उसे स्वतः ही पद से हटा दिया जाएगा।
- विपक्षी दलों ने इसकी भारी आलोचना की और कहा कि इसका लक्ष्य विपक्ष शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों को निशाना बनाना है।
- विशेषज्ञों के अनुसार, यह बिल जांच अधिकारी का दर्जा प्रधानमंत्री से भी ऊपर बना देता है, जो संविधान के प्रावधानों के खिलाफ है।
- भारी आलोचनाओं के बीच कुछ नेताओं ने बिल की तारीफ भी की। कांग्रेस के सांसद शशि थरूर ने कहा कि उन्हें बिल में कुछ भी गलत नहीं लगता है। जन सुराज पार्टी के प्रशांत किशोर ने कहा कि यह अच्छा विधेयक है अगर कोई नेता आरोपी है और जेल में है तो वह पद पर नहीं रह सकता है।

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 20 अगस्त। संसद के मानसून सत्र के अंतिम चरण में, मोदी सरकार ने बुधवार को एक चौंकाने वाला कदम उठाते हुए तीन विवादास्पद विधेयक पेश किए, जिससे न केवल विपक्ष बल्कि सत्तारूढ़ गठबंधन के सहयोगी दलों में भी हलचल मच गई है।

इन प्रस्तावित विधेयकों के तहत यदि प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्री या राज्य के मुख्यमंत्री किसी गंभीर अपराध (गंभीर अपराध की परिभाषा ऐसे मामलों के रूप में दी गई है जिनमें पांच वर्ष या उससे अधिक की सजा का प्रावधान हो), के मामले में लगातार 30 दिन की न्यायिक हिरासत में रहते हैं तो उन्हें पद से स्वत: ही हटाया जा सकता है। एक अन्य विधेयक विशेष रूप से जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री को इसी आधार पर हटाए जाने का प्रावधान करता है।

यह घोषणा बिना किसी पूर्व परामर्श के की गई, न ही सहयोगी दलों से और न ही विपक्ष से कोई परामर्श किया गया है। इससे देश की राजनीतिक व्यवस्था में खलबली मच गई है। आलोचकों और विश्लेषकों का कहना है कि सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी बहाल करने की घोषित मंशा से परे, सरकार शायद अपनी रणनीति आगे बढ़ा रही है, जिसका लक्ष्य अपने सहयोगियों को असहज करना और सत्ता पर अपनी पकड़ मजबूत करना हो सकता है।

सरकार की ओर से इन विधेयकों को यह कहकर उचित ठहराया गया कि ये राजनीतिक जीवन में वही मानक लागू करेंगे जो पहले से ही सिविल सेवकों पर लागू हैं। एक सरकारी बयान में कहा गया, ‘‘जो लोग गंभीर आरोपों का सामना कर रहे हैं, उन्हें सत्ता में रहकर शासन पर प्रभाव डालने का अधिकार नहीं होना चाहिए।’’

संसद के भीतर कुछ नेताओं ने इस विचार का समर्थन भी किया। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने इस प्रस्ताव को ‘‘उचित’’ बताया और कहा, ‘‘अगर आप 30 दिन जेल में बिताते हैं, तो क्या आप मंत्री बने रह सकते हैं? ... मुझे इसमें कुछ गलत नहीं दिखता।’’

हालाँकि, विपक्ष इस कदम को कहीं अधिक खतरनाक मानता है। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने चेतावनी दी कि यह विधेयक ‘‘निर्दोष होने की

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## अग्नि 5 मिसाइल का सफल परीक्षण

नयी दिल्ली, 20 अगस्त। दुनियाभर में जारी उथल-पुथल के दौर के बीच भारत ने बड़ा कदम उठाया है। भारत ने बुधवार 20 अगस्त, 2025 को अग्नि-5 मिसाइल का सफल परीक्षण किया है। ये परीक्षण ओडिशा के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण केंद्र से सफलतापूर्वक किया गया है। अग्नि-5 मिसाइल के परीक्षण में सभी परिचालन

- अग्नि 5 भारत की सबसे ताकतवर मध्यम दूरी की मिसाइल है और एटम बम को भी ले जा सकती है।

और तकनीकी मानकों की पुष्टि हुई है। इस परीक्षण को भारत के स्ट्रैटिजिक फोर्स कमांड के तत्वावधान में पूरा किया गया है।

अग्नि-5 भारत की सबसे ताकतवर मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल है। ये मिसाइल परमाणु बम को अपने साथ ले जाने में सक्षम है और

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

**धैर्य कड़वा होता है, पर उसका फल मीठा होता है। –रूसो**

# राजस्थान : श्री अन्न उत्पादन में सिरमौर - उज्ज्वल भविष्य

राजस्थान सहित भारत में मोटे अनाज, जिन्हें श्री अन्न के रूप में जाना जाता है, ने हाल के वर्षों में अपनी पोषण शक्ति, पर्यावरणीय स्थिरता और आर्थिक संभावनाओं के कारण वैश्विक और राष्ट्रीय स्तर पर ध्यान आकर्षित किया है। 2024-25 में भारत ने 180.15 लाख टन मिलेट का रिकॉर्ड उत्पादन किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 4.43 लाख टन अधिक है। इस उत्पादन में राजस्थान ने अग्रणी भूमिका निभाई, जिसने न केवल देश में बल्कि वैश्विक मिलेट उत्पादन में भी अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज की। संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) 2023 के अनुसार, भारत दुनिया का सबसे बड़ा मिलेट उत्पादक है, जो वैश्विक उत्पादन का 38.4% हिस्सा देता है। राजस्थान, अपनी अनुकूल जलवायु, मिट्टी और पारंपरिक खेती की प्रथाओं के साथ, इस क्षेत्र में अग्रणी बनकर उभरा है। राजस्थान में श्री अन्न के उत्पादन, इसके स्वास्थ्य लाभ, जैविक खेती, पर्यावरणीय अनुकूलता, पशु आहार में उपयोग, सामाजिक-आर्थिक प्रभाव, नवीन खाद्य उत्पादों, युवा पीढ़ी के उत्साह, सरकारी सहायता, कम लागत उत्पादन और निर्यात में अग्रणी इसे महत्वपूर्ण बनाते हैं। राजस्थान का मरुस्थलीय और अर्ध-शुष्क जलवायु मिलेट की खेती के लिए आदर्श है। बाजरा, मक्का, ज्वार और रागी जैसे मोटे अनाज इस क्षेत्र में सदियों से उगाए जाते रहे हैं, क्योंकि ये कम पानी और न्यूनतम उर्वरकों की आवश्यकता के साथ कठिन परिस्थितियों में पनप सकते हैं। बाजरा, जो राजस्थान में सबसे अधिक उत्पादित मिलेट है, न केवल स्थानीय आहार का हिस्सा है, बल्कि यह पशु आहार और जैविक खेती के लिए भी महत्वपूर्ण है। 2024-25 में राजस्थान ने देश के कुल मिलेट उत्पादन में सबसे बड़ा योगदान दिया, जिसमें बाजरा का हिस्सा सर्वाधिक रहा। यह उपलब्धि केवल उत्पादन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके पीछे राज्य की पारंपरिक ज्ञान प्रणाली, किसानों की मेहनत और सरकार की नीतियों का समन्वय है।

मिलेट का सबसे बड़ा लाभ इसका पोषण मूल्य है। ये अनाज प्रोटीन, फाइबर, विटामिन (विशेष रूप से बी-कॉम्प्लेक्स) और खनिजों जैसे लोहा, कैल्शियम और मैग्नीशियम से भरपूर होते हैं। ग्लूटेन-मुक्त होने के कारण ये सीलिएक रोग से पीड़ित लोगों के लिए उपयुक्त हैं, और कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स के कारण मधुमेह रोगियों के लिए लाभकारी हैं। राजस्थान में, जहां कुपोषण एक गंभीर समस्या रही है, मिलेट ने स्थानीय आहार में पोषण की कमी को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस-4, 2015-16) के अनुसार, राजस्थान में 5 वर्ष से कम आयु के 39.1% बच्चे कद में छोटे थे, और 46.8% महिलाएं एनीमिया से ग्रस्त थी। इस श्री अन्न ने अर्थात मिलेट, विशेष रूप से ज्वार, बाजरा और मक्का, आयरन और कैल्शियम की पूर्ति में सहायक हैं, जिससे कुपोषण और एनीमिया को कम करने में मदद मिलती है। राजस्थान सरकार ने आंगनवाड़ी केंद्रों और स्कूलों में मिलेट आधारित भोजन को शामिल किया है, जैसे बाजरे की खिचड़ी और रागी के लड्डू, जो बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए पौष्टिक भोजन के रूप में परोसे जाते हैं।

मिलेट की खेती पर्यावरण के लिए भी अनुकूल है। ये फसलें कम पानी और उर्वरकों पर निर्भर होती हैं, जिससे यह रासायनिक खेती के पर्यावरणीय दुष्प्रभावों को कम करती हैं। राजस्थान में जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने कई पहल शुरू की हैं। 'राज किसान जैविक' मोबाइल ऐप, जैविक हाट (दुर्गापुरा, जयपुर), और जैविक आदान (ड्रम, बाल्टी, आदि) पर 50-75% सब्सिडी जैसी योजनाएं किसानों को प्रोत्साहित कर रही हैं। जैविक खेती न केवल मिट्टी की उर्वरता को बनाए रखती है, बल्कि यह जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपटने में भी मदद करती है। मिलेट की फसलें सूखा-सहिष्णु होती हैं और उच्च तापमान में भी अच्छा प्रदर्शन करती हैं, जो राजस्थान जैसे शुष्क क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण है। प्राकृतिक खेती के तहत नीति आयोग की पहल में राजस्थान में 17,900 से अधिक किसानों को प्रशिक्षण दिया गया है, और 13,946 किसानों को जैविक खेती के लिए उपकरण प्रदान किए गए हैं।

मिलेट का उपयोग केवल मानव आहार तक सीमित नहीं है, यह पशु आहार के रूप में भी महत्वपूर्ण है। राजस्थान, जो देश में दुग्ध उत्पादन में दूसरे स्थान पर है, पशुपालन के लिए मिलेट के अवशेषों और चारे पर निर्भर करता है। मक्का,बाजरे और ज्वार के डंठल पशुओं के लिए पौष्टिक चारा प्रदान करते हैं, जिससे डेयरी उद्योग को बढ़ावा मिलता है। जैसलमेर जिले में प्रति व्यक्ति 1,085 ग्राम दूध की उपलब्धता इस बात का प्रमाण है कि पशुपालन और मिलेट उत्पादन का गहरा संबंध है। इसका सामाजिक आर्थिक विकास में भी योगदान है, क्योंकि पशुपालन ग्रामीण परिवारों, विशेष रूप से छोटे और सीमांत किसानों, के लिए आय का एक अतिरिक्त स्त्रोत है।

> **मिलेट का सबसे बड़ा लाभ इसका पोषण मूल्य है। ये अनाज प्रोटीन, फाइबर, विटामिन (विशेष रूप से बी-कॉम्प्लेक्स) और खनिजों जैसे लोहा, कैल्शियम और मैग्नीशियम से भरपूर होते हैं। ग्लूटेन-मुक्त होने के कारण ये सीलिएक रोग से पीड़ित लोगों के लिए उपयुक्त हैं, और कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स के कारण मधुमेह रोगियों के लिए लाभकारी हैं।**

मिलेट का आर्थिक प्रभाव राजस्थान में गहरा है। यह छोटे और सीमांत किसानों के लिए कम लागत में खेती का एक व्यवहार्य विकल्प है। इस पारंपरिक खेती में लागत कम होती है, क्योंकि यह रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों पर कम निर्भर होती है। कृषि मशीनरी सब्सिडी योजनाओं, जैसे राष्ट्रीय कृषि विकास योजना और कृषि मशीनीकरण उप-मिशन (एसएमएएम), ने किसानों को कम लागत में उत्पादन बढ़ाने में मदद की है। इसके अलावा, मिलेट आधारित उत्पादों की बढ़ती मांग ने ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पैदा किए हैं। विशेष रूप से, महिला स्वयं सहायता समूहों और फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गनाइजेशन (एफपीओ) को मिलेट प्रसंस्करण और विपणन में शामिल किया गया है, जिससे उनकी आय में वृद्धि हुई है।

मिलेट आधारित नवीन खाद्य पदार्थों ने राजस्थान में खाद्य उद्योग को नई दिशा दी है। बाजरे के बिस्किट, रागी के नूडल्स, मक्का और ज्वार की खिचड़ी, और मिलेट आधारित स्नैक्स जैसे उत्पादों ने शहरी और ग्रामीण दोनों बाजारों में लोकप्रियता हासिल की है। स्टार्टअप्स और छोटे उद्यमियों ने मिलेट को आधुनिक उपभोक्ताओं की जरूरतों के अनुसार पुनर्जनन किया है। उदाहरण के लिए, जयपुर और उदयपुर जैसे शहरों में मिलेट कैफे और रेस्तरां खुल रहे हैं, जो पारंपरिक और आधुनिक व्यंजनों का मिश्रण पेश करते हैं। यह नवाचार न केवल खाद्य संस्कृति को समृद्ध कर रहा है, बल्कि स्थानीय किसानों को भी बाजार से जोड़ रहा है।

युवा पीढ़ी में मिलेट को लेकर उत्साह बढ़ रहा है। सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से, युवा उद्यमी और किसान मिलेट के लाभों को बढ़ावा दे रहे हैं। 'मिलेट एक्सपीरियंस सेंटर' जैसे पहल, जो दिल्ली हाट में स्थापित किया गया है, ने राजस्थान के युवाओं को प्रेरित किया है कि वे मिलेट आधारित व्यवसाय शुरू करें। इसके अलावा, सरकार द्वारा संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रम और एफपीओ गठन ने युवा किसानों को मिलेट की खेती और विपणन में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया है। राजस्थान के विश्वविद्यालयों और कृषि संस्थानों में मिलेट पर अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए विशेष पाठ्यक्रम शुरू किए गए हैं। केंद्र और राज्य सरकारों की सहायता ने मिलेट उत्पादन को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (एनएफएसएम) और पीएम-राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आरकेवीवाई) के तहत राजस्थान में मिलेट की खेती के लिए 8,000 करोड़ का आवंटन किया गया है। इसके अतिरिक्त, पीएम-एफएमई योजना के तहत 2,000 करोड़ और उत्पाद-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत 800 करोड़ का निवेश मिलेट प्रसंस्करण और मूल्यवर्धन के लिए किया गया है। राजस्थान सरकार ने अलग से कृषि बजट पेश किया है, जिसमें मिलेट उत्पादन और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रावधान हैं। 'राज किसान जैविक' ऐप जैसे डिजिटल उपकरणों ने किसानों को जैविक मिलेट के क्रेता-विक्रेता से जोड़ा है, जिससे उनकी पहुंच वैश्विक बाजार तक बढ़ी है। मोटे अनाज के निर्यात के क्षेत्र में राजस्थान ने उल्लेखनीय प्रगति की है। 2024-25 में भारत ने 89,164.96 टन मिलेट का निर्यात किया, जिसमें राजस्थान का योगदान प्रमुख रहा मक्का,बाजरा, ज्वार और रागी जैसे मिलेट की मांग मध्य पूर्व, यूरोप और उत्तरी अमेरिका में बढ़ रही है। एपीडा के नेतृत्व में निर्यात संवर्धन मंच और मिलेट निर्यातक पोर्टल ने राजस्थानी किसानों को वैश्विक बाजार से जोड़ा है। निर्यात से होने वाली आय ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया है और किसानों की आय में 20-30% की वृद्धि दर्ज की गई है।

हालांकि, मिलेट उत्पादन और विपणन में कई चुनौतियां भी हैं। पहली चुनौती है जागरूकता की कमी। शहरी उपभोक्ताओं में मिलेट के पोषण लाभों के बारे में जानकारी का अभाव है, जिसके कारण इसकी मांग अभी भी सीमित है। दूसरी चुनौती है प्रसंस्करण और भंडारण की कमी। मिलेट की शेल्फ लाइफ को बढ़ाने और गुणवत्ता बनाए रखने के लिए आधुनिक तकनीकों की आवश्यकता है। तीसरी चुनौती है वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धा। अन्य देश, जैसे अफ्रीकी राष्ट्र, भी मिलेट निर्यात में सक्रिय हैं, जिससे भारत को गुणवत्ता और कीमत में प्रतिस्पर्धा करनी पड़ रही है। इसके अलावा, छोटे और सीमांत किसानों के लिए उच्च उपज वाली किस्मों और आधुनिक उपकरणों तक पहुंच सीमित है, जिसे दूर करने के लिए और अधिक निवेश की आवश्यकता है।

इन चुनौतियों के बावजूद, राजस्थान में मिलेट का भविष्य उज्ज्वल है। सरकार, किसान, और निजी क्षेत्र के संयुक्त प्रयासों ने श्री अन्न को एक टिकाऊ और लाभकारी फसल के रूप में स्थापित किया है। मिलेट न केवल पोषण और स्वास्थ्य का आधार है, बल्कि यह पर्यावरणीय स्थिरता, सामाजिक-आर्थिक विकास, और वैश्विक बाजार में भारत की स्थिति को मजबूत करने का एक सशक्त माध्यम भी है। राजस्थान, अपनी पारंपरिक खेती की विरासत और आधुनिक नवाचारों के साथ, इस क्षेत्र में नेतृत्व करने के लिए तैयार है। केंद्र और राज्य सरकारों की नीतियां, युवा पीढ़ी का उत्साह, और वैश्विक मांग का बढ़ता रुझान मिलकर श्री अन्न को एक नई पहचान दे रहे हैं, जो न केवल राजस्थान बल्कि पूरे भारत के लिए गर्व का विषय है।

**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र मोहन शर्मा**
**वरिष्ठ साहित्यकार, शिक्षाविद् और चिन्तक**

# अलबेला मुल्क हमारा



**महावीर सिंह**

शहरों में बहुत सी पॉपुलर चाय, पान की दुकानें, थड़िया, प्रात: टहलने वालों के समूह, गांवों में पीपल - बड़ के गट्टों पर बैठे ताशपत्ती खेलने वालों के समूह देश-विदेश के ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा करते मिल जाएंगे। ऐसे मुद्दों पर लोगों की राय जानने के बेहतरीन अवसर प्रदान करते है। इन्हीं समूहों में चली चर्चाओं, बहसों के कुछ अंश इस लेख में दिए जा रहे है::--

आजकल आए दिन कोई न कोई बाबा, मौलवी, धर्माधिकारी, कथावाचक, --- बहन, बेटियों, बीवियों के पहनावे, चरित्र पर तरह-तरह से ज्ञानवृद्धि कर रहे है। ऐसी ऐसी बातें कहीं है जिन्हें यहां लिखना पढ़ने वालों की तोहीन होगी। इन कथावाचकों, मौलवियों, तरह-तरह के सिद्ध आचार्यों आदि की जबान को आशाराम, राम रहीम और न जाने ऐसे कितनो के खिलाफ एक शब्द बोलने से पहले लकवा क्यों मार जाता है? इन आशा रामों, राम रहीमों को कितनी आसानी से जमानत, दर्जनों बार पैरोल मिल जाता है!!!??? एक आदमी को तो, चुनाव आए नहीं, उसका जन्मदिन आया नहीं, झट पैरोल मिल जाती है। क्या जबरदस्त सेटिंग-वेटिंग है सेटिंग की सरकारों से।

क्या इन्होंने जो बहुचर्चित कारनामें किए है, उनमें, इन सत्ता में बैठे बड़े लोगों की भी किसी किसी प्रकार से भागीदारी होती है क्या? यह आम आदमी पूछता रहता है। हम हिन्दू भाई मंदिर में भी बाहुबल दिखाने से नहीं चूकते। किसी वार-त्योंहार पर मंदिर जाए। बिना धक्का-मुक्की के दर्शन कर लें तो ही समझो कि, शायद, भगवान जी आप पर बहुत ही मेहरबान है। भगवान के दर्शन के लिए इतनी धक्कम-धक्की, लगता है, हम हिन्दुओं का इस काम पर एकाधिकार है। एक सज्जन का कहना था कि इतनी कठिनाइयों के बीच जो श्रद्धालु दर्शन किए बिना नहीं जाते तो भगवान जी का कोमल हृदय तो उन पर पिघलेगा, आशीर्वाद, मनचाहा वरदान देगा ही। जय श्री राम, जय श्री कृष्ण, जय दुर्गा मैया। क्रम लिखने में कोई प्रोटोकॉल संबंधी गलती हो तो इस नादान को माफ करते हुए, आप ही, शांति से, सुधार कर लेना।

वैसे यों ही, चलते-चलते एक बात कह दी किसी ने की चर्चों, मस्जिदों में, गुरुद्वारों में दर्शनों के लिए इतनी धक्का-मुक्की क्यों नहीं होती??? कुछ सूरमा आए दिन फतवा जारी करते रहते है कि कब-कब क्या क्या नहीं खाना। इस बार किसी बड़े सूबे की सरकार ने उनकी बात सुन ली। एक पुराना, विस्मृत आदेश निकाल कर फतवा जारी कर ही दिया कि 15 अगस्त, आजादी के दिन मांस-मच्छी सेवन निषेद्य। आजादी के दिन खाने-पीने की आजादी खत्म। कर लो क्या करोगे?

न्यायालयों के भी कुछ फैसले जन चर्चा के मुद्दे बनते ही रहते है। कबूतर खाने कहां होंगे या नहीं होंगे और होंगे तो कहां-कहां? इसका फैसला भी उच्च या उच्चतम न्यायालय ही करे और वह भी धार्मिक और पक्षी प्रेमी संगठनों से पूछ के करे? तो फिर यह नगर निगम या उनसे उपर बैठी सरकार क्या करती है? चर्चाओं में सुन -- करते है न, विज्ञापनों के माध्यम से नेताओं के चिकने-चुपड़े चेहरों को बड़े अखबारों, टीवी चैनल्स पर दिखाना और उनके द्वारा स्वर्ग जैसा हिंदुस्तान बना देने की शेखी बघारने को सुनाते रहना।

दिल्ली में कुत्तों के संबंध में भी कोई निर्णय हुआ। इन्हें शेल्टर होम भेजने के निर्देश दे दिया, सुप्रीम कोर्ट ने और पशु प्रेमी, राजनेता लोग हो गए आक्रोशित, आंदोलित?? वैसे, अगर, सड़कों पर लोग कुत्ता प्रेम दिखाते हुए, बिस्किट्स खिलाते हुए दिखें और दूसरा कोई ऑब्जेक्शन करे तो उसे क्या सुनना पड़ सकता है, कोई अंदाज है--- सबसे कॉमन है,अबे चल अपना काम कर, खुद नहीं कर सकता तो दूसरों को तो करने दे, इन निरहि प्राणियों की सेवा---। वैसे कुत्ते भी फाइव स्टार फूड के अभ्यस्त हो गए, ऐसे वैसी बिस्किट्स, पुरानी बासी रोटी - सब्जी आदि की तरफ आंख भी नहीं उठते!!! फैसले का विरोध करने वालों के खिलाफ, अवमानना की कार्यवाही होगी क्या? खबर तो छापी है, होगी या पर क्या पता, नहीं भी हो ??? आदेश तो है, किसी इलाके में आवारा कुत्ता घूमता हुआ नहीं दिखना चाहिए --(आंकड़ों पर नजर डालें, बड़े भयावह है -- 2024 में 37 लाख से ज्यादा डॉग बाइट, 54 लोगों की डैथ, रोजाना 10 हजार से अधिक काटने के केसेज!!!!) फिर भी स्थानीय, प्रदेशीय और केंद्रीय सरकारी नहीं जागें तो क्या करेगा कोर्ट, फिर चाहे वह छोटा हो, बड़ा हो, क्या फर्क पड़ता है?

इतिहास से गड़े मुद्दे निकाल कर लड़ना, हमारा पसंदीदा खेल है। कई बोलने वाले शूरवीर अखंड भारत की सीमाओं के अनुसार अखंड देश बनाने के जोशीले भाषण हमेशा देते रहते है। कौन सा अखंड भारत कौन सी सीमाएं यह मत पुछ लेना। ज्यादा कोई पूछे तो अखंड भारत माता का एक कालजई चित्र है, राजा रवि वर्मा का उसकी सीमाएं बता देते है। इस से गहरे इतिहास ज्ञान की न उनको जरूरत और न उनके तय श्रोताओं को। भूतकाल पर गर्व करते रहना - उस में ही आत्म मुग्ध रहना हमें स्वर्ग में रहने जैसा सुख देता है। भूत कल में हम परमाणु बम, सबसे आधुनिक मिसाइल, इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के बारे में, रोबोट, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, मानव रोग निदान के वर्तमान में ज्ञात सारे उपचार - सर्जरी का जाएं प्राप्त कर चुके थे आदि आदि। अत्याधुनिक हथियार बनाना हमारे पूर्वजों का बांए हाथ का खेल था। यह जो ब्रह्मोस, तेजस, अग्नि आदि पर जो गर्व करते है न, वो सब पहले से ही हमारे, देव रचित धर्म शास्त्रों में वर्णित है। थे। कुछ अक्ल के दुश्मन पूछ लेते है, फिर ऐसा क्या हुआ कि इन सिकंदर, हूण, कुषाण, शक, मुसलमान, मुगल, अंग्रेज - आदि ने हमारे अखंड भारत की सीमाएं पार कैसे की???

एक तो ऐसे शूरवीर हैं जो अब भी,आजादी के 78 साल बाद भी यह कहते नहीं अघाते कि गुलामी के सारे अंश मिटा कर मानेंगे। एक ने धीरे से पूछा कितनी कब्रें ओर खोदनी है, कितने मस्जिद, चर्च आदि ढहाने हैं। कइयों को इनके नीचे भी मंदिरों के होने के सपने तो आते रहते हैं!!! वैसे हमारा इतिहास इस प्रकार के मुद्दों से भरा पड़ा है। सदियों तक, नेताओं, तथाकथित सांस्कृतिक संगठनों को मसाला - काम मिल सकता है -- खोदा खादी, तोड़ने-फोड़ने के लिए। वैसे शुक्र है अभी अंग्रेजों की बनाई इमारतों, चर्चों, शिक्षण व चिकित्सा संस्थानो पर इन शूरवीरों की नजर नहीं पड़ी। वैसे वर्तमान में इतिहास पुनर्लेखन, संस्कृतिकरण कार्य द्रुत गति से चल रहा है। जल्दी ही विदेशियों के पिछलगुओं द्वारा लिखे इतिहास से मुक्ति मिल जाएगी। हल्दीघाटी युद्ध में महाराणा प्रताप को विजयी घोषित करने में कोई दिक्कत नहीं। खानवा युद्ध में भी बाबर की विजय के स्थान, कम से कम, युद्ध को अनिर्णीत तो दिखाया ही जा सकता है। इब्राहिम को, इस युद्ध के अनिर्णय का दोषी तो ठहराया ही जा सकता है। इसी प्रकार से दूसरे तथ्यों का शुद्धिकरण कर, गलत तथ्यों को हटा दिया जाएगा। सभी मंत्री, सहलाकर, अहलाकर लोग रात ओर दिन इस राष्ट्र उत्थान कार्य में लगे हुए है। भारत विभाजन का एक नया नैरेटिव उछला है। वह जो राजा रवि वर्मा के चित्र में अखंड भारत की सीमाएं है, उन्हें किसने भंग की ---- कुछ कहते हैं कांग्रेस, माउंटबेटन से मिल कर नेहरू और जिन्ना ने यह किया, कुछ का कहना है वीर सावरकर, हिंदू महा सभा, जिन्ना ने यह किया। आने वाले दिनों में सड़कों पर इसका भी फैसला हो ही जाएगा। वैसे कई इतिहासकारों का मानना है कि भारत विभाजन के लिए ब्रिटिश सरकार, जिन्ना व हिन्दू महासभा, मुख्य रूप से जिम्मेदार थे। ऐतिहासिक व भौगोलिक दृष्टि से यह, उस समय की, धरातलीय सच्चाई का मूर्त रूप था।

ऐसे समूहों में संविधान पर बात न हो ऐसा हो नहीं सकता। देखते ही देखते, इत्मीनान से चाय की चुस्कियां लेने वाले दो समूहों में बंट गए। एक का कहना था भारत का संविधान में किसान, मजदूर, व्यापारी, व्यवसाई, एस सी, एस टी, ओबीसी,सभी भाषा बोलने वालों, सब को उन्नति के अवसर देता है। सभी धर्मों का बराबर सम्मान करता है, राज कार्य में धर्म आधार पर निर्णय नहीं होकर संविधान के अनुसार कम होता है। एक व्यक्ति एक मत,अब को समान अधिकार। कानून अब के लिए बराबर। दूसरे पक्ष का कहना था कि इसमें भारतीय सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, शास्त्रीय मूल्यों का सर्वथा अभाव, पूर्णत: भारतीयता विहीन।

जन्म कुंडली देख कर इलाज का पवित्र कार्य तो वर्षों पहले से चल रहा है। अब तो अपराधियों की जन्म से, उनकी पूरी अपराध कुंडली खुल जाएगी और भविष्य में उनको क्या क्या अपराध करने हैं इन सब बातों का पता चल जाएगा। समाज पूर्णत: अपराध मुक्त!! जो काम भगवान श्री राम, श्री कृष्ण भी लाख कोशिश करके नहीं कर पाए, वो अब होगा। फिर इतनी पुलिस की क्या जरूरत रह जाएगी??

जन्माष्टमी का शुभ दिन था। एक प्रात: भ्रमणकारी भाई ने दूसरे से कहा, जय श्री कृष्ण --- दूसरे ने बुलंद आवाज में कहा, जय जय श्री राम बोलो पहले फिर जय कृष्ण। तीसरा दूर से ही बोला श्रीराम, श्रीकृष्ण दोनों गंगा मैया की देन है और गंगा मैया को धरती पर लाए जय बम भोले, सो, सबसे पहले बोलो जय श्री बंब भोले, जय श्री बंब भोले। अब चल पड़ी बहस, आधे घंटे चली। बीच में एक बंगाली बाबू भी कूदे। सब की मैया जय काली मैया, डुबो दे दुश्मन की नैया। मैया नहीं तो कोई नहीं, सबसे बड़ी है मैया।

जन्माष्टमी पर गौ माता के बारे में बात न हो तो, ठीक नहीं। कुछ सिरफिरे पूछते है कि यह गोरक्षक छोटे मोटे व्यापारी,चरवाहों पर शौर्य प्रदर्शन करते है, क्यों नहीं बूचड़खानों पर धावा बोल, एक झटके में पूरा कर देते यह रोज रोज का झंझट। वैसे एक आदमी में बताया कि गौरक्षकों की चौकियां बनी हुई है, एक से आगे दूसरे को सूचना पहुंचती है । कहां कितनी चुंगी दे दी,कितनी बाकी, इसका ब्यौरा भी होता है। झगड़ा होता है चुंगी के न देने पर वरना सारा काम 100 प्रतिशत ईमानदारी का है। वैसे सदियों से चलते आ रहे प्रसिद्ध परबतसर मेले में भी इन शूरवीरों ने खूब काम किया है। धीरे-धीरे बंद कराके ही मानेंगे।

पशु पालकों को जरूर नुकसान होगा, सो उन्हें अभी से मांग उठा देनी चाहिए, नुकसान भरपाई की --- पशु पालक सम्मान निधि की।


आजकल स्वदेशी, आत्म निर्भर भारत पर चर्चा जोरों पर है। पाठकों को स्मरण होगा, त्यौहारों के अवसर पर, व्यापारी संगठन बड़े जोर-शोर से विदेशी उत्पादों का बहिष्कार। व देशी उत्पादों की खरीदी का आव्हान किया जाता है। बात बहुत छोटी सी है, कहो सरकार से कि उनकी लिस्ट के अनुसार उत्पादों का आयात पूर्णत: बंद करे।

लेकिन कुछ सोसल मीडिया शुरवीर व संगठन आव्हान कर रहे है कि किसी विदेशी ब्रांड उत्पादन की खरीदी नहीं करे। शायद सारे विदेशी ब्रांड वाले अधिकांश उत्पादों का उत्पादन भारत में, भारतीयों द्वारा किया जाता है। फिर इन कारखानों, श्रमिकों का क्या होगा?? एक फक्कड़ से आदमी ने यों ही एक प्रश्न उछल दिया -- हर दृष्टि से पूर्णत: 100 स्वदेशी करना तो सरकार के हाथ की बात है। विदेश से 0 प्रतिशत आयात, 100 प्रतिशत निर्यात, कोई सच्चा भारतीय विदेशी नागरिक नहीं बनेगा और जो बन गए उन्हें ले जाए गए मल असबाब सहित वापिस आने का हुक्म दो, विदेशों में पढ़ाई बंद, जो पढ रहे है उन्हें वापिस बुलाओ। उसका कहना है, यह कर के देखो और फिर देखना भारत भी, इस अमृत काल में, भूतकाल वाली सी सोने की चिड़िया न बन जाए तो, मात्र 5,10 साल में और 100ड्ड, शर्तिया 2047 से पहले।

एक ने धीरे से पूछा, यह जो लोग विदेशों में है, वे लोग देश आकर करेंगे क्या?? दूसरे ने भी उतने ही धीमे स्वर में कहा देख, कोई गरीब मजदूर तो वहां हैं नहीं, सब बड़े आदमी या उनके बच्चे है। चिंता मत कर। व्यवसाई आकर व्यवसाय करेंगे, उद्यमी कोई कल कारखाना लगा लेंगे, जिनमें बाकी को नौकरी मिल जाएगी। ओर जो नेताओं के लड़के-लड़कियां है वे मां-बाप की राजनीति में सहयोग देंगे। यह धंधा खूब फले - फूलेगा जब तक 80ड्ड भारतीयों को मुफ्त राशन व दूसरी सो कॉल्ड फ्रीबीज मिलती रहेंगी -- अमर रहे लोकतंत्र हमारा, एक वोट का समान अधिकार सबको -ओर बाकी कोई लोड नहीं, सब चंगा सी।

**–महावीर सिंह, पूर्व आई एस**

# विशेष गहन पुनरीक्षण : जनता की सेवा में



**सी.पी. जोशी**

भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण लोकतंत्र में चुनावों को लेकर विवाद होना स्वाभाविक है, लेकिन ये विवाद लोकतंत्र को कमजोर नहीं करते, बल्कि उसकी जीवंतता को और मज़बूत करते हैं। यह साबित करते हैं कि पारदर्शिता और निष्पक्षता लगातार परखी और सुरक्षित की जा रही है। इस जीवंतता को बनाए रखने के लिए संवैधानिक संस्थाओं को समय-समय पर नये कदम उठाने और नवाचार करने की आवश्यकता होती है। हाल ही में चुनाव आयोग (ईसीआई) द्वारा शुरू की गई विशेष गहन पुनरीक्षण ऐसी ही एक पहल है।

24 जून 2025 को चुनाव आयोग ने बिहार विधानसभा चुनावों से पहले पूरे राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण कराने के दिशा-निर्देश जारी किए। आयोग ने संविधान के अनुच्छेद 324 और जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 21 के तहत अपने अधिकारों का उपयोग करते हुए यह सुनिश्चित करने की पहल की कि मतदाता सूची में केवल वैध मतदाता ही शामिल हों।

यह कदम इस बात को दर्शाता है कि चुनाव आयोग एक पूर्णत: स्वतंत्र संवैधानिक संस्था है, जो सरकार से पूरी तरह अलग होकर कार्य करती है। इस कदम की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। पिछले वर्षों में बार-बार ऐसी रिपोर्ट सामने आई हैं कि अवैध प्रवासी और अयोग्य लोग मतदाता सूची में शामिल हो रहे हैं। यह न केवल चुनावों की पवित्रता को कमजोर करता है बल्कि कई महत्त्वपूर्ण राज्यों में जनसांख्यिकी और सामाजिक-आर्थिक संतुलन को भी प्रभावित करता है। इस कारण मात्र एक नौकरशाही प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह निष्पक्षता और जन विश्वास बहाल करने का एक आवश्यक सुधारात्मक कदम है। विशेषकर बिहार जैसे राज्य के लिए, जहां पिछली बार ऐसा बड़ा संशोधन 2003 में हुआ था, यह अद्यतन काफी देर से हो रहा है।

यह रेखांकित करना भी आवश्यक है कि इस संबंध में आयोग के फैसलों की कोई जिम्मेदारी केंद्र सरकार पर नहीं आती। विपक्ष द्वारा बार-बार केंद्र और आयोग के निर्णयों को जोड़कर देखने की कोशिश संविधान की संरचना के विपरीत है। चुनाव आयोग न तो संसद के प्रति और न ही कार्यपालिका के प्रति अपने रोज़मर्रा के निर्णयों में जवाबदेह है। इसके फैसलों को केवल न्यायपालिका के समक्ष, चुनाव याचिका या संविधान के अनुच्छेद 32 और 226 के अंतर्गत दायर रिट द्वारा ही चुनौती दी जा सकती है। यही स्वतंत्रता आयोग की विश्वसनीयता सुनिश्चित करती है और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को राजनीतिक हस्तक्षेप से बचाती है।

एक व्यापक संदेश भी देता है- कि बदलती वास्तविकताओं के अनुसार निरंतर चुनावी सुधार आवश्यक हैं। जैसे-जैसे तकनीक बदल रही है और प्रवासन के पैटर्न बदल रहे हैं, मतदाता सूचियों को भी इनके अनुसार अद्यतन किया जाना चाहिए। साथ ही आयोग को दो महत्त्वपूर्ण जिम्मेदारियों में संतुलन बनाए रखना होगा-एक ओर नागरिकों के मतदान अधिकार की रक्षा और दूसरी ओर व्यवस्था में मौजूद खामियों और अवैधताओं को दूर करना। हर नाम को हटाना या बनाए रखना, नागरिकों के लोकतंत्र पर विश्वास को सीधे प्रभावित करता है।

1950 से ही चुनाव आयोग भारत की सबसे विश्वसनीय संस्थाओं में से एक रहा है। बिहार में इस लंबे समय से लंबित सुधार को लागू करके आयोग ने साफ, पारदर्शी और निष्पक्ष चुनावों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुन: स्थापित किया है। चुनौतियाँ आना स्वाभाविक हैं, लेकिन इन्हें लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा मानना चाहिए, न कि बाधा।

केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं है, यह भारत की लोकतांत्रिक आत्मा का पुन: उद्घोष है। पुरानी और त्रुटिपूर्ण मतदाता सूचियों को दुरुस्त कर आयोग ने चुनावी वैधता की नींव को और मजबूत किया है। और स्वतंत्र रूप से ऐसा करके, आयोग ने यह सिद्धांत फिर से स्थापित किया है कि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में मत की पवित्रता सर्वोपरि है।

**सी.पी. जोशी**
**लोकसभा सांसद।**

# मसूदा-देवमाली सड़क मार्ग गड्ढ़ों से हो रहे हैं हादसे

- **30 अगस्त को देवमाली में ऐतिहासिक मेला भरने जा रहा है, इस मार्ग पर रोजाना हजारों श्रद्धालु पैदल आते हैं**
- **इस सड़क मार्ग पर 24 घंटे लोगों का आना-जाना रहता है**

**मसूदा,** (निसं)। मसूदा देवमाली सड़क मार्ग रामगढ़ चौराहे सेरेबारियों की ढाणी के निकट जगह जगह गहरे गड्ढे होने के कारण आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं।

इस मार्ग से गुजरने वाले ग्रामीण एवं वर्तमान में भगवान देवनारायण मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। सैकड़ों यात्रियों का पैदल जत्था मुख्य सड़क मार्ग के बीच में गहरे गड्ढे से वाहनों से गुजरते हैं। ग्राम पंचायत देवमाली में हर वर्ष भरने वाला इस वर्ष 29 व 30 अगस्त को ऐतिहासिक महत्व रखने वाले भगवान देवनारायण मेले में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की आवाजाही रहेगी, लेकिन मेले को लेकर प्रशासन सचेत नजर नहीं आ रहा है। इस सड़क मार्ग पर 24 घंटे लोगों का आना-जाना रहता है।

अचानक गड्ढा दिखाई देने पर वाहन चालक बचने का प्रयास करते हैं ऐसे में आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। यह रोड मसूदा नगर पालिका के अधीन आने के बावजूद स्थानीय प्रशासन एवं स्थानीय नेताओं की नींद नहीं खुल रही है।

जबकि इस मार्ग से कई स्थानीय नेता एवं प्रशासनिक अधिकारी इस सड़क मार्ग से लंबे समय से गुजर रहे हैं। सड़क के दोनों और मलबे का ढेर लगा होने से दुर्घटना को न्यौता दिखाई दे रहा है।

## राशिफल



**पंडित अनिल शर्मा**

### गुरूवार 21 अगस्त, 2025

भाद्रपद मास, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2082, पुष्य नक्षत्र रात्रि 12:09 तक, व्यतिपात योग सायं 6:14 तक, वणिज करण दिन 12:45 तक, चन्द्रमा कर्क राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-सिंह, चन्द्रमा-कर्क, मंगल-कन्या, बुध-कर्क, गुरू-मिथुन, शुक्र-मिथुन, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग, अमृत सिद्धि योग और गुरू पुष्य योग सूर्योदय से रात्रि 12:09 तक है। आज भद्रा दिन 12:45 से रात्रि 12:20 तक रहेगी। आज अघोरा चुतरदशी व्रत, व्यतिपात पुण्य, गुरू पुष्य योग, मास शिवरात्रि है। जैन पर्युषण (पंचमी पक्ष) आरम्भ।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ सूर्योदय से 7:41 तक, चर 10:54 से 12:30 तक, लाभ-अमृत 12:30 से 3:43 तक, शुभ 5:14 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 6:05, सूर्यास्त 6:55



**मेष**
घर-परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए यात्रा संभव है।



**वृष**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**मिथुन**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। परिवार में वाद-विवाद टालना ठीक रहेगा।



**कर्क**
व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।




**सिंह**
आज अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। मन में असंतोष बना रहेगा। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। वाणी पर संयम रखना ठीक रहेगा।




**कन्या**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक सफलता से मनोबल बढ़ेगा। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।




**तुला**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**वृश्चिक**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक सफलता से मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।




**धनु**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में परेशानी हो सकती है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। आज बनते कार्य बिगड़ सकते हैं।



**मकर**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। शुभ कार्यों से संबंधित यात्रा संभव है।



**कुंभ**
स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। अस्त-व्यस्त कार्य व्यवस्थित होने लगेंगे। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**मीन**
व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। व्यावसायिक कार्य सुगमता से संपन्न होंगे। चलते कार्यों में प्रगति होगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।

# नगरीय विकास मंत्री ने हाऊसिंग बोर्ड की पांच नई आवासीय योजनाएं लॉन्च की

## बूंदी, बारां, बाड़मेर, धौलपुर और उदयपुर में विकसित की जाने वाली इन योजनाओं के 667 नए आवास बनाए जाएंगे : झाबर सिंह खर्रा

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने बुधवार को राजस्थान हाऊसिंग बोर्ड की बहुप्रतीक्षित 5 आवासीय योजनाओं का शुभारम्भ किया। प्रदेश में बूंदी, बारां, बाड़मेर, धौलपुर और उदयपुर में इन योजनाओं में कुल 667 आवास/फ्लैट्स तैयार किए जाएंगे। मंत्री खर्रा ने इन योजनाओं की शुरुआत करते हुए कहा कि यह केवल निर्माण नहीं, बल्कि प्रदेशवासियों को सुरक्षित और सुविधायुक्त जीवन की ओर ले जाने वाला कदम है। उल्लेखनीय है कि मई माह में ही मण्डल ने 427 आवासों की 5 आवासीय योजना जयपुर, बारां, बूंदी और धौलपुर में शुरु की थी।



नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने बुधवार को राजस्थान हाऊसिंग बोर्ड की 5 आवासीय योजनाओं का शुभारम्भ किया।

- राजस्थान सरकार दे रही हर वर्ग को सम्मानजनक और आधुनिक आवास का अवसर : यूडीएच मंत्री
- आवास का सपना साकार करने के लिए हाऊसिंग बोर्ड आमजन की पहली पसंद : सुमित गोदारा

मंत्री खर्रा ने बताया कि बूंदी जिले की नैनवा आवासीय योजना में विभिन्न आय वर्ग के लिए 72 स्वतंत्र आवास तैयार होंगे, जिनकी लागत 7 लाख 80 हजार से शुरू होगी। इसी तरह बारां जिले की अटरू आवासीय योजना में विभिन्न आय वर्ग के लिए 189 स्वतंत्र आवास बनेंगे, जिनकी लागत 7 लाख 60 हजार से प्रारंभ होगी। बाड़मेर जिले की लंगेरा आवासीय योजना में ईडब्ल्यूएस, एलआईजी आय वर्ग के लिए 200 स्वतंत्र आवास तैयार होंगे, जिनकी लागत 8 लाख 61 हजार से शुरू होगी।

धौलपुर जिले की बाड़ी रोड योजना में ईडब्ल्यूएस, एलआईजी (जी-3) आय वर्ग के लिए 64 फ्लैट्स बनेंगे, जिनकी लागत 12.45 लाख रु. होगी। उदयपुर जिले की पानेरिया की मादड़ी में ईडब्ल्यूएस, एलआईजी (जी-3) आय वर्ग के लिए 142 फ्लैट्स बनेंगे, इनकी लागत 11 लाख 68 हजार से शुरू होगी।

मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार हर वर्ग को आवास उपलब्ध कराने के लिए कृतसंकल्पित है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सिर्फ मकान नहीं दे रही, बल्कि एक सम्मानजनक जीवन का माध्यम दे रही है।

समारोह में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने भी शिरकत की। गोदारा ने कहा कि राजस्थान आवासन मण्डल आमजन के आवास के सपने को साकार करने के लिए आज भी पहली पसंद है।

उन्होंने मण्डल की योजनाओं की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए बीकानेर शिवबाड़ी में भी नवीन आवासीय योजनाओं को शुरू करने की मांग की।

समारोह में आवासन मण्डल के अध्यक्ष देबाशीष पृष्टि, आवासन आयुक्त डॉ. रश्मि शर्मा, सचिव डॉ. अनिल पालीवाल, मुख्य अभियंता अमित अग्रवाल, टीएस मीना, प्रतीक श्रीवास्तव सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि, आम नागरिक व मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# राजस्थान में बड़े स्तर पर विकसित हो रही अन्न भण्डारण क्षमता

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में 'सहकार से समृद्धि' के मार्ग पर बढ़ रहा प्रदेश

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। अन्नदाता किसान विषम परिस्थितियों में भी मेहनत कर हम सभी के लिए अन्न उपजाते हैं। लेकिन मौसम की बेरूखी और भण्डारण क्षमता के अभाव में कई बार उनकी उपज बर्बाद हो जाती है। किसानों की इसी परेशानी को ध्यान में रखते हुए राज्य में सहकारी क्षेत्र में बड़े स्तर पर गोदामों का निर्माण कर अन्न भण्डारण क्षमता विकसित की जा रही है।

'सहकार से समृद्धि' कार्यक्रम के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा सहकारिता क्षेत्र में विश्व की वृहत् अन्न भण्डारण योजना का संचालन किया जा रहा है। इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ पूर्ण रूप से राजस्थान के किसानों को मिले और उनकी उपज सुरक्षित रहे, इसके लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य में विशेष प्रयास किये जा रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा वित्त पोषित इस योजना के अंतर्गत उत्पादन की तुलना में अपेक्षाकृत कम भण्डारण क्षमता वाले जिलों को प्राथमिकता दी जा रही है।

राज्य सरकार की बजट घोषणा वर्ष 2024-25 में 500 मीट्रिक टन क्षमता के 100 गोदाम एवं 100 मीट्रिक टन क्षमता के 50 जीर्ण-शीर्ण गोदामों के निर्माण हेतु 31 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया। इसी प्रकार, बजट घोषणा वर्ष 2025-26 में अन्न भण्डारण हेतु 500 मीट्रिक टन क्षमता के 100, 250 मीट्रिक टन क्षमता के




50 एवं 100 मीट्रिक टन क्षमता के 100 जीर्ण-शीर्ण गोदामों के निर्माण हेतु 45 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत भी 500 मीट्रिक टन क्षमता के 48 गोदामों के निर्माण की अनुमति प्राप्त हो चुकी है।

योजना के अंतर्गत अन्न भण्डारण हेतु वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में कुल 1 लाख 61 हजार 500 मीट्रिक टन अतिरिक्त भण्डारण क्षमता सृजन का लक्ष्य है। वर्ष 2024-25 की बजट घोषणा के अंतर्गत 500 मीट्रिक टन क्षमता के घोषित 100 गोदामों में से 36 गोदामों का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। विगत 17 जुलाई को केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा इनमें से 24 गोदामों का लोकार्पण भी किया जा चुका है। वर्ष 2024-25 की ही बजट घोषणा के अंतर्गत 100 मीट्रिक टन क्षमता के 50 जीर्ण-शीर्ण गोदामों के पुनर्निर्माण का कार्य प्रक्रियाधीन है। इसी प्रकार, बजट घोषणा वर्ष 2025-26 में घोषित 500 मीट्रिक टन क्षमता के 100

- इस सुविधा से किसानों की चिन्ता मिटेगी, अन्न की बर्बादी रूकेगी और पैक्स की होगी आय

गोदामों में से 47 गोदामों तथा 250 मीट्रिक टन क्षमता के 50 गोदामों में से 47 गोदामों की स्वीकृति जारी की जा चुकी है। साथ ही, बजट घोषणा वर्ष 2025-26 अन्तर्गत घोषित 100 मीट्रिक टन क्षमता के 100 जीर्ण-शीर्ण गोदामों के पुनर्निर्माण के अन्तर्गत 82 गोदामों की स्वीकृति जारी की जा चुकी है। इन गोदामों को प्राथमिकता से किराये पर लिए जाने के लिए राष्ट्रीय स्तर की संस्थाओं नैफेड एवं एनसीसीएफ द्वारा आश्वासन पत्र प्रदान किया गया है। सहकारिता विभाग द्वारा भी सरकारी विभागों/संस्थाओं को प्राथमिकता देने के साथ-साथ गोदामों को निजी क्षेत्र को भण्डारण हेतु किराये पर दिये जाने का विकल्प खुला रखा है, जिसके संबंध में विभाग द्वारा एसओपी जारी की गई है।

नये गोदामों के निर्माण से किसानों को कम दामों पर अपनी उपज बेचने की मजबूरी से मुक्ति मिलेगी। साथ ही, ग्राम सेवा सहकारी समितियों के पास पर्याप्त भण्डारण व्यवस्था उपलब्ध होने से अनाजों की ढुलाई में आने वाली लागत भी कम होगी। वहीं, नये भण्डारणों के निर्माण से अनाज की बर्बादी रूकेगी और गोदामों के किराए से ग्राम सेवा सहकारी समितियों की आय भी बढ़ेगी।

# अमानक खाद, बीज और दवाई से किसानों को हुए नुकसान की भरपाई इन्हें बनाने वाली कंपनियों से हो : किरोड़ीलाल

## केन्द्रीय मंत्री कृषि मंत्री ने शिवराज सिंह व उर्वरक मंत्री जे.पी. नड्डा से की कानूनी प्रावधान करने की मांग

**जयपुर।** कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने दिल्ली में बुधवार को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा से मुलाकात कर अमानक खाद, बीज व दवाई के दुष्प्रभाव से किसानों को हुए नुकसान की भरपाई इन्हें बनाने वाली कंपनियों से करने का कानूनी प्रावधान करने की मांग की है।

उन्होंने कहा कि घटिया उत्पाद बनाने पर लाइसेंस निरस्त करने का नियम तो है, लेकिन यह प्रावधान नहीं है कि इससे उपयोग से किसानों को हुए नुकसान की भरपाई भी कंपनियों से ही हो। अमानक उत्पादकों से किसानों का उत्पादन तो कम होता ही है, जमीन की उर्वरता भी प्रभावित होती है। जब तक किसानों के इस दोहरे नुकसान की भरपाई कंपनियां नहीं करेगी तब तक इस ठगी पर पूरी तरह से लगाम नहीं लगेगी। किरोड़ीलाल ने कहा कि उन्होंने पिछले दिनों केंद्रीय कृषि मंत्री को पत्र लिखकर अमानक खाद, बीज व



कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने दिल्ली में बुधवार को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की।

पेस्टीसाइड बनाने वाली कंपनियों के खिलाफ कड़ा कानून बनाने की मांग की थी, जिस पर वे मुहर लगा चुके हैं। किरोड़ी ने इस प्रस्तावित कानून में किसानों को होने वाले नुकसान का मुआवजा घटिया उत्पाद बनाने वाली कंपनियों से वसूलने का प्रावधान जोड़ने की मांग की है। इस तरह की मांग उठाने

- इस तरह की मांग उठाने वाले किरोड़ी किसी भी प्रदेश के पहले कृषि मंत्री

वाले किरोड़ी किसी भी प्रदेश के पहले कृषि मंत्री हैं। किरोड़ी ने बताया कि हाल ही में केंद्रीय कृषि मंत्री के संज्ञान में आया था कि सोयाबीन में नकली दवाई डालने से किसानों की फसल नष्ट हो गई। इसे बनाने वाली कंपनी का लाइसेंस तुरंत प्रभाव से रद्द कर दिया। राजस्थान में भी केंद्रीय कृषि मंत्रालय की अनुशंसा पर इस कंपनी का लाइसेंस रद्द किया गया है। गौरतलब है कि राजस्थान में अमानक उत्पाद बनाकर किसानों को ठगने वाली कंपनियों के खिलाफ 29 मई से अभियान चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में किसानों के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई होगी।

# ई-रिक्शा से स्टंट कर पुलिस को चुनौती देने वाला गिरफ्तार

**जयपुर।** जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने थाना विद्याधर नगर पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई कर सोशल मीडिया पर ई-रिक्शा से खतरनाक स्टंट करने वाले एक शातिर को गिरफ्तार किया है। और साथ ही ई-रिक्शा भी जब्त किया गया है।

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) मनीष अग्रवाल ने बताया कि सीएसटी ने थाना विद्याधर नगर पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई कर सोशल मीडिया पर ई-रिक्शा से खतरनाक स्टंट करने वाले ई-रिक्शा चालक फरदीन कुरैशी निवासी बिलाल मस्जिद के पास आरके होटल भट्टा बस्ती को गिरफ्तार किया है। जो ई-रिक्शा चलाता है। आरोपित फरदीन लगातार स्टंट के वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड कर रहा था और पुलिस को खुली चुनौती दे रहा था। स्टंटबाजी के दौरान वह आमजन की जान को खतरे में डाल रहा था। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से स्टंट करने में प्रयुक्त ई-रिक्शा भी जब्त कर लिया है। पुलिस पूछताछ में आरोपित ने बताया कि उसका मकसद सोशल मीडिया पर फॉलोअर्स बढ़ाना था।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राजभवन कूच का प्रयास किया तो पुलिस ने शहीद स्मारक पर रोका

## प्रदेश में नगरीय निकाय और पंचायतीराज चुनाव शीघ्र करवाने की मांग

**जयपुर (कासं)।** राजस्थान में निकाय चुनाव और पंचायतीराज चुनाव समय पर करवाने की मांग को लेकर कांग्रेस नेताओं ने बुधवार को जयपुर में राजभवन कूच का प्रयास किया। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय से रवाना हुए कांग्रेस

- पुलिस के पुख्ता बंदोबस्त को देखकर कांग्रेस कार्यकर्ता भी जवानों से नहीं उलझे, वहीं सड़क पर शांति से बैठकर नारेबाजी की

कार्यकर्ताओं को पुलिस ने एम.आई. रोड स्थित शहीद स्मारक पर ही बैरिकेड लगाकर रोक दिया, जिससे नाराज कांग्रेस कार्यकर्ता वहीं सड़क पर धरने पर बैठ गए।

इसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपने हाथों में स्वराज बचाओ रैली, पंचायत और निकाय चुनाव करने की मांग, निकाय पंचायत चुनाव में दो बच्चों का नियम हटाने जैसे स्लोगन लिखी तख्तियां लहराई।

कांग्रेस के पैदल मार्च को देखते हुए शहीद स्मारक के बाहर पुलिस ने तगड़े बंदोबस्त किए थे और अतिरिक्त



कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगरीय और पंचायतीराज चुनावों की मांग करते हुए जयपुर में रैली निकाली।

पुलिस फोर्स तैनात की थी। इसके चलते कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी पुलिस के साथ उलझने का प्रयास नहीं किया और शांति के साथ वहीं सड़क पर धरने पर बैठे रहे।

इसके बाद राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेशाध्यक्ष सीबी यादव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल राजभवन पहुंचा और राजस्थान में नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव शीघ्र कराने सहित कई अन्य मांगों का लेकर अपनी बात रखी। निकाय-पंचायत चुनाव कराने की मांग को लेकर प्रदेश भर में चलाए गए हस्ताक्षर अभियान का ज्ञापन भी राज्यपाल को सौंपा गया।

इससे पहले प्रदेश कांग्रेसाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के पैदल मार्च को पीसीसी मुख्यालय के बाहर से रवाना किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता चरखा कातते हुए नजर आए। कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी की जयंती पर निकाय पंचायत चुनाव को लेकर उनके योगदान को याद करते हुए अपनी अपनी बात रखी।

# सरकारी कॉलेज को नवनिर्मित भवन में शिफ्ट करने की मांग

**जयपुर।** मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने जयपुर स्थित राजकीय महाविद्यालय को नवनिर्मित स्वयं के भवन में स्थानांतरित किए जाने के लिए मुख्यमंत्री को पत्र लिखा।

सराफ ने कहा कि राजकीय महाविद्यालय को नवनिर्मित स्वयं के भवन में स्थानांतरित किए जाने की ओर आकर्षित किया था। अब पुनः इस पत्र के माध्यम से इस बाबत आकर्षित करना चाहता हूं। वर्ष 2013 में पूर्ववर्ती सरकार द्वारा जयपुर में नये राजकीय महाविद्यालय खोले जाने का निर्णय लिया था। उस समय क्योंकि महाविद्यालय हेतु स्वयं का भवन नहीं था, इसलिए इस महाविद्यालय को गांधी सर्किल जेएलएन मार्ग स्थित राजा राम देव पोद्दार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के 09 कमरों में संचालित किए जाने का निर्णय लिया गया। पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के दौरान जब में उच्च शिक्षा मंत्री था तो इस राजकीय महाविद्यालय जयपुर को 6 मई 2015 को स्वयं के भवन के लिए 27876 वर्ग मीटर भूमि राजा रामदेव पोद्दार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में आवंटित की गई एवं महाविद्यालय भवन के निर्माण हेतु 100 करोड रुपए का बजट आवंटित किया। गया जिसमें प्रथम किस्त के रूप में 38 करोड रुपए जारी किए गये। जिससे महाविद्यालय भवन के लिए नींव, बेसमेंट एवं प्लिंथ लेवल तक 9.50 करोड रुपए खर्च किए गये। तत्कालीन पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा फरवरी 2022 में एक नया प्लान 355 करोड रूपये का लाया गया। जिसका नाम महात्मा गांधी सेंटर फॉर एक्सीलेंस कर दिया। जिसमें 100 करोड रुपए राजकीय महाविद्यालय जयपुर के स्वयं के भवन हेतु प्रावधान किया गया।12 वर्षों से संचालित राजकीय महाविद्यालय जयपुर में वर्तमान में लगभग 3000 विद्यार्थी अध्यनरत है जिसमें बी.बी.ए,बी.सी.ए, एम.बी.ए, स्नातकोत्तर भूगोल, प्राणी शास्त्र, संस्कृत एवं बी.ए, बी.एस.सी बी.कॉम कंप्यूटर साइंस जैसे पाठ्यक्रमों में विद्यार्थियों को प्रवेश दिए जा रहे हैं।

# सांसद सी.पी. जोशी ने नई अफीम नीति पर दिए सुझाव

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय, नॉर्थ ब्लॉक में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी की अध्यक्षता में वर्ष 2025-26 की नई अफीम नीति पर आज महत्वपूर्ण बैठक हुई।

बैठक में चितौडगढ़ सांसद सी.पी.जोशी भी शामिल हुए। सांसद जोशी ने अफीम किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए कई ठोस सुझाव रखे और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मजबूत नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार लगातार किसानों की आय बढ़ाने और उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि अफीम किसान हमारी अर्थव्यवस्था और परंपरा का अहम हिस्सा हैं। इसलिए अफीम नीति को भी इसी भावना से किसानों के हित में और अधिक पारदर्शी व व्यावहारिक बनाने की दिशा में लगातार काम हो रहा है। सांसद जोशी ने सुझाव दिया कि, अफीम नीति को सितम्बर माह के प्रथम सप्ताह में ही घोषित किया जाये, जिससे की किसानों को खेत तैयार करने का पर्याप्त समय मिल पाये तथा इसके साथ लाईसेंस के लिये पात्र सभी किसानों के नाम अफीम नीति घोषित होते ही ऑनलाईन प्रदर्शित होनी चाहिए। लाईसेंस भी किसान के पास ऑनलाईन ही पंहुच जाना चाहिये।

अफीम की खेती से जुड़े सभी प्रकार के कार्यो में कोई गड़बड़ी या अनियमितताएं नही हो, इसके लिये प्रभावी मोनिटरिंग हो।

गड़बड़ी करने वाले अफसरों पर कठोर कार्रवाई का प्रावधान रखा जाए। विभिन्न प्रकार से होल्ड किये गये लाईसेंस को 0 प्रतिशत पर बहाल किया जाये।

8/29 में आवश्यक संशोधन किया जाये, जिससे इसका दुरूपयोग ना हो पाऐं। ऐसे किसान जो पूर्व के वर्षों में लाइसेंस हेतु पात्र थे किन्तु किसी कारण से लाइसेंस प्राप्त करने से वंचित रह गए थे उन्हें वर्ष 2025-26 में लाइसेंस प्रकिया में शामिल किया जावे।

मृतक नामांतरण प्रक्रिया को और अधिक सुगम करने की आवश्यकता है। अफीम लाइसेंस वितरण एवं तौल प्रकिया की तारीख को 15 दिवस पूर्व ही ऑनलाइन कर दिया जावे जिससे किसान घर से ऑनलाइन तारीख देख सके जिससे अनियमितताओं पर अंकुश लगाया जा सके।

# द्रव्यवती नदी से सटी 3 हैक्टेयर भूमि पर 28 हजार पेड़-पौधे लगाकर किया कायाकल्प

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा अनुरूप जे.डी.ए. प्रशासन करवा रहा मियावाकी पद्धति से सघन वृक्षारोपण

**जयपुर (कासं)।** अमानीशाह नाले को द्रव्यवती नदी में तब्दील करने के साथ-साथ जेडीए प्रशासन इससे सटी 3 हैक्टेयर उजाड़ जमीन पर मियावाकी पद्धति से सघन वृक्षारोपण करवाकर कायाकल्प करने में जुटा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार द्रव्यवती नदी सेक्टर 5 और 35 में जेडीए प्रशासन करीब डेढ़ करोड़ रुपए की लागत से मियावाकी पद्धति से सघन वृक्षारोपण करवा रहा है। इसके लिए फर्म मैसर्स छोटेलाल वीरेंद्र कुमार जैन को ठेका दिया गया है।

इस फर्म ने महज 1 माह के कम अंतराल में इस जमीन पर उगी जंगली झाड़ियों और घासफूस को हटाकर 28 हजार से ज्यादा पेड़-पौधे लगाए है। जिनमें 10 फीट ऊंचाई के 8105 तथा पांच व तीन फीट ऊंचाई के 18500 पौधे शामिल हैं। इसके अलावा फूलों की बेल भी शामिल है।

बताया जा रहा है कि जेडीए प्रशासन ने सघन वृक्षारोपण के लिए 4 माह का समय इस फर्म को दिया था, परंतु ठेकेदार ने 100 से ज्यादा कुशल बागवान प्रतिदिन लगाकर इस काम को महज एक माह के अंतराल में पूरा कर लिया। द्रव्यवती नदी





जयपुर की द्रव्यवती नदी से सटी जमीन पर भी जंगली झाड़ियों को हटाकर जेडीए ने यहां सघन वृक्षारोपण किया है।

के किनारे बाकायदा सीमेंट के पोल, तारबंदी और रैलिंग लगाई गई है। इन तमाम पौधों का 2 वर्ष के लिए रखरखाव की जिम्मेदारी भी इसी फर्म को सौंपी गई है।

बताया जा रहा है कि जल्द ही जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा कालवाड़ रोड स्थित गजाधरपुरा सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के नजदीक भी मियावाकी पद्धित से 1 लाख से अधिक पौधे लगाने का काम किया जाएगा इसके लिए मौके पर जेसीबी मशीनों और ट्रैक्टर्स द्वारा भूमि समतलीकरण और साफ सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर चलाया जा रहा है।बताया जा रहा है कि जेडीए प्रशासन ने यहां पर एक आवासीय योजना भी कई वर्षों पहले विकसित की थी, परन्तु वहां पर लोगों के शिफ्ट नहीं होने का मुख्य कारण यह क्षेत्र उजाड़ लगना और सीवरेज की बदबू थी। परंतु अब यहां सघन वृक्षारोपण से वायु प्रदूषण दूर करने की कयावद शुरु हुई है।

# सिंधी समाज ने विभाजन का दर्द सहा पर संस्कृति को जीवित रखा : देवनानी

**जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि सिंधी समाज हमेशा से पुरुषार्थी रहा है। उन्होंने कहा कि देश सहित अयोध्या के विकास में सिंधी समाज की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। सिंधी समाज देश के विकास के लिए विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। अब समाज के बच्चें प्रशासनिक सेवाओं में भी आगे आ रहे है यह गर्व का विषय है।

राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, संत साई नितिन राम और सिंधु सेवा समिति (रजि.) के अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री अमृत राजपाल ने अयोध्या में प्रभु झूलेलाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण और प्रभु झूलेलाल की आरती के साथ दीप प्रज्ज्वलन करके 73 वें प्रभु झूलेलाल महोत्सव का शुभारम्भ किया।

समारोह का संचालन ट्रस्ट के संरक्षक गिरधारी चावला और महामंत्री नरेन्द्र क्षेत्रपाल ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवनानी का प्रभु झूलेलाल की प्रतिमा, शॉल ओढाकर व पुष्प गुच्छ व पाखर भेंट कर अभिनंदन किया। इस मौके पर देवनानी ने स्नातक और परास्नातक में

- कोहिनूर पैलेस में दिखी सिंधु संस्कृति की झलक, अयोध्या की पावन भूमि पर 73वाँ झूलेलाल महोत्सव
- देवनानी ने उत्तर प्रदेश विधान सभा को देखा और महाना से मुलाकात की

उत्कृष्ट युवाओं को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर पुरस्कृत किया।

73 वें प्रभु झूलेलाल महोत्सव में एक शाम सिंधियत के नाम में अंतर्राष्ट्रीय गायक जतिन उदासी व ज्योति पहलाजानी ने सिंधी गौतों से सर्व समाज का मन मोह लिया। देवनानी ने कहा कि अयोध्या एक नगर के साथ आध्यात्म और मर्यादा की पावन स्थली है। यहाँ भगवान श्रीराम ने सत्य और त्याग का संदेश दिया, वहीं प्रभु झूलेलाल ने समाज को साहस, न्याय और एकता की राह दिखाई।

# दिल्ली-मुंबई सुपर एक्सप्रेस-वे पर कंटेनर से टकराई बस, चालक की मौत, 23 घायल

## घायल यात्रियों को पिनान हॉस्पिटल में भर्ती कराया, जोधपुर से दिल्ली जाते समय हादसा हुआ



हादसे में बस का आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।

■ 23 घायलों में छह जोधपुर, पांच पाली, चार जालोर, दो दिल्ली, चार किशनगढ़ तथा ब्यावर व उत्तराखंड के भी हैं, ड्राइवर की पहचान नहीं हुई

**अलवर,** (निसं)। अलवर जिले के पिनान के पास दिल्ली-मुंबई सुपर एक्सप्रेस-वे पर एक बस पीछे से कंटेनर में घुस गई। हादसे में बस ड्राइवर की मौत हो गई, वहीं बस में सवार 23 लोग घायल हो गए। घायलों को पिनान हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार जोधपुर से दिल्ली जाते समय दिल्ली-मुंबई सुपर एक्सप्रेस-वे पर पिनान के पास बुधवार सुबह करीब पांच भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें सवारियों से भरी एसी कोच बस पीछे से कंटेनर में घुस गई, जिससे बस के ड्राइवर की मौत हो गई। वहीं बस में सवार 23 यात्री घायल हो गये। घायलों को रैणी के पास पिनान अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके से मिली जानकारी के अनुसार बस ने पीछे से कंटेनर में टक्कर दी है। कुल 23 घायलों में छह जोधपुर, पांच पाली, चार जालोर, दो दिल्ली, चार किशनगढ़ के हैं। ब्यावर व उत्तराखंड के भी हैं।

अभी तक बस के ड्राइवर की पहचान नहीं हो सकी है। बाकी 23 घायलों में से 10 से अधिक संवारी के फ्रैक्चर हैं। ये सवारी बस थी जिसमें पाली, जोधपुर, ब्यावर, किशनगढ़, जालोर के यात्री थे। बस एजेंसी के मालिक से संपर्क किया गया है। वहीं घायलों के परिजन भी अपनों से मिलने के लिए चल दिए हैं।

हादसे में उर्वसी पुत्री प्रवीण निवासी दिल्ली, विश्वकर्मा पुत्र कन्हैयालाल निवासी दिल्ली, बाबूलाल पुत्र पून्यसाराम निवासी जोधपुर, विजय निवासी पाली, पूर्विका निवासी पाली, अभिजीत निवासी जोधपुर, विनय निवासी जोधपुर, मनोज राणा निवासी फिरोजाबाद, नरेश, भरत चौधरी निवासी ब्यावर, सूरजाराम पुत्र गमनाराम निवासी किशनगढ़, अजय कुमार पुत्र चतर निवासी किशनगढ़, मुकेश पुत्र दिनेश निवासी उत्तराखंड, रामलाल पुत्र घीसाराम निवासी पाली, अभिजीत निवासी जोधपुर, कालू मुकेश निवासी पाली, श्रेयांशी शर्मा पुत्री कमल शर्मा निवासी जोधपुर, निकेश चंद निवासी पिथोरागढ़, फूलारा पत्नी सूजाराम निवासी जालोर, सूजाराम पुत्र रामनारायण निवासी जालौर, हर्ष सोलंकी निवासी पाली व अभिषेक निवासी जोधपुर घायल हुए हैं।

## बीकानेर से दिल्ली के बीच चलेगी वंदे भारत ट्रेन

**बीकानेर,** (निसं)। प्रदेश में जल्द ही चौथी वंदे भारत ट्रेन का संचालन शुरू होगा। यह बीकानेर से चूरू होते हुए दिल्ली कैंट तक चलेगी। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसकी स्वीकृति दे दी है।

उन्होंने इस बारे में केंद्रीय कानून मंत्री और बीकानेर सांसद अर्जुनराम मेघवाल को जानकारी दी है। बताया जा रहा है कि इस ट्रेन का संचालन सितंबर से शुरू हो सकता है। बीकानेर से दिल्ली कैंट के बीच वंदे भारत रेल सेवा शुरू करने के लिए मांग की जा रही थी। इसके लिए 5 अगस्त को सांसद मेघवाल ने एक लेटर रेल मंत्री को दिया था। अब रेल मंत्री ने वंदे भारत ट्रेन के संचालन की मंजूरी दे दी है। फिलहाल बीकानेर से दिल्ली के लिए 5 ट्रेन चलती हैं। इन ट्रेनों से 7 से 11:30 घंटे तक का समय लग रहा है। जबकि वंदे भारत से करीब 6:15 घंटे में दिल्ली पहुंचा जा सकेगा।

जानकारी के अनुसार, बीकानेर से ट्रेन सुबह 5:45 बजे रवाना होकर 448 किमी की दूरी तय कर सुबह 11:50 बजे दिल्ली कैंट पहुंचेगी। दिल्ली कैंट से ट्रेन शाम 4:45 बजे रवाना होकर रात 11 बजे बीकानेर पहुंचेगी। संभावना जताई जा रही है कि वंदे भारत बीकानेर से दिल्ली का सफर चूरू होते हुए पूरा करेगी। यह ठहराव कितनी देर का होगा या और कितने स्टॉप रहेंगे, फिलहाल इसकी सूचना जारी नहीं की गई है।

## नगदी व जेवर चोरी मामले में दो गिरफ्तार

**उदयपुर,** (निसं)। जिले की फतहनगर पुलिस ने एक सूने मकान का ताला तोड़कर जेवरात और नकदी चोरी करने में दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार रतनलाल पुत्र कालू गमेती निवासी धोला का धनेरिया हाल कच्ची बस्ती आवरी माता फतहनगर ने मामला दर्ज करवाया कि उसका एक पुश्तैनी मकान आवरी माता कच्ची बस्ती में है। जहां पर उसकी माताजी हुडी बाई मकान में रहती हैं। कभी-कभी वह भी उस घर पर आता-जाता रहता है। 7 मई को उसकी माता कहीं मेहमान गई थी। उस समय मकान पर कोई नहीं था। उसके मकान का ताला तोड़कर अंदर घुसकर अज्ञात बदमाश घर का दरवाजा का ताला व एक कमरे का ताला तोड़कर कमरे में रखी लोहे की अलमारी में रखे उसकी माताजी के चांदी का कन्दौरा, 4 कातरिया और 20 हजार रूपए नकद चोरी कर ले गया।

इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच करते हुए मिथुन उर्फ बाबू मोहम्मद पुत्र नजीर मोहम्मद निवासी जिंक स्मेल्टर देबारी बाबा बस्ती प्रतापनगर हाल कच्ची बस्ती निम्बाहेड़ा और मोहम्मद अमजद उल्ला पुत्र मुबारिक हुसैन निवासी ढोलियो की गली जावद दरवाजा निम्बाहेड़ा को गिरफ्तार किया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है।


**UNIVERSITY OF RAJASTHAN**
Jawahar Lal Nehru Marg, Jaipur (Raj.)- 302004
No. :- F-9/CE/Exam Pre-Post Exam/Eproc./2025/1332 Dated :- 18/08/2025
**Notice Inviting Bid**
E-Bids for Rate Contract Of Pre-Post Examination work for all (Annual and Semester) UG/PG Students Registration (Regular and Non-College) For Academic Session 2025-26 and 2026-27 and On Screen Digital Evaluation are invited from Interested bidders up to 10.09.2025 01:00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal **(http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in)** and **http://uniraj.ac.in.** The approximate value of the procurement is Rs 550.00 Lacs. **UBN : URA2526SLRC00060, NIB : URA2526A0022**
Raj.Samwad/C/25/8440 Registrar

**कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति (फल एवं सब्जी) जयपुर**
**महात्मा ज्योतिबा फुले मुख्य मंडी प्रांगण**
क्रमांक :- 1613 - 1630 दिनांक :- 14/08/2025
**ई-निविदा सूचना**
कृषि उपज मण्डी समिति (फल सब्जी) जयपुर द्वारा मुख्य मण्डी प्रांगण टर्मिनल मार्केट मुहाना में इन्क्यूबेशन सेन्टर स्थापित किये जाने हेतु निविदा अनुसार प्रयोगशाला (Food Testing Labouratory) उपकरण क्रय किये जाने है तथा स्थापित इन्क्यूबेशन सेन्टर को 5 वर्ष के लिये संचालन हेतु इच्छुक संस्था/व्यक्ति को Operation and Management (O&M) आधार पर दिये जाने हेतु ऑनलाईन निविदा संख्या 12/2025-26, एव 13/2025-26 आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र व शर्ते **sppp.rajasthan.gov.in/ eproc.rajasthan.gov.in/ https://agriculture.rajasthan.gov.in** पर देखी जा सकती है व **eproc.rajasthan.gov.in** पर दिनांक 18.08.2025 से दिनांक 10.09.2025 सांय 6:00 बजे तक निविदा दरे प्रस्तुत कर भाग लिया जा सकता है।
**UBN No.- DAM2526GLOB00663, DAM2526GLOB00664** सचिव
राज.संवाद/सी/25/8445 कृ.उ.म.स. (फ.स.) जयपुर


# पुष्कर के बासेली गांव में नौ दिन में दूसरी बार चोरी की बड़ी वारदात हुई

## 15 तोला सोना, आधा किलो चांदी, ढाई लाख की नगदी सहित दो मोटरसाइकिल चोरी

■ परिवार के लोग अलग-अलग कमरों में सो रहे थे, जिन्हें बदमाशों ने बाहर से लॉक कर दिया था

**पुष्कर,** (निसं)। पुष्कर के निकटवर्ती बासेली गांव में बीती रात एक और बड़ी चोरी की घटना सामने आई है। गांव की गवर्नमेंट स्कूल के पास स्थित रविंद्र सिंह राठौर के मकान से पांच नकाबपोश बदमाशों ने 15 तोला सोना, आधा किलो चांदी के आभूषण, करीब ढाई लाख रुपए नकदी और दो मोटरसाइकिल चोरी कर ली। खास बात यह रही कि वारदात के दौरान पूरा परिवार घर में सो रहा था और चोर आराम से अपना काम कर फरार हो गए। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है, जिसमें पांच नकाबपोश हथियारबंद बदमाश घर में घुसकर चोरी करते नजर आ रहे हैं।

पीड़ित मकान मालिक रविंद्र सिंह राठौर ने बताया कि बुधवार रात करीब एक बजे बदमाशों ने घर के दरवाजे की ग्रिल तोड़ी और घर में दाखिल हुए। उन्होंने सोने-चांदी के गहनों और नकदी के अलावा दो मोटरसाइकिल भी चुरा ली। परिवार के लोग अलग-अलग कमरों में सो रहे थे, जिन्हें बदमाशों ने बाहर से लॉक कर दिया था। सुबह करीब तीन से चार बजे के बीच जब दरवाजे खुले तो घटना का पता चला और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। मामले की जानकारी मिलते ही पुष्कर थाना प्रभारी विक्रम सिंह राठौड़ पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट टीम को भी बुलाया गया और साक्ष्य जुटाए गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जिला पुलिस अधीक्षक बंदिता राणा ने चोरों की तलाश के लिए विशेष टीम का गठन किया है।

गौरतलब है कि बासेली गांव में यह नौ दिनों में दूसरी बड़ी चोरी है। इससे पहले 12 अगस्त को अमर नर्सरी निवासी गजेंद्र तंवर के घर खिड़की तोड़कर बदमाशों ने 80 तोला सोना, ढाई किलो चांदी और 20 हजार रुपए नकद चोरी कर लिए थे। करीब 85 लाख रुपए की इस वारदात का अब तक खुलासा नहीं हो पाया है। लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत और आक्रोश का माहौल है। स्थानीय जनप्रतिनिधि ओमप्रकाश ने बताया कि यदि दोनों वारदातों का जल्द खुलासा नहीं हुआ तो ग्रामीण सामूहिक रूप से जिला पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा और उपखंड अधिकारी गौरव कुमार मित्तल को ज्ञापन सौंपेंगे। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन को कड़ी कार्रवाई करते हुए चोरी का माल बरामद कर पीड़ितों को न्याय दिलाना चाहिए।

# कार से 7.75 लाख की नगदी सहित पांच संदिग्ध गिरफ्तार



जवाहर नगर पुलिस टीम ने कार व नगदी सहित पांच जनों को पकड़ा।

**कोटा,** (निसं)। जवाहर नगर पुलिस टीम ने रात्रि में चैकिंग के दौरान कार्रवाई करते हुए दो कारों मे बैठे पांच व्यक्तियों पर संदेह होने पर कारों की तलाशी ली तो तलाशी के दौरान कार में मिले बैग से 7.75 लाख रूपये बरामद किये। बरामद रूपयों के बारे में व्यक्तियों द्वारा संतोषप्रद जबाव नहीं देने पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए रूपये व कारों को जब्त कर पांच व्यक्तियों को गिरफ्तार किया।

शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि अगामी त्यौहारो को देखते हुए शहर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सैनी के निर्देशन में समस्त पुलिस उपअधीक्षक व समस्त थानों के थानाधिकारियों को अपने-अपने इलाके क्षेत्र में शांति व्यवस्था एवं लगातार निगरानी के निर्देश दिये गये हैं। शहर एसपी ने बताया कि पुलिस उपअधीक्षक योगेश शर्मा के सुपरविजन में जवाहर नगर थानाधिकारी रामलक्ष्मण के नेतृत्व मे अलग-अलग टीम गठित की गई। शहर एसपी ने बताया कि गठित टीम द्वारा इलाके में होटल एवं रात्रि के समय संदिग्ध व्यक्तियों की चैकिंग की गई, इलाके में गश्त चैकिंग के दौरान पुलिस टीम को इन्द्रा विहार रोड पर दो कारें संदिग्ध अवस्था में खड़ी मिली, जिसमें पांच व्यक्ति बैठे हुए नजर आये। शहर एसपी ने बताया कि पुलिस टीम ने संदेह होने पर कारों की तलाशी ली तो एक कार में बैग मिला जिसकी तलाशी लेने पर बैग में से 7 लाख 75 हजार रूपये बरामद किये। पुलिस टीम ने जब बरामद की गई रकम के बारे में पांचों व्यक्ति से पूछताछ की तो उक्त व्यक्तियों द्वारा कोई संतोषप्रद जबाव नहीं मिला और ना ही उनके पास रूपयों से संबधित कोई दस्तावेज मिले।

पुलिस टीम ने मौके पर कार्रवाई करते हुए दोनो कारों व मौजूद रकम को जब्त किया। पुलिस ने मामले में मोटर मार्केट के सामने अंता निवासी अनिल चौधरी (48), गायत्री विहार निवासी लियाकत अली (47), रजा नगर काला तालाब निवासी असगर अली (36), कृष्णा विहार निवासी राजकुमार (24) एवं छावनी निवासी जलालुद्दीन (45) को गिरफ्तार किया। पकड़े गये व्यक्तियों से पूछताछ जारी है।


**भिवाड़ी इंटिग्रेटेड विकास प्राधिकरण**
एच-5, भगतसिंह कॉलोनी, भिवाडी, अलवर, दूरभाष :- 01493-230819
ई-मेल :- bida.bhiwadi@rajasthan.gov.in
क्रमांक :- बीड़ा/अभि./2534/25 दिनांक :- 18/08/2025
**Notice Inviting Bid**
Bid for "Work of providing snacks/food for various events and meetings in BIDA office, Survey demarcation and pillar installation work of master plan roads in B.K.T. area of Bida, Security, cleanliness and lawn maintenance work in Bida Stadium (Bhiwadi), Work of laying treated water line in the stadium and installing iron grills along the road, Work of recarpeting and asphalting in the SNB area of Bida, Asphalt repair work in various locations and projects in the BKT area under the Bida jurisdiction" is invited from interested Bidders up to 02.00 PM date 25.08.2025. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal **http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in** of the state; and **https://bida.rajasthan.gov.in** departmental website.
**UBN : BDA2526WSRC00048, BDA2526WSRC00049, BDA2526WSRC00050, BDA2526WSRC00051, BDA2526WSRC00052, BDA2526WSRC00053**
Raj.Samwad/C/25/8441 Executive Engineer

**राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर**
क्रमांक:वि.सं. 08/EXAM/J.L.O.-JDA/EP-I/2025-26 दिनांक 19.08.2025
आयोग द्वारा जयपुर विकास प्राधिकरण के लिए Jaipur Development Authority Employees (Recruitment & Promotions) Regulations, 2023 के अंतर्गत कनिष्ठ विधि अधिकारी (Junior Legal Officer) के कुल 12 पदों पर भर्ती हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते है। शैक्षणिक योग्यता, वर्गवार वर्गीकरण, आवेदन प्रक्रिया व अन्य विस्तृत जानकारी के लिए अभ्यर्थी उक्त पदों हेतु आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध विस्तृत विज्ञापन का अवलोकन करें। उक्त पदों हेतु आयु सीमा, आवेदन अवधि व अन्य विस्तृत जानकारी के लिए अभ्यर्थी उक्त पदों हेतु आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध विस्तृत विज्ञापन का अवलोकन करें। उक्त पदों हेतु आयु सीमा, आवेदन अवधि व अन्य विवरण निम्नानुसार है :-

| | |
|---|---|
| आयु सीमा | दिनांक 01.01.2026 को न्यूनतम 21 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष से कम होनी चाहिये। |
| आवेदन अवधि | दिनांक दिनांक 27.08.2025 से दिनांक 25.09.2025 रात्रि 12-00 बजे तक। |
| परीक्षा का स्थान व माह | परीक्षा स्थान व तिथि के संबंध में यथासमय सूचित कर दिया जायेगा। |

अन्य बिन्दु व सूचना :- एकबारीय पंजीयन शुल्क, आवेदन प्रक्रिया, प्रमाण पत्रों से संबंधित सूचना एवं परीक्षा से संबंधित अन्य बिन्दु व सूचना के लिए आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध नवीनतम एवं संशोधित परीक्षार्थियों हेतु आवेदन व परीक्षा संबंधी सामान्य दिशा-निर्देश तथा सम्बन्धित सेवा नियमों का अध्ययन आवश्यक रूप से कर लें। इसके अतिरिक्त इस परीक्षा के संबंध में समय-समय पर जारी सूचनाओं का अवलोकन आयोग की वेबसाइट http://rpsc.rajasthan.gov.in पर कर सकते है। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार के मार्ग निर्देशन/सूचना/स्पष्टीकरण हेतु राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर के परिसर में स्थित स्वागत कक्ष पर व्यक्तिगत रूप से अथवा दूरभाष सं. - 0145-2635212 एवं 2635200 पर सम्पर्क किया जा सकता है। समस्त पत्र व्यवहार सचिव, राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर को सम्बोधित किया जाए।
DIPR/C/11889/2025 (रामनिवास मेहता) सचिव


# मंदिर में हुई चोरी का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार



पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से छत्र की गलाई हुई चांदी बरामद की।

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले के मांडल कस्बे के ऐतिहासिक यक्षणी माता मंदिर में हुई चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मंदिर के छत्र चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से छत्र की गलाई हुई चांदी भी बरामद कर ली है।

पुलिस के अनुसार राशमी थाना क्षेत्र के गणेशपुरा निवासी देवीलाल पुत्र कालू सिंह रावत को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। 20 जून को यक्षणी माता मंदिर की मूर्तियों पर लगे चांदी के छत्र चोरी हो गए थे, जिसके बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले। इसमें आरोपी की स्पष्ट पहचान होने के बाद टीम ने दबिश देकर उसे पकड़ा। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने मंदिर से चांदी के छत्र चुराकर गलाकर बेचने की योजना बनाई थी, लेकिन इससे पहले ही पुलिस ने उसे धर दबोचा। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर रिमाण्ड पर लिया है तथा नेटवर्क में शामिल अन्य लोगों की भी तलाश की जा रही है।

## आर्मी एरिया में जासूसी के आरोप में एक और गिरफ्तार

■ पूर्व में जासूसी के आरोप में डीआरडीओ गेस्ट हाउस के मैनेजर को पकड़ा गया था

**जैसलमेर,** (नि.सं.)। सीमांत एरिया जैसलमेर में जांच एजेंसियों ने एक और संदिग्ध को जासूसी के आरोप में पकड़ा है। इस बार कार्रवाई जैसलमेर-जोधपुर रोड के आर्मी एरिया में हुई है। आरोपी यहां के एक रेस्टोरेंट में काम करने आया था। जानकारी के अनुसार आर्मी एरिया में चाय की दुकान पर पूर्व में भी जासूसी करते पकड़े गए हैं। जासूस पूर्व की तरह इस बार भी जासूस पाकिस्तानी नंबरों पर किसी से बात कर रहा था। उसके मोबाइल में कई और पाकिस्तानी नंबर सेव मिले हैं। मंगलवार को पकड़े गए आरोपी जीवन खान (25) को पूछताछ के लिए संयुक्त जांच कमेटी को सौंपा जाएगा। इसी महीने जासूसी के आरोप में डीआरडीओ गेस्ट हाउस के मैनेजर को पकड़ा गया था।

## बहू के आरोपों से आहत ससुर ने जहरीली वस्तु खाई, मौत

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले के मांडलगढ़ थाना क्षेत्र में एक बहू के आरोपों से आहत होकर ससुर ने जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया। इसके बाद एमजी हॉस्पिटल में बीती रात उपचार के दौरान ससुर की मौत हो गई। आक्रोशित परिजनों ने दोषी पक्ष पर कार्रवाई की मांग को लेकर कुछ देर एमजी मोर्चरी के बाहर हंगामा भी किया।

जानकारी के अनुसार गोपालपुर निवासी संपत (52) पिता सुखदेव जाट को सेल्फॉस का सेवन करने के चलते गंभीर हालत में महात्मा गांधी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। पुलिस को दिए बयान में उन्होंने बताया कि उनकी बहू ने उन पर बलात्कार और मारपीट करने का झूठा आरोप लगाते हुए मांडलगढ़ थाने में गत दिनों रिपोर्ट दर्ज करवाई। इसके बाद वह बदनामी के डर से काफी परेशान थे, इसी डर के चलते आहत होकर उन्होंने गोपालपुर में अपने खेत पर जाकर सेल्फॉस का सेवन कर लिया। परिजनों को जब तक इसका पता चला तो उनकी हालत बहुत ज्यादा बिगड़ चुकी थी। गंभीर हालत में उन्हें जिला मुख्यालय स्थित महात्मा गांधी चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया, जहां बीती रात उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। मौत के बाद परिजनों में आक्रोश फैल गया और एमजी मोर्चरी के बाहर दोषी पक्ष पर कार्रवाई की मांग को लेकर कुछ देर के लिए हंगामा किया।

# 95 हजार की रिश्वत लेते पटवारी गिरफ्तार

■ पटवारी ने किसान से बीमा क्लेम पास करवाने की एवज में रिश्वत ली थी

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। जिले में केसरीसिंहपुर कस्बे से सटे गुरुद्वारे के पास एक ई-मित्र केंद्र के ऊपर बने कमरे में बुधवार को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने एक पटवारी को 95 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा। पटवारी ने किसान से बीमा क्लेम पास करवाने की एवज में रिश्वत ली थी।

पीड़ित किसान के नाम पर 2 लाख 28 हजार 67 रुपए की फसल बीमा राशि स्वीकृत हुई थी। इस क्लेम को पास करवाने के लिए पटवारी पंखी लाल मीणा ने किसान से पहले 1 लाख 14 हजार रुपए की मांग की थी। काफी मोलभाव के बाद 95 हजार रुपए में बात तय हुई। रिश्वत मांगने से परेशान होकर पीड़ित किसान ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो में शिकायत दर्ज करवाई। शिकायत की पुष्टि के बाद एबीसी ने योजना बनाई और बुधवार को जैसे ही किसान ने पटवारी को रिश्वत की राशि सौंपी, टीम ने इशारा मिलते ही मौके पर दबिश देकर पटवारी को रंगे हाथों पकड़ लिया।

एबीसी की टीम ने केसरीसिंहपुर के गुरुद्वारे के पास स्थित ई-मित्र केंद्र के ऊपर बने कमरे में कार्रवाई को अंजाम दिया। पटवारी पंखी लाल मीणा यहां किसान से रुपए ले रहा था। टीम ने तुरंत मौके पर कार्रवाई कर नकद राशि बरामद की और पटवारी को हिरासत में लेकर स्थानीय थाने पहुंची। इस पूरी कार्रवाई का नेतृत्व एबीसी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पवन कुमार मीणा और डिप्टी भूपेंद्र सोनी ने किया। टीम में एएसआई मंगरू राम, दारा सिंह, हेड कॉन्स्टेबल जगदीश कुमार, नरेश कुमार और रीडर संजीव कुमार मौजूद रहे। पटवारी की इस कार्रवाई के बाद कस्बे में दिनभर इस मामले की चर्चा रही। बताया जा रहा है कि पंखी लाल मीणा की कार्यप्रणाली को लेकर पहले भी कई लोग नाराज थे, लेकिन पहली बार किसी ने शिकायत दर्ज करवाई और एबीसी ने तुरंत कार्रवाई की।


**Rajasthan State Road Development And Construction Corporation Ltd.JAIPUR**
No.NIT/2025-26/16995-17003 **ई-निविदा सूचना संख्या 310/2025-26** Date:19.08.2025
निम्नलिखित कार्य के लिये योग्य एवं अनुभवी उत्पादनकर्ताओं/अधिकृत आपूर्तिकर्ताओं से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेन्डरिंग प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदाये आमंत्रित की जाती है-

| कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू.) |
|---|---|
| Rate contract for supply of Bulk Ordinary Portland Cement (OPC 43 Grade) as per ISI Marked at various sites in Rajasthan. **UBN: RRC2526WLOB00587** | 1133.75 Lakh |

निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र में निविदा शुल्क, धरोहर राशि, डाउनलोड करने व खोलने की तारीख सहित सम्पूर्ण विवरण एवं संशोधन वेबसाईट **http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.nic.in** तथा **http://pwd.rajasthan.gov.in/rsrdc** पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट **http://eproc.rajasthan.gov.in** पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है। महाप्रबंधक

**OFFICE OF THE PRINCIPAL, RNT MEDICAL COLLEGE & CONTROLLER ASSOCIATED GROUP OF HOSPITALS, UDAIPUR (RAJ.)**
No. RNT/Pur-I/F.16/(e-Tendering Proc)/2025-26/1221 Dated:-07.08.2025
**Notice Inviting Bid No.10/2025-26(e-Tender)**
Bids for Medical Equipments are invited from interested bidders upto Date:- 04.09.2025 Time: 10.30 AM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state. Estimated Cost-218.00 Lacs
**UBN-MCU2526GSOB00125, MCU2526GSOB00126, MCU2526GLOB00127, MCU2526GLOB00128, MCU2526GSOB00129, MCU2526GLOB00130, MCU2526GLOB00131**
DIPR/C/11680/2025 PRINCIPAL & CONTROLLER

राजस्थान सरकार
**कार्यालय अधीक्षक महिला चिकित्सालय, सांगानेरी गेट, जयपुर**
क्रमांक : म.चि.सां.गे./लेखा/2025-26/219 दिनांक-07.08.2025
**//ई-निविदा सूचना//**
इस चिकित्सालय में सफाई कार्य हेतु कार्मिक एवं सामग्री उपलब्ध कराने हेतु पंजीकृत एवं अनुभवी सेवाप्रदाता एजेंसी से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया के तहत www.eproc.rajasthan.gov.in पर ऑन-लाईन निविदा के माध्यम से निम्न विवरणानुसार निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा के संबंधित विवरण/शर्तें/वेबसाइट http://eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है तथा निविदा प्रपत्र इसी वेबसाइट से नियत तिथि से डाउनलोड किये जा सकते है।

| क्र. सं. | निविदा का विवरण | निविदा की वार्षिक अनुमानित लागत | निविदा प्रपत्र शुल्क | MD.RISL प्रोसेसिंग शुल्क | निविदा की अमानत राशि | MSME रजिस्टर्ड संस्थानों हेतु अमानत राशि 0.50% | निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की तिथि एवं समय | निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चिकित्सालय में जॉब बेसिस पर कार्य हेतु कार्मिक एवं सामग्री उपलब्ध कराने हेतु। | 155.00 लाख | 1000 | 2000 | 310000/- | 77,500/- | 08.08.2025 समय दोपहर 12.30 बजे | 29.08.2025 समय सांय 5.00 बजे तक |

| निविदा का विवरण | NIB NUBMER | UBN NUMBER |
|---|---|---|
| चिकित्सालय में जॉब बेसिस सफाई कार्य हेतु कार्मिक एवं सामग्री उपलब्ध कराने हेतु | SMS2526A0146 | SMS2526SLOB00252 |

(डॉ. आशा वर्मा) अधीक्षक
महिला चिकित्सालय, जयपुर
DIPR/C/11526/2025 दूरभाष नं. 0141-2600242

**कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति, देवली (टोंक-राज.)**
क्रमांक :- कृ.उ.म.स.दे./मण्डी निविदा/2024-25/479 - 85 दिनांक :- 18/08/2025
**खुली निविदा-सूचना सं. 01/2025-26**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि कृषि उपज मण्डी समिति, देवली एवं गौण मण्डी प्रांगण, जहाजपुर में वित्तीय वर्ष 2025-26 (कार्यादेश दिनांक से 01 वर्ष तक) की निम्न सुविधा मदों हेतु (क्र.सं. 1 से 5) खुली द्विकर्मी बोली पद्धति के माध्यम से अनुभवी, सुस्थापित व पंजीकृत फर्मो से निर्धारित प्रपत्र में मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | मदों का नाम | अनुमानित राशि (लाखों में) | निविदा शुल्क राशि (रु. में) | निविदा प्रतिभूति राशि (रु. में) | निविदा फार्म विक्रय करने की तिथि व समय | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय | निविदा खोले जाने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जलवाहक व्यवस्था ठेका DAM2526SSOB00676 | 6.50 | 590/- | 13000 | 19.08.2025 को दोपहर 12.00 बजे से 28.08.2025 को दोपहर 02.00 बजे तक | 28.08.2025 को सांय 4.00 बजे तक | 29.08.2025 को प्रातः 10.00 बजे |
| 2 | जल आपूर्ति ठेका (टेंकर सप्लाई) DAM2526WSOB00679 | 4.00 | 590/- | 8000 | | | |
| 3 | सफाईकर्मी उपलब्ध करवाने तथा एकत्रित कचरे को ट्रेक्टर-ट्रॉली/डम्पर से उठवाकर मण्डी प्रांगण से बाहर डालने के संयुक्त कार्य का ठेका। DAM2526SSOB00680 | 6.50 | 590/- | 13000 | | | |
| 4 | मानव संसाधन विद्युत व्यवस्था मुख्य मण्डी व गौण मण्डी कार्य DAM2526SSOB00681 | 1.50 | 236 | 3000 | | | |
| 5 | मानव संसाधन बागवानी कार्य DAM2526SSOB00682 | 1.50 | 236 | 3000 | | | |

निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट **www.sppp.rajasthan.gov.in** व विभागीय पोर्टल **agriculture.rajasthan.gov.in/mandi/** पर भी देखा जा सकता है। सशर्त निविदा स्वीकार नही होगी। वेबसाईट से निविदा प्रपत्र डाउनलोड़ करने पर निविदा प्रपत्र का मूल्य दिनांक 28/08/2025 को सांय 04:00 बजे तक कार्यालय में जमा कराना अनिवार्य होगा एंव निविदा प्रतिभूति राशि के डी.डी./बैंकर्स चैक जो कि सचिव, कृषि उपज मण्डी समिति, देवली के नाम से देय हो निविदा के साथ निर्धारित दिनांक व समय तक कार्यालय में प्रस्तुत करवायी जानी अनिवार्य होगी, सलंग्न नही किये जाने पर निविदा निरस्त कर दी जावेगी।
राज.संवाद/सी/25/8448 प्रशासक सचिव

# ग्रेटर नगर निगम के 39 पार्कों में अधिकांश फव्वारे बंद, फिर भी भुगतान की तैयारी!

## करोड़ों की लागत से बने फाउंटेन की हो रही दुर्दशा, ठेकेदार को नोटिस तक नहीं दिया

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** ग्रेटर नगर निगम प्रशासन ने राजधानी जयपुर के पार्कों को संवारने और आधुनिक बनाने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर फव्वारे लगाए थे, ताकि आमजन को सुंदर वातावरण और बच्चों को मनोरंजन की सुविधाएं मिल सकें। परंतु हकीकत यह है कि एकाध पार्क को छोड़कर ग्रेटर निगम के करीब 35 से ज्यादा पार्कों में फव्वारे पूरी तरह बंद पड़े है।

सूत्रों के मुताबिक ग्रेटर निगम की उद्यान शाखा ने इन फव्वारों के रखरखाव का ठेका गत वर्ष मैसर्स हजारी जसवाल को 70-80 लाख रुपए में दिया गया था। परंतु ठेकेदार ने इन फव्वारों को सुचारु रखना तो दूर, इनकी कभी सुध भी नहीं ली। इस कारण 39 पार्कों में लगे 42 फाउंटेन में से अधिकांश सिर्फ दिखावे के साधन बने हुए है।

हैरानी की बात यह है कि इस गंभीर लापरवाही के बावजूद ग्रेटर निगम की उद्यान शाखा ने कभी ठेकेदार को नोटिस तक नहीं थमाया। इसके






प्रताप नगर सेक्टर 6 और मानसरोवर के वार्ड 27 स्थित ग्रेटर नगर निगम के पार्कों में बंद पड़े फव्वारे।

विपरीत अब उद्यान शाखा ने इस फर्म को भुगतान करने के लिए बिल बनाकर भी वित्त शाखा में प्रस्तुत कर दिया है।

सूत्रों के मुताबिक मालवीय नगर जोन में 14, मानसरोवर में 6, सांगानेर में 2, जगतपुरा में 1, झोटवाड़ा में 4, मुरलीपुरा में 9 तथा विद्याधर नगर के 3 पार्कों में कुल 42 फव्वारे लगे हुए है। जिनके संचालन का ठेका इस फर्म के पास है। परंतु रखरखाव के अभाव में इनकी दुर्दशा हो रही है। अगर पार्क में आने वाला कोई व्यक्ति ठेकेदार के कर्मचारियों से पार्कों में फाउंटेन सुचारु नहीं होने का कारण पूछते हुए शिकायत भी करता है तो कभी पानी की मोटर खराब बताकर तो कभी बिजली कनेक्शन नहीं होने का बहाना बनाकर बात टाल दी जाती है।

चौंकाने वाली बात यह है कि ग्रेटर निगम की उद्यान शाखा ने अब तक ठेकेदार के कार्यों की कोई जांच ही नहीं की। उल्टा फर्म को पूरा भुगतान करने की तैयारी चल रही है।

मानसरोवर और प्रताप नगर क्षेत्र के पार्कों में बंद फाउंटेन को लेकर जब स्थानीय लोगों से बात की गई तो उन्होंने बताया कि पार्क में लगे फव्वारे सिर्फ दिखावे के लिए हैं, कभी चालू नहीं हुए। जबकि हर साल रखरखाव का बजट खर्च होता है, लेकिन जमीनी हकीकत शून्य है। अगर निगम अधिकारियों ने ठेकदार के काम की जांच की होती तो

- **बताया जा रहा है कि निगम प्रशासन ने इन फव्वारों के रखरखाव का ठेका गत वर्ष मैसर्स हजारी जसवाल को करीब 70-80 लाख रु. में दिया था। परंतु ठेकेदार ने इन फव्वारों को सुचारु रखना तो दूर, सुध भी नहीं ली।**

सच सामने आ जाता।स्थानीय लोगों ने निगम प्रशासन से मांग की है कि सभी 39 पार्कों की तकनीकी जांच कराएं, दोषी ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट कर भुगतान की ऑडिट हो। साथ ही सभी फव्वारें चालू करवाए जाए। ज्ञात रहे कि हैरिटेज सिटी कॉन्ट्रैक्टर्स सोसायटी के अध्यक्ष रघुवीर शर्मा ने भी पिछले दिनों आयुक्त से मुलाकात कर उद्यान शाखा पर गड़बड़ी का आरोप जड़ा था।

# फर्जी ऑनलाइन एस्कॉर्ट सर्विस चलाकर ब्लैकमेलिंग करने वाली गैंग गिरफ्तार

**जयपुर (कासं)।** जवाहर सर्किल पुलिस ने सोशल मीडिया पर फर्जी ऑनलाइन एस्कॉर्ट सर्विस चलाकर ब्लैकमेलिंग करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए महिला सहित चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। परंतु गिरोह मुख्य सरगना दीपक फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

पुलिस जांच में पता चला है कि ये बदमाश गूगल सर्च पर अपने विज्ञापन दिखाने के लिए गूगल ऐड का इस्तेमाल करते थे। जैसे ही कोई ग्राहक गूगल से मिले नंबरों पर संपर्क करता था, वे उससे होटल की बुकिंग कन्फर्म करने के लिए कहते और कुछ राशि एडवांस के तौर पर ले लेते थे।

गिरोह के सदस्य ग्राहक के बताए अनुसार होटल के आसपास पहुंचकर उसे होटल से बाहर बुलाते थे। फिर वे ग्राहक को गाड़ी में बैठाकर उसका फोन छीन लेते और उसके रिश्तेदारों व परिवार के सदस्यों को अनैतिक कार्य करने से संबंधित चैट भेजने का डर दिखाकर पैसे लूट लेते थे। उपायुक्त जयपुर (पूर्व) संजीव नैन ने बताया कि जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने सोशल मीडिया पर फर्जी ऑनलाइन एस्कॉर्ट सर्विस चलाकर ब्लैकमेलिंग करने वाले गिरोह के आरोपित ओमप्रकाश उर्फ राजू पूनिया मूलतः दयालपुरा दूदू हाल कृष्णा विहार मानसरोवर, मनीष चौधरी उर्फ डुग्गा



जवाहर सर्किल पुलिस ने सोशल मीडिया पर फर्जी ऑनलाइन एस्कॉर्ट सर्विस चलाकर ब्लैकमेलिंग करने वाले गिरोह के बदमाश दबोचे।

पवालिया मुहाना, भागचंद गुर्जर अखैपुरा मौजमाबाद, महिला सन्नी देवी आसलपुर जोबनेर को गिरफ्तार किया है। इस गैंग ने जयपुर शहर में और भी वारदात करना कबूल किया हैं। इस गैंग का मुख्य सरगना दीपक अभी फरार है जिस की तलाश की जा रही हैं। पुलिस की जांच में सामने आया कि आरोपित गूगल ऐड का उपयोग कर अपनी वेबसाइट टॉप पर दिखाते थे। जैसे ही कोई ग्राहक कॉल करता, उससे एडवांस राशि ले ली जाती।

**पहला तरीकाः** एडवांस लेने के बाद कोई सर्विस नहीं दी जाती।

**दूसरा तरीकाः** युवती को होटल भेजकर विवाद कराया जाता और मौके पर मौजूद गुर्गे मारपीट व लूट करते।

**तीसरा तरीकाः** सर्विस देने के बाद युवती छेड़छाड़ या बलात्कार के आरोप की धमकी देकर मोटी रकम ऐंठती।

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आशाराम चौधरी और सहायक पुलिस आयुक्त आदित्य पुनिया के सुपरविजन में थाना प्रभारी मदनलाल कडवासरा के नेतृत्व में टीम ने तकनीकी सहायता और मुखबिर की मदद से आरोपियों को दबोचा। पूछताछ में उन्होंने जयपुर में कई अन्य वारदात करना कबूल किया है।

इस मामले के खुलासे में मदनलाल कडवासरा (थाना प्रभारी), श्याम प्रकाश (एसआई), अमर सिंह (एएसआई), हरिओम, हरिराम, सुरेश, लोकेश कुमार, मुकेश, आशीष और अनीता ने कार्रवाई में अहम भूमिका निभाई। विशेष भूमिका हरिओम और मुकेश की रही।

# बंद कार में मिली दो भाइयों की लाश

**जयपुर।** गलता गेट थाना इलाके में बंद कार में दो भाइयों लाश मिलने का मामला सामने आया है। दोनों नाबालिग घर के पास खेलते हुए अचानक गायब हो गए थे। परिवार ने बच्चों की हत्या की आशंका जताई है। एक बच्चे के नाक और कान से खून बहा था। ऐसे में मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सामने आएगा। इस घटना से पूरे इलाके में शोक और आक्रोश फैल गया।

पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करण शर्मा ने बताया कि महवा (दौसा) हाल गलता गेट के नागतलाई के रहने वाले शहजाद के बेटे अनस (8), अहसान (5) मंगलवार रात को घर के पास खेल रहे थे। इसके कुछ देर बाद दोनों गायब हो गए थे। परिजनों ने उन्हें काफी देर तक तलाश किया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। दोनों घर के पास खड़ी एक गाड़ी में बेसुध मिले। एक बच्चे के शरीर पर खून के निशान भी थे। पुलिस ने दोनों को एसएमएस अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। दोनों मासूमों की मौत की जानकारी मिलते ही एसएमएस हॉस्पिटल में लोगों



मृतक अनस और अहसान

की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय विधायक रफीक खान भी मौके पर पहुंचे। मौत से गुस्साए लोगों ने देर रात तक काफी हंगामा भी किया। इसके बाद पुलिस-प्रशासन की समझाइश के बाद हंगामा शांत हुआ।

रामगंज सहायक पुलिस आयुक्त हरिशंकर शर्मा ने बताया कि पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह सामने आया कि मासूम खेलते-खेलते गाड़ी में घुस गए और ऑटो लॉक हो जाने से अंदर फंस गए। इसके बाद दम घुटने से मौत हो गई। हालांकि परिजनों ने बच्चों की हत्या की आशंका जताई है। उनका कहना है कि शव पर चोट के निशान दिखाई दे रहे हैं।

- **परिजनों ने जताई बच्चों की हत्या की आशंका**

पुलिस ने फिलहाल दोनों शव एसएमएस अस्पताल की मोर्चरी में रखवाए हैं। मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराया जाएगा. इसके बाद ही मौत के असली कारणों का पता चल सकेगा।मौके पर एफएसएल टीम को बुलाकर फिंगरप्रिंट की भी तस्दीक की गई। घटना में स्पष्ट रूप से जांच के बाद ही कुछ कहना संभव होगा। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय विधायक रफीक खान मौके पर पहुंचे और परिजनों से मुलाकात की। बड़ी संख्या में लोग एसएमएस अस्पताल और नागतलाई इलाके में एकत्र हो गए। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू कर दी। पुलिस का कहना है कि मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया यह हादसा प्रतीत हो रहा है, लेकिन परिजनों की शंका को देखते पुलिस हत्या की आशंका से भी इनकार नहीं कर रही है।

# दिसंबर में सभी निकायों के चुनाव करवाएंगे : मंत्री खर्रा

**जयपुर।** राजस्थान में शहरी निकायों के चुनावों को लेकर सरकार और राज्य निर्वाचन आयोग के बीच टकराव के हालात बन गए हैं। दोनों की अलग-अलग राय सामने आ रही है। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने 2 महीने में चुनाव करवाने की घोषणा की थी। अब यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि हम दिसंबर में सभी 309 शहरी निकायों के एक साथ चुनाव करवाएंगे।

दरअसल, राज्य निर्वाचन आयुक्त मधुकर गुप्ता ने हाईकोर्ट के आदेशों के मुताबिक जल्द निकाय और पंचायत चुनाव करवाने की घोषणा की थी। उन्होंने कहा था कि जिन निकायों और पंचायती राज संस्थाओं का 5 साल का कार्यकाल पूरा हो गया और जिनका दो महीने में पूरा हो जाएगा, वहां भी चुनाव होंगे। उन्होंने अभी वन स्टेट, वन इलेक्शन व्यावहारिक नहीं माना है।

यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने बुधवार को मीडिया से बात करते हुए कहा कि, राज्य निर्वाचन आयोग कार्यक्रम जारी कर देगा तो उसके मुताबिक देखेंगे। जो कुछ हमें करना होगा, वह हम करेंगे। आयोग को जो करना है, वो आयोग करेगा। खर्रा ने कहा कि हाईकोर्ट के आदेश के हिसाब से हमारे पास फरवरी तक का समय है। फरवरी में 6 महीने पूरे होते हैं, हम तो दिसंबर में ही करवा देंगे। हाईकोर्ट के आदेश की हमने प्रमाणित प्रति मंगवाई है। प्रमाणित प्रति मिलने के बाद उचित कदम उठाने होंगे। यूडीएच मंत्री ने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग के दो बयान आए हैं। पहला बयान आया कि दो-तीन दिन में कार्यक्रम की घोषणा कर देंगे। इसके बाद कहा कि दो महीने में करेंगे। खर्रा ने कहा कि दिसंबर 2025 में हमें वन स्टेट, वन इलेक्शन के तहत चुनाव करवाने में कोई विधिक अडचन नहीं है। वार्ड परिसीमन पूरा हो चुका है। एक-दो दिन में पत्रावली भेज देंगे। परिसीमन की अधिसूचना एक-दो दिन में जारी हो जाएगी। ज्यादा वक्त लगा तो एक सप्ताह में जारी हो जाएगी।

## 'गहलोत सरकार ने पंचायती राज का सिस्टम बिगाड़ा'

**जयपुर।** खाद्य मंत्री सुमित गोदारा ने मीडिया से रूबरू होकर कहा कि पूर्ववर्ती अशोक गहलोत की सरकार ने पंचायतीराज का सिस्टम बिगाड़ा। हमारी सरकार वन स्टेट, वन इलेक्शन करवाएगी। पंचायतों के पुनर्गठन के लिए गठित सब कमेटी ने अपनी रिपोर्ट मुख्यमंत्री को सौंप दी है। प्रदेश में वन स्टेट, वन इलेक्शन के तहत ही चुनाव होने चाहिए। पंचायत और निकाय चुनाव समय पर कराने के लिए हमारी सरकार कृत संकल्प है।

यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने भी माना कि पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव एक साथ होने में दिक्कत है। खर्रा ने कहा कि पंचायतीराज के चुनावों में सबसे बड़ी दिक्कत आ रही है कि उनकी अवधि अलग-अलग है। कुछ पंचायती राज संस्थाओं का कार्यकाल 2027 में खत्म हो रहा है। कुछ का 2026 में खत्म हो रहा है। इसे लेकर मंथन चल रहा है कि एक साथ चुनाव कैसे हो? उम्मीद है कि एक साथ चुनाव में जो संभव हो सकेगा, किया जाएगा।

## सार-समाचार

### चिटफंड के बहाने ठगने वाला गिरफ्तार

**जयपुर।** जिला स्पेशल टीम जयपुर पूर्व (डीएसटी) ने बजाज नगर थाने में दर्ज पन्द्रह साल पुराने मामले में फरार चल रहे एक बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित चिटफंड कम्पनी के खिलाफ दर्ज मामले में आरोपित था जो वर्ष 2011 से फरार चल रहा था। आरोपित के बारे में पुलिस को जानकारी मिली कि आरोपित एयरपोर्ट थाना सर्किल में रुका हुआ है। जिस पर डीएसटी पूर्व की टीम ने दबिश देकर आरोपित को गिरफ्तार किया। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व संजीव नैन ने बताया कि वर्ष 2011 में बजाज नगर थाने में चिटफंड कंपनी खोलकर लोगों से धोखाधड़ी कर पैसा लेने का मामला दर्ज हुआ था। जिसकी जांच में प्रमाणित हो गया था कि आरोपित विजेन्द्र सिंह निवासी उदयपुरवाटी ने धोखाधड़ी की है। जिस पर पुलिस टीम ने आरोपित का पीछा किया लेकिन आरोपी बार-बार लोकेशन बदल कर पुलिस से बच रहा था। आरोपित के खिलाफ जब पुलिस टीम द्वारा जांच की गई तो पता चला कि पूरे राजस्थान में आरोपित विजेन्द्र सिंह के खिलाफ 32 आपराधिक मामले दर्ज हैं। जिस पर पुलिस को आरोपित की लोकेशन एयरपोर्ट सर्किल के पास मिली। जिस पर पुलिस टीम ने आरोपित को गिरफ्तार कर पूछताछ करने में जुटी है।

### भक्तिभाव से मनाई बच्छ बारस

**जयपुर।** भाद्रपद कृष्ण द्वादशी बुधवार को गौवत्सा द्वादशी (बच्छ बारस) के रूप में मनाई गई। महिलाओं ने गाय और बछड़े की पूजा कर अपने पुत्र की लंबी आयु की कामना की। गाय के खुरों में थोड़ा सा पानी डालकर चुनरी ओढ़ाई। सींग के मोली बांधकर रात भर भीगे मूंग-मोठ-चना और मक्का की रोटी खिलाई। बछड़े वाली गाय की पूजा कर कथा सुनी। कई स्थानों पर महिलाओं ने सामूहिक रूप से व्रत की कथा सुनी। गाय के पूंछ को सिर पर लगाकर महिलाओं ने गाय और बछड़े की परिक्रमा करते हुए पुत्र के लिए मंगल कामना की। बड़ी संख्या में महिलाओं ने विभिन्न गौशालाओं में जाकर बछड़े वाली गाय का पूजन किया। घरों में महिलाओं ने गेहूं की जगह मक्का, चना, मूंग और मोठ खाने में काम लिया। घरों में सब्जी चाकू से काटे बिना ही बनाई गई। या फिर ऐसी सब्जी बनाई गई जिसे काटने की नौबत ही नहीं आई। महिलाओं ने दिनभर चाकू से कटे फल का त्याग किया।

### श्री चमत्कारेश्वर मंदिर का पाटोत्सव

**जयपुर।** पानीपेच स्थित श्री चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर का 59 वां पाटोंत्सव भक्तिभाव से मनाया गया। मीडिया प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि भगवान भोलेनाथ सहित सभी विग्रहों का पंचामृत से अभिषेक कर नवीन पोशाक धारण कराई गई। ऋतु पुष्पों से श्रृंगार किया गया। बाबा भोलेनाथ की रंगीन बर्फ से झांकी सजाई गई। हजारों लोगों ने मनोरम झांकी के दर्शन कर भोजन प्रसादी ग्रहण की। इस मौके पर हरीश शर्मा, विनोद अग्रवाल, अनुपम शाह, नरेश सिंघल, सुरेश अग्रवाल, सचिव रवि प्रकाश चौधरी, श्याम यादव, उपाध्यक्ष राधा कृष्ण मांडल, संजय शर्मा, विष्णु बियानी, महेश सैनी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। समिति की ओर से सभी का सम्मान किया गया।


### श्री हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ

**जयपुर।** श्री हनुमान चालीसा प्रबंध समिति के तत्वावधान में 4 अक्टूबर जयसिंहपुरा रोड भांकरोटा स्थित द हेरिटेज रिसॉर्ट में संत अमरनाथ महाराज के सानिध्य में श्री हनुमान चालीसा का 108 बार सामूहिक पाठ किया जाएगा। महाआरती के बाद प्रसादी का आयोजन होगा। आयोजन की तैयारियां शुरू हो गई हैं। आयोजन स्थल पर आयोजित बैठक में भागचंद वर्मा, महेश गुप्ता, आशीष गौतम ,बिरदीचंद कुमावत, राधेश्याम बैराठी, रामावतार छीपा, योगेन्द्र नीखरा , मुकेश कुमावत सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# मोतीडूंगरी गणेश मंदिर में मोदक झांकी

**जयपुर (कासं)।** एक पखवाड़े तक श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव मनाकर अब छोटीकाशी प्रथम पूज्य गणपति का जन्मोत्सव भी धूमधाम से मनाएगी। गणेश मंदिरों में इसकी तैयारियां शुरू हो गई है। भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी 27 अगस्त को मनाया जाएगा। इसके चलते मोती डूंगरी गणेश मंदिर में बुधवार से नौ दिवसीय के कार्यक्रमों की शुरुआत हो चुकी है। जन्मोत्सव के पहले बुधवार को सवा लाख मोदकों की झांकी सजाई गई। इस झांकी का मुख्य आकर्षण 251-251 किलो के दो बड़े मोदक रहे।

इनके साथ ही 51 किलो के 5 मोदक, 21 किलो के 21 मोदक और 1.25 किलो के 1100 मोदक भी भगवान को भोग लगाए गए। हजारों छोटे मोदकों से भी श्रृंगार कर प्रथम पूज्य को विशेष भोग लगाया गया। साथ ही भगवान गणेश को माणक-पन्ना जड़ित विशेष मुकुट धारण कराया गया। दर्शनों के लिए भक्तों की सुबह 5 बजे से ही भीड़ लग गई थी।



मंदिर महंत कैलाश शर्मा ने बताया कि मोदकों को तैयार करने में 14 हजार 600 किलो सामग्री का उपयोग किया गया। इसमें 2 हजार 500 किलो घी, 3 हजार किलो बेसन, 9 हजार किलो शक्कर और 100 किलो मेवा शामिल रहा। झांकी में सजाए गए मोदकों को भक्तों के लिए प्रसाद स्वरूप निशुल्क वितरित किया गया। मोदक भगवान गणेश का प्रियतम भोग माना जाता है। यही वजह रही कि भक्तों ने प्रसाद स्वरूप मिले मोदकों को भगवान का आशीर्वाद मानकर ग्रहण किया। सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। 21 अगस्त को श्री गणेश का पुष्य नक्षत्र अभिषेक किया जाएगा। पंचामृत 251 किलोग्राम दूध, 25 किलोग्राम बूरा, 50 किलोग्राम दही, 11 किलोग्राम शहद और 11 किलोग्राम घी मिलाकर बनाया जाएगा।

# आवासन मंडल की अवाप्तशुदा जमीनों पर बसी कॉलोनियों के नियमन पर रोक

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने सांगानेर के आसपास आवासन मंडल की ओर से अवाप्तशुदा जमीनों पर बसी कॉलोनियों के नियमन को लेकर यूडीएच की ओर से गत 12 मार्च को जारी आदेश की क्रियान्विति पर रोक लगा दी है। जस्टिस एसपी शर्मा और जस्टिस संजीत पुरोहित की खंडपीठ ने यह आदेश पब्लिक अगेंस्ट करप्शन की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता पीसी भंडारी और अधिवक्ता टीएन शर्मा ने आवासन मंडल की ओर से बी टू बाईपास से सांगानेर के बीच की कई बीघा जमीन को अवाप्त कर कब्जाधारियों को अवार्ड जारी किए थे, लेकिन इन जमीनों का कब्जा नहीं लिया गया था।

इस दौरान प्रभावशाली लोगों ने इस जमीन पर कब्जा कर लिया और करीब 86 कॉलोनियां काटकर सोसाटियों के पट्टे जारी कर दिए। याचिका में कहा गया कि राज्य सरकार के अधिकारियों ने भू माफियाओं से मिलीभगत कर आवासन मंडल के स्वामित्व की इस जमीन का कब्जा धारियों के पक्ष में नियमन करने का निर्णय ले लिया। वहीं नगरीय विकास विभाग ने गत 12 मार्च को इस संबंध

- **हाईकोर्ट ने नगरीय विकास विभाग के गत 12 मार्च को जारी आदेश की क्रियान्विति पर भी रोक लगाई है**

में आदेश भी जारी कर दिया। याचिका में गुहार की गई है कि आवासन मंडल की जमीन का अतिक्रमियों के पक्ष में नियमन होने से रोका जाए और मौके पर हुए अतिक्रमणों को भी हटाया जाए। वहीं राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता मनोज कुमार शर्मा ने अदालत को बताया कि इस भूमि पर तीन दशक से अधिक की अवधि से लोग रह रहे हैं। जमीन की अवाप्ति का मूल उद्देश्य अब पूरा होना भी संभव नहीं है।

ऐसे में यहां बसी कॉलोनियों के निवासियों को सुविधाएं देने के लिए इसका नियमन करने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही एएजी ने याचिका का जवाब पेश करने के लिए समय मांगा। इस पर अदालत ने मामले में यूडीएच की ओर से जारी गत 12 मार्च के आदेश पर रोक लगा दी है।

# हैरिटेज महापौर-कमिश्नर के खिलाफ पार्षदों का धरना

**जयपुर।** हैरिटेज नगर निगम में सियासी बवाल मचा हुआ है। बुधवार को बीजेपी चेयरमैन और पार्षदों ने अपनी ही पार्टी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया।

करीब 20 से ज्यादा बीजेपी पार्षदों ने महापौर कुसुम यादव और कमिश्नर

- **वार्डों का विकास रोकने का आरोप लगाते हुए पार्षदों ने बस्सी सीतारामपुरा में सरकारी जमीन के फर्जी पट्टे देने की निष्पक्ष जांच करने समेत कई मांगें रखी**

डॉ. निधि पटेल पर आरोप लगाते हुए मुख्यालय भवन में अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। इस दौरान भाजपा पार्षदों में भ्रष्टाचार मुक्त निगम बनाने के साथ मेयर और कमिश्नर की सद्बुद्धि को लेकर भजन किए।

बीजेपी पार्षद सुभाष व्यास ने कहा कि मौजूदा बोर्ड में 100 करोड़ रुपए की बस्सी सीतारामपूरा की सरकारी जमीन के गलत पट्टे जारी कर जमीन



हैरिटेज नगर निगम मुख्यालय में भाजपा पार्षदों ने बुधवार को धरना देकर विरोध जताया।

घोटाला हुआ है। इस पूरे मामले में वो सभी दोषी है, जिन्होंने फाइल पर साइन किए। अब उन सब के खिलाफ निष्पक्ष जांच एजेंसी से जांच होनी चाहिए। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई व पट्टे निरस्त होने चाहिए।


पार्षदों ने कहा कि, नगर निगम के पूर्व कमिश्नर अरुण कुमार हसीजा ने साधारण सभा की बैठक में सभी पार्षदों के वार्डों में विकास कार्यों के लिए एक-एक करोड़ रुपए देने का ऐलान किया था। वार्डों के विकास कार्य भी सैंक्शन हो गए थे। परंतु वर्तमान कमिश्नर निधि पटेल ने हमारे वार्डों के विकास कार्यों को रोक दिया है। वार्डों में सफाई व्यवस्था के लिए जो कर्मचारी प्रत्येक पार्षद को दिए गए थे, उन्हें भी हटा दिया गया है। इस वजह से वार्डों की सफाई व्यवस्था चरमरा चुकी है। पार्षदों ने कहा कि जब तक उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जाएगा। तब तक अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे रहेंगे। पार्षदों ने भूख हडताल की भी चेतावनी दी। बीजेपी चेयरमैन उत्तम शर्मा ने कहा कि नगर निगम में एक और जहां वार्डों के विकास कार्य रुक चुके हैं। खुलेआम जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है। सिविल लाइन जोन में करोड़ों रुपए की सरकारी जमीन के फर्जी पट्टे दे दिए, इसकी निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। धरने में चेयरमैन सुरेश नवरिया, उत्तम शर्मा, माणक शर्मा, संतोष कवंर, महेंद्र पहाड़ियां, हेमेंद्र शर्मा, बबीता तंवर, मनोज दुग्गल, अंशुल शर्मा, ज्योति चौहान, विक्रम सिंह, रवि सैनी, सुभाष व्यास, राजेश कुमावत, मंजू राकेश बागड़ा, विमल अग्रवाल, सुनील दत्ता, श्याम सुंदर सैनी और राहुल शर्मा मौजूद रहे।

## महिला सुरक्षा जीवनभर का संकल्प : डीजीपी

**जयपुर।** जयपुर पुलिस ने महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक बड़ा और प्रभावशाली अभियान शुरू किया है। इस अभियान का नाम "सशक्त नारी, जिम्मेदारी हमारी" है, जिसका उद्घाटन पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने कॉन्स्टीट्यूशन क्लब के पृथ्वीराज चौहान सभागार में किया। यह अभियान 26 अगस्त तक महिला सुरक्षा सप्ताह के रूप में चलेगा, लेकिन इसका संकल्प स्थायी है। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने कहा कि महिला सुरक्षा सिर्फ सात दिनों का नहीं, बल्कि हमेशा का ही संकल्प है। उन्होंने महिलाओं को शक्ति, सहनशीलता और साहस का प्रतीक बताया। उन्होंने उल्लेख किया कि राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में महिला सुरक्षा सबसे ऊपर है और कालिका पेट्रोलिंग, एंटी-रोमियो और निर्भया स्क्वाड जैसी पहलों ने पहले ही सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने जयपुर को देश का दूसरा सबसे सुरक्षित शहर बताते हुए, इसे विश्व का सबसे सुरक्षित शहर बनाने का लक्ष्य रखा।

# शासन सचिव ने ली पशुपालन विभाग के अफसरों की बैठक

**जयपुर।** पशुपालन विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट घोषणाओं के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए क्रियान्विति की गति बढ़ाते हुए काम करने के लिए विभाग के अधिकारियों को निर्देश प्रदान किए है। उन्होंने अधिकारियों को बजट घोषणाओं को योजनाबद्ध तरीके से तय समयावधि में पूरा करने के निर्देश दिए। राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक में पशुपालन निदेशक तथा आरएलडीबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ आनंद सेजरा, पशुपालन विभाग के अतिरिक्त निदेशक डॉ सुरेश मीना, डॉ प्रवीण सेन, डॉ विकास शर्मा, डॉ ओमप्रकाश बुनकर सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। संभाग के अतिरिक्त निदेशक, जिलों के संयुक्त निदेशक सहित वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी बैठक में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। बैठक में मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना, मोबाइल वेटरीनरी यूनिट, कॉल सेंटर के संचालन और प्रभावी




पशुपालन विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने बैठक ली।

पर्यवेक्षण, लंपी स्किन डिजीज तथा अन्य टीकाकरण, दवाईयों की समय पर उपलब्धता, सेक्स सॉर्टेड सीमन, टीकाकरण का भारत पशुधन एप पर इन्द्राज, पशु चिकित्सा संस्थाओं के भवन के लिए भूमि के पट्टे तथा केपीआई सहित अन्य विभिन्न मुद्दों पर अधिकारियों ने पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुति दी और उन पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा के तहत 13 लाख 1896 पशुओं के स्वास्थ्य प्रमाण पत्र जारी हो चुके हैं जबकि 10 लाख 7474 पशुओं का सर्वे हो चुका है और 9.29 लाख की बीमा पॉलिसी जारी हो चुकी है। इस संबंध में शासन सचिव ने योजना की क्रियान्विति की सराहना करते हुए कहा कि इस योजना का दूसरा चरण सितंबर के प्रथम सप्ताह में शुरू किया जाएगा और इस बार स्वास्थ्य प्रमाण पत्र और बीमा जारी करने का काम साथ साथ किया जाएगा।

ARBIT it happens here...

राष्ट्रदूत
THURSDAY
21 August 2025
A-B




## Celebrating the Voices Behind Poetry

Observed on August 21, Poet's Day celebrates the art and influence of poetry across cultures and generations. It honours poets, past and present, whose words capture emotions, tell stories, and inspire reflection. Poetry has long served as a powerful form of expression, offering comfort, challenging ideas, and preserving history. Even in the modern era of rapid communication, verses continue to connect people to deeper thoughts and shared human experiences. Poet's Day encourages individuals to read, write, or share poetry, fostering appreciation for this literary tradition that transforms simple language into lasting works of art.

#SAHABZADA YAQUB KHAN

# A Soldier of Principle and Conviction

Yahya Khan pushed for a military crackdown on Bengali activists and civilians, Yaqub Khan refused to comply.



Mohammad Yaqub Khan with British officers in May of 1879.



In the complex and often turbulent history of South Asia, few military figures have stood out for their principled stance as clearly as Lieutenant General Sahabzada Yaqub Khan. A seasoned soldier, diplomat, and thinker, Yaqub Khan's decision to stay with Pakistan after the Partition of British India and his later resignation in protest against military action in East Pakistan remain defining moments of moral clarity in a time marked by crisis and conflict.

### Choosing Pakistan After Partition

Born in 1920 into the royal family of Rampur in British India, Sahabzada Yaqub Khan was commissioned into the British Indian Army during World War II. He saw combat in North Africa and Europe, gaining reputation as a capable and cultured officer. At the time of the 1947 Partition, he was serving as an officer in the British Indian Army.

When the subcontinent was divided into India and Pakistan, Yaqub Khan chose to join the Pakistan Army, becoming one of the early senior officers in the nascent military establishment. His decision to side with Pakistan was influenced by a deep belief in the country's potential and a sense of duty to help shape its future. He quickly rose through the ranks, serving in key command positions and becoming aide-de-camp to Pakistan's founder, Muhammad Ali Jinnah.

### The East Pakistan Crisis and a Conscientious Stand

By 1971, Yaqub Khan was the Commander of the Eastern Command and also served as Governor of East Pakistan. In the lead-up to the Bangladesh Liberation War, political tensions in East Pakistan had escalated due to long-standing grievances among the Bengali population, primarily concerning political representation and economic disparity.

Unlike many in the military high command, Yaqub Khan sought a political solution rather than military suppression. He recognized the legitimacy of Bengali demands and the risks of using force to quell dissent. When President Yahya Khan and other generals pushed for a military crackdown on Bengali political activists and civilians, Yaqub Khan refused to comply.

Rather than oversee a violent campaign that he believed would destroy the unity of Pakistan and result in unnecessary bloodshed, he resigned from both his military command and his governorship in March 1971. His resignation was not only a protest but also a prescient warning, within months, the conflict escalated into a full-scale civil war, leading to the creation of Bangladesh and one of the darkest chapters in Pakistan's history.

### Legacy of Integrity

Sahabzada Yaqub Khan's refusal to partake in the military action in East Pakistan remains one of the few acts of open dissent within the top echelons of the Pakistani military at the time. In an institution where loyalty and obedience were paramount, his choice demonstrated moral courage and foresight. After leaving active military service, Yaqub Khan transitioned into a highly respected diplomatic career, serving as Pakistan's ambassador to the United States, France, and the Soviet Union. He later became Pakistan's Foreign Minister during critical moments in the 1980s and 1990s, playing a key role in managing regional tensions and Pakistan's foreign policy during the Afghan-Soviet War.

### Conclusion

In a history often dominated by ambition and militarism, Sahabzada Yaqub Khan stands as a rare example of a soldier who chose conscience over command. His decision to join Pakistan at Partition was an act of faith in a new nation. His resignation in 1971 was an act of integrity, an acknowledgment that power must be tempered by principle. Even decades later, his actions continue to be studied as a model of ethical leadership, reminding us that in moments of national crisis, the courage to say 'no' can sometimes be more powerful than the will to obey.



# The World looks on...




I didn't wanna be labelled Anti Semitic
I didn't wanna to get cancelled
I didn't wanna lose my career and fans
I didn't wanna offend anyone
But at a certain point
I couldn't believe those voices anymore
My heart had enough cracks in it
The light of Palestinian struggle and
unwavering faith
Cracked it open
I was experiencing what
happens when
The internal pain from being silent
Outweighs the risk of speaking
up in moments of injustice



### Are We Complicit?

**By Macklemore, American rapper**




I didn't wanna be labelled Anti Semitic
I didn't wanna to get cancelled
I didn't wanna lose my career and fans
I didn't wanna offend anyone

But at a certain point
I couldn't believe those voices anymore
My heart had enough cracks in it
The light of Palestinian struggle
and unwavering faith
Cracked it open
I was experiencing what happens when
The internal pain from being silent
Outweighs the risk of speaking up
in moments of injustice

And once you see it
You cannot unsee it
Once you learn the real history
You cannot unlearn it
Once you get past the media and the White
House focussing solely on October 7th
And you begin to look
at October 6th, 5th, 4th
And the last 75 years before
Of oppression and displacement
That's when the truth opens up

And once you look under the hood
Our government and leaders are bought
and paid by the Israeli lobby
You can't look at your so called
democracy the same way
Once you understand that
Our tax dollars are funding a genocide
A genocide we are watching in real time
In the palm of our hands

I believe it is our moral obligation
To adamantly protest
the atrocities we are witnessing
and funding
Or we are complicit



Pavan Shorey
*Consultant Vitreo Retinal Surgeon & author of two novels, Conversations on a Park Bench and The Mountain Deer.*

## #REQUIEM

The Gaza war will complete two years in October this year. The reduction of Gaza into an apocalyptic rubble, the deprivation of the entire population of shelter, food and water, and the wanton killing of innocent civilians qualifies it as a Genocide. Israel has not stopped there, it is inflicting starvation on the Palestinians. It has the approval of not just the far right but a majority of Israeli society (82- 91%).

This ethnic cleansing came about because Israel operates with impunity, with utter disregard for international laws. After the Nazi Holocaust, the West said, 'NEVER AGAIN!.' Did it apply only to the White races? The strategy of the Nazis in dehumanising Jews is now applied to the Palestinians. The world is silent, the Arab monarchies are silent but the disgust of this Genocide playing on our mobiles will bring hatred for the Jews in Israel for decades to come. The Jews all over the world are not safe anymore. The children who survived this Holocaust will not forget and Israel will have to face terrorism and wars for years to come.

### Gaza Hunger Games



How does one starve a nation
How does one let babies die hungry
How do thousands descend
on meagre supplies
And only the strongest get hold of food
Ask Israel
It is their Gaza Hunger games

How do you make a sham of food aid
How do you engineer a famine
Airdrop small packets of food
And say they were looted by Hamas
Ask Israel
It is their Gaza hunger games

How are the departing crowds
Of this food distribution
Shot at by live ammunition
Shot by machine guns of the IDF
Felled hungry beings, no medical aid
forthcoming
Ask Israel
It is their Gaza Hunger games

How are the Palestinians called sub
humans
While the IDF soldiers merrily shoot at
unarmed crowds
Make videos of their orchestrated killings
Ask Israel
It is their Gaza Hunger games

### I am going to Allah

**I will tell him everything**



A dying girl sobs:
I lost my parents
I lost my brothers and sisters
Now it is my turn
I am going to Allah
I will tell him everything


Bury me besides my father and mother
I want to be buried here in Palestine
I will tell Allah, how they killed children
I will tell Allah, how they bombed our tents
I will tell Allah, how they starved us
I will be with Allah
I will tell him everything

I was clutching a loaf of bread
They opened fire
I was hit and the loaf of bread fell with me
It was eagerly grabbed by another kid
He looked at my bleeding chest
Go to Allah
Tell him everything

As my life ebbs
I ask this world
Why did you let this happen
Why did you let women and children be killed
You people of the world have blood on
your hands
I am going to Allah
I will tell him everything

### Your Holocaust, Our Holocaust





A Nazi Holocaust survivor:
Our people were starving in Nazi
concentration camps
They were offered sandwiches,
if they boarded the trains
All rushed to pack the trains
They got their sandwiches
But they also got gas chambers

A Gaza Holocaust survivor:
You ban the UN world food programme
You take over aid distribution
Put famine striken people in food lines
Then you shoot at them
IDF rejoices, these subhumans
They deserve this
When did the Jews morph into Nazis
When did the collective conscience
of the world go to sleep
If starving babies and children,
emaciated mothers don't move you
You are like the present day Zionists
with hearts of stone

### We shall remain here: A Palestinian song



Despite the pain of losing loved ones
Despite seeing the ruins of our
homes as far as the gaze goes
Despite the maiming and killing
of women and children
We shall remain here

We shall remain here
So that we do not forget
This painful chapter in our life
We shall remain here
And sing songs to remember our loved
ones


This massacre, this killing of innocents
Will be etched in our souls
Till we die
We as people will rise from the rubble
To build our nation again
Truly the best nation among nations

Our homeland, Our homeland
We are one with you
We will celebrate a free Palestine!
A free Palestine!
We will always remain here

rajeshsharma1049@gmail.com

#WONDER

# The Return of the Lotus



Wular Lake blooms Pink again after three decades!



In a remarkable ecological revival, Wular Lake in Jammu and Kashmir has witnessed the return of the lotus flower (Nelumbo nucifera) after more than three decades of absence. The reappearance of the lotus, locally known as nadru, has brought renewed hope, cultural pride, and economic promise to the people of Kashmir, particularly those living near the lake in Bandipora district.

Wular Lake, one of Asia's largest freshwater bodies, once supported a rich biodiversity and sustained traditional livelihoods through fishing, fodder collection, and the harvesting of lotus stems. However, in 1992, devastating floods choked the lakebed with millions of tons of silt, burying the aquatic vegetation beneath layers of sediment. Among the worst casualties was the lotus, a plant that had for generations provided food, income, and a sense of identity for the people of the region.

For over thirty years, the lake lay silent, its surface increasingly overrun by weeds and pollution, and its cultural connection with the community gradually weakening. Many locals believed that the lotus was lost forever. "We thought we had lost God's gift," said an elderly resident from Bandipora, reflecting on the flower's sudden disappearance. The recent resurgence, however, is not accidental. It is the outcome of a massive restoration project undertaken over the past few years by local authorities, environmental experts, and conservation groups. A large-scale desilting operation was launched to revive the lake's ecosystem. Cutter suction dredgers were deployed to remove nearly 80 lakh cubic meters of silt, clearing approximately four to five square kilometers of lakebed. As the sludge was peeled back, something extraordinary happened: the long-dormant lotus rhizomes, buried since 1992, began to respond.

What followed can only be described as a natural miracle. Exposed to sunlight and clean water for the first time in decades, the rhizomes began to sprout. Simultaneously, environmental groups initiated seed-sowing campaigns to encourage further growth. By the summer of 2025, entire sections of the lake were once again dotted with the iconic pink flowers that had been absent for a generation.

The return of the lotus is not only an ecological milestone but also a socio-economic one. Nadru harvesting has traditionally provided income to hundreds of families in the region. For years, these families had been forced to seek alternative livelihoods. Now, with the plant's resurgence, a familiar trade has returned to life. Harvested lotus stems have already begun to appear in local markets, reviving a once-fading tradition.




Culturally, the significance of the lotus goes far beyond commerce. In Kashmiri cuisine, it occupies a cherished place in dishes such as Nadru Yakhni, a yogurt-based curry, and Nadru Monji, a deep-fried delicacy. The plant is not only an ingredient but a cultural symbol of purity, endurance, and connection to nature. Its return has brought a wave of joy and nostalgia, particularly among older generations who remember a time when Wular Lake was alive with pink blooms.

Environmentally, the lotus bloom is a sign of broader ecosystem recovery. The improved water conditions have attracted migratory birds once again, restoring a balance that had been missing for years. The return of species like grebes and mallards indicates that the lake's biodiversity is slowly rebounding, offering a hopeful glimpse into the future. Yet, despite this encouraging development, Wular Lake remains vulnerable. The threats that once buried its life, pollution, encroachment, unregulated tourism, and developmental pressure, still persist. Conservationists warn that unless protective measures are consistently enforced and local communities are actively involved in stewardship, the lake's fragile revival could be short-lived.


Nevertheless, for now, the bloom of the lotus in Wular Lake stands as a powerful symbol. It represents the resilience of nature, the impact of focused environmental action, and the enduring link between people and their environment. In a region often marked by turbulence, the soft pink petals floating on Wular's surface offer a rare and poignant image of healing and renewal.

### THE WALL




### BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




### ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# दस रुपए के लिए शराब ठेके पर विवाद, पति-पत्नी को घर जाकर गोली मारी

## ठेकाकर्मियों के साथ 8-10 बदमाश ग्राहक के घर जा पहुंचे और फायरिंग कर दी, दम्पती घायल

**नदबई/भरतपुर, (निस)।** नदबई के नजदीकी गांव बैलारा में बुधवार को शराब के ठेके पर शुरू हुआ मामूली विवाद खून-खराबे में बदल गया। दस रुपए के लिए ठेके के कर्मचारियों और एक ग्राहक के बीच कहासुनी इतनी बढ़ गई कि कर्मचारियों ने ग्राहक से मारपीट कर दी।

मारपीट की घटना के कुछ देर बाद ही ठेकाकर्मियों के साथ 8-10 बदमाश ग्राहक के घर जा पहुंचे और ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। फायरिंग में गांव बैलारा निवासी सरमन सिंह (50) और उनकी पत्नी पिस्ता देवी (45) गंभीर रूप से घायल हो गए। अचानक हुई वारदात से पूरे गांव में दहशत फैल गई और लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे।



घायल दम्पती को इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया।

- **दोनों घायलों को नदबई राजकीय जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद भरतपुर जिला आरबीएम अस्पताल रेफर किया**
- **कोई मामला दर्ज नहीं हुआ है, आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी के प्रयास तेज किये**

सूचना मिलते ही सीओ नदबई अमर सिंह राठौड़ पुलिस दल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का मुआयना किया। दोनों घायलों को नदबई राजकीय जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें भरतपुर जिला आरबीएम अस्पताल रेफर कर दिया गया। पति-पत्नी के पैर में एक-एक गोली लगी है। फिलहाल पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। अब तक कोई मामला दर्ज नहीं हुआ है, लेकिन आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं।

# जाति बदलकर फर्जीवाड़ा कर रिटायर पुलिसकर्मी ने जमीन खरीदी

**अलवर, (निसं)।** अलवर के तूलेड़ा में 40 साल पहले एस.सी. की जमीन को सामान्य वर्ग के पुलिसकर्मी (अब रिटायर) और वैश्य महिला ने फर्जीवाड़े से खरीदा था। जमीन का अलवर यूआईटी से भू रूपांतरण कराया था। मामला अब कई साल बीतने के बाद सामने आया है। आसपास के लोगों ने मंदिर निर्माण करना चाहा, तब मामला पकड़ में आया।

जमीन को रिटायर पुलिसकर्मी अमर सिंह यादव और एक वैश्य महिला ने खरीदा था। तूलेड़ा के कुछ लोगों ने अलवर कलेक्टर, यूआईटी सचिव व सरकार के नुमाइंदों को शिकायत भेजकर कार्रवाई की मांग की है। हालांकि आरोपी पक्ष के लोगों का कहना है कि ये गलत आरोप है। अमर सिंह नाम का व्यक्ति दूसरा है, जिसके पिता का नाम भी अलग है। जमीन का हक किसी अन्य व्यक्ति का है। उसके जरिए जमीन पर काबिज हैं। ये जमीन खरीद के दस्तावेज हैं। जिसमें अमर सिंह ने खुद की जाति चमार बता रखी है, लेकिन असलियत में यादव हैं। वहीं दूसरी खरीददार जावत्री देवी है,। वो भी जाति एससी दिखा रखी हैं, लेकिन असलियत में वैश्य है।

- **कागजों में खुद को एस.सी. वर्ग का बताया, 40 साल बाद मामला सामने आया**
- **तूलेड़ा में 40 साल पहले एस.सी. की जमीन को सामान्य वर्ग के पुलिसकर्मी (अब रिटायर) और वैश्य महिला ने फर्जीवाड़े से खरीदा था**

जीवनराम जाटव व पूर्व पार्षद राजेंद्र प्रसाद ने मामला उठाते हुए कहा कि रजिस्ट्री करने वाले अधिकारियों ने कैसे एससी की जमीन की रजिस्ट्री सामान्य वर्ग के लोगों को कर दी। फर्जी कागजात तैयार करा लिए। तूलेड़ा में खसरा 176 रकबा 22 बारानी प्रथम किटोड़ा में लगती है।


पार्षद ने बताया कि तूलेड़ा में रामसहाय जाटव की 2500 वर्ग गज जमीन को 1984 में पुलिसकर्मी अमर सिंह यादव निवासी लाडपुर बानसूर और जावित्री देवी ने खरीदी थी। अमर सिंह ने खुद की जाति एससी बताकर रजिस्ट्री करा ली। अब हाल में तूलेड़ा में एक मंदिर में निर्माण होने लगा तो रिटायर पुलिसकर्मी अमर सिंह अड़ंगा करने लगा। इसके बाद आमजन को पता चला कि वह जाति से यादव है, लेकिन उसने खुद की जाति एससी बताकर 2500 वर्गगज जमीन खरीद ली, जो नियमानुसार गलत है।

पार्षद राजेंद्र व जीवनराम का कहना है कि एससी की जमीन को सस्ते दामों में खरीदकर हड़पा गया है। हमारा मुद्दा यही है कि खुद की जाति बदलकर जमीन खरीद ली। यह कानून हाथ में लेने जैसा है। मामले में की जांच होनी चाहिए। जमीन से व्यक्ति का कब्जा हटाना चाहिए। चाहे जमीन सरकार अपने हाथ में ले या इसका सार्वजनिक उपयोग ले, लेकिन खरीददारों ने पूरी तरह गैर कानूनी काम किया है। उनके खिलाफ कार्यवाही होनी चाहिए।

# जनाना अस्पताल में प्रसूता की मौत के बाद परिजनों का हंगामा, सात हिरासत में

**भरतपुर, (निसं)।** जनाना अस्पताल में बच्ची को जन्म देने के बाद प्रसूता की मौत हो गई। इसके बाद गुस्साए परिजनों ने अस्पताल में हंगामा कर दिया। मृतका के पति ने आरोप लगाया कि उसकी पत्नी की मौत गलत इंजेक्शन लगाने से हुई है। सूचना पर पहुंची मथुरा गेट पुलिस ने सात लोगों को हिरासत में लिया है।

- **मृतका के पति ने आरोप लगाया कि उसकी पत्नी की मौत गलत इंजेक्शन लगाने से हुई है**
- **पुलिस ने हंगामा कर रहे सात लोगों को हिरासत में लेकर मथुरा गेट थाना पर लाकर छोड़ दिया**



भरतपुर में प्रसूता की मौत के बाद हंगामा कर रहे लोगों से पुलिस ने समझाइश की।

जानकारी के अनुसार नमक कटरा निवासी आकाश (26) ने मंगलवार शाम अपनी पत्नी पिंकी (26) को जनाना अस्पताल में भर्ती करवाया था। शाम करीब सात बजे पिंकी ने बच्ची को जन्म दिया। देर रात 12 बजे उसकी तबीयत बिगड़ने पर नर्सिंगकर्मियों ने इंजेक्शन लगाया। आरोप है कि इंजेक्शन लगने के डेढ़ घंटे बाद पिंकी की मौत हो गई। इसके बाद परिजन अस्पताल प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे और धरना दिया। हंगामे की सूचना पर पहुंची मथुरा गेट पुलिस ने हंगामा कर रहे सात लोगों को हिरासत में लेकर मथुरा गेट थाना पर लाकर बाद छोड़ दिया।

अस्पताल प्रभारी शेर सिंह ने बताया कि महिला का ऑपरेशन सामान्य था। रात को तबीयत बिगड़ने पर उसे आरबीएम अस्पताल के आईसीयू में रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उन्होंने कहा कि यदि परिजन लिखित शिकायत देंगे तो जांच कराई जाएगी।

## चोरी करने वाले दो शातिर गिरफ्तार

**भीलवाड़ा, (निसं)।** गंगापुर थाना क्षेत्र में रात्रि के समय में माईन्स से मोटरें व इलैक्ट्रॉनिक सामान चोरी करने वाले दो शातिर आरोपी पिन्टु खान तथा परमेश्वर कटवाल उर्फ राहुल उर्फ गना उर्फ फोरिया को गिरफ्तार किया। 18 जुलाई को प्रार्थी संजय माली हाल मुनीम यस माईन्स नाथजी का खेड़ा ने एक लिखित रिपोर्ट पेश की कि 15 जुलाई को माईन्स के ऑफिस का ताला टूटा हुआ है, जिस पर मैं माईन्स पर आया तो देखा तो आफिस का ताला तोड़कर उसमें रखा सामान ल्युमिनश का दो किलो वाट का एक ईंवेटर, ल्युमिनश कम्पनी को दो बड़ी बैट्ररीयां, दो मोटर तथा करीब 60 मीटर केबल अज्ञात चोर चुराकर ले गये।

# जोधपुर की बदहाल सफाई व्यवस्था पर हाईकोर्ट ने निगम को फटकार लगाई

**जोधपुर, (कासं)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने जोधपुर नगर निगम की लापरवाही और शहर की बदहाल सफाई व्यवस्था पर नाराजगी जताते हुए कड़ी फटकार लगाई है। जस्टिस विनित कुमार माथुर और जस्टिस अनुरूप सिंघी की खंडपीठ ने महेश गहलोत की याचिका पर सुनवाई करते हुए नगर निगम की सफाई व्यवस्था पर सीधे तंज कसते हुए कहा कि जोधपुर शहर की स्वच्छता की स्थिति अत्यंत दयनीय है।

महेश गहलोत ने अधिवक्ता भीमकांत व्यास के माध्यम से लालसागर वन में आनासागर बांध से मलबा, कचरा हटाने को लेकर याचिका दायर की थी। इस पर कोर्ट ने कहा कि यह केवल अनासागर बांध का मामला नहीं है, बल्कि पूरे जोधपुर शहर की स्वच्छता से जुड़ी है। कोर्ट ने साफ शब्दों में कहा है कि नगर निगम की लापरवाही भयावह है और अब कोई बहानेबाजी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नगर निगम की ओर से अधिवक्ता ने निर्देशों को पूरा करने और संबंधित सरकारी भूमि से मलबा/कचरा हटाने के संबंध में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कुछ समय मांगा। मामले की अगली सुनवाई 16 सितंबर को की जाएगी।

- **कोर्ट ने साफ शब्दों में कहा है कि नगर निगम की लापरवाही भयावह है और अब कोई बहानेबाजी बर्दाश्त नहीं की जाएगी**

हाईकोर्ट ने नगर निगम के अधिवक्ता को एक हलफनामा दायर करने का निर्देश देते हुए कहा कि सफाई और मलबा, कचरा हटाने के कार्य के लिए नगर निगम के पास कितने अधिकृत कर्मचारी हैं और उनमें से कितने वास्तव में कार्यरत हैं। नगर निगम जोधपुर शहर में सड़कों, पार्कों से सफाई और मलबा, कचरा हटाने की कार्ययोजना भी प्रस्तुत करें। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि नगर निगम आयुक्त उत्तर और नगर निगम आयुक्त दक्षिण जोधपुर द्वारा हलफनामा अगली सुनवाई पर 16 सितम्बर को पेश नहीं किया तो कोर्ट दोनों को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में पेश होने का आदेश देगा।

# फर्जी दस्तावेज से जमीन बेच करोड़ों की ठगी, हिस्ट्रीशीटर सहित दो गिरफ्तार

**उदयपुर, (निसं)।** फर्जी दस्तावेज से जमीन बेचकर करोड़ों रूपयों की ठगी करने के मामले में हिस्ट्रीशीटर सहित दो जनों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पूर्व में 6 को गिरफ्तार किया जा चुका है।

डिप्टी छगन पुरोहित ने बताया कि दलीचंद पुत्र चुना गमेती, निवासी वार्ड 1 नीमचखेड़ा ने 28 मार्च को मामला दर्ज करवाया था कि उसको अपने खेती के लिए जमीन की आवश्यकता होने उसने भू-दलाल चेतन शर्मा पुत्र रामलाल शर्मा निवासी लक्ष्मीमार्ग अमल का कांटा, राजेन्द्र सिंह पुत्र मोती सिंह देवडा निवासी लियों का गुढ़ा, आयुष लोढा पुत्र स्वरु नीलम लोढा निवासी भुपालपुरा, विरेन्द्र पुत्र स्व. नरेन्द्र चौहन निवासी नाडाखाड़ा से सम्पर्क किया, जिन्होंने उसे अपने मूल खातेदार वरदा पुत्र देवा भील एवं सवलिया पुत्र देवा भील निवासी बोरा मंगरा ढीकली ने अपने खातेदार रोशनलाल पुत्र माना भील निवासी सालेरा कला के नाम खरीदी वाडा ढीकली मे जमीन बताई। इस जमीन का सौदा 3 करोड़ 11 लाख रूपए में किया, जिसका एग्रीमेंट 6 अगस्त 2024 को चेतन शर्मा ने किया।

- **इस मामले में पूर्व में छह जनों को गिरफ्तार किया जा चुका है**

एग्रीमेंट के साथ ही 21 लाख रूपए प्राप्त किए तथा शेष रकम लेकर 21 सितम्बर 2024 को रजिस्ट्री करवाना तय किया। 24 अक्टूबर 2024 को आरोपियों ने 84 लाख 51 हजार रूपये प्राप्त कर लिए। 25 अक्टूबर 2024 को 35 लाख रुपये नकद और प्राप्त किए। 14 नवम्बर 2024 को इस जमीन की रजिस्ट्री वरदा पुत्र देवा भील निवासी बोरा मंगरा ढीकली की पॉवर ऑफ अटार्नी के जरिए राजू पुत्र लक्ष्मण ननोमा निवासी सुलाई डूंगरपुर के माध्यम से करवाई तथा एग्रीमेंट के अनुसार शेष रकम में से 27 लाख रूपये रजिस्ट्री के समय प्राप्त कर लिए।

आरोपियों ने 1 करोड़ 19 लाख 51 हजार रूपये प्राप्त कर लिए। उसने इनसे शेष जमीन की रजिस्ट्री करवाने के लिए कहा तो इन्होंने पहले तो टालमटोल किया। शंका होने पर वह खरीदी गई जमीन पर गया तो वहां पर वरदा भील व उनके परिजनों ने बताया कि उन्होंने किसी को पॉवर ऑफ अटार्नी नहीं दिया। इस तरह से आरोपियों ने धोखाधड़ी कर करोड़ों रूपए ऐंठ लिए। इस पर पुलिस द्वारा पूर्व में रोशनलाल भील, कल्याण सिंह, राजेन्द्र सिंह देवडा, राजू ननोमा, नारायण लाल, हर्ष आर्य को गिरफ्तार किया जा चुका है। मामले में कांस्टेबल विष्णु शर्मा, ऋतुराज सिंह की टीम ने जांच करते हुए फरार चल रहे आयुष पुत्र स्व. नीलम लोढा निवासी मठपार्क के सामने भुपालपुरा, चेतन शर्मा पुत्र रामलाल शर्मा निवासी अमल का कांटा सूरजपोल को गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार मुख्य आरोपी आयुष लोढा व चेतन शर्मा गिरफ्तारी से बचने के लिए गत 4 माह से फरार चल रहे थे। आयुष लोढा पैसा आने के बाद मौज मस्ती करने गोवा चला गया था, जो 16 अगस्त को कार में बैठकर अहमदाबाद से उदयपुर आने की सूचना पर पुलिस टीम ने कार पीछा किया। आरोपी ने अपने आपको बचाने के लिए फिल्मी स्टाईल में कार भगाई, लेकिन उसे पकड़ लिया गया। दूसरे आरोपी चेतन शर्मा को उदियापोल से गिरफ्तार किया है।

# बाइक सवार तीन युवक ओवरब्रिज की दीवार से टकराए, दो की मौत व एक घायल

**डीडवाना, (निसं)।** डीडवाना से गुजर रहे मेगा हाइवे पर स्थित ओवरब्रिज पर बुधवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। बाइक पर सवार होकर जा रहे तीन युवक ओवरब्रिज की दीवार से टकरा गए, जिससे दो युवक ओवरब्रिज से नीचे जा गिरे, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

- **दीवार से टकराने के बाद लाडनूं फाटक ओवरब्रिज से नीचे गिर गये थे, एक युवक घायल**
- **बाइक सवार तीनों युवक खुनखुना की ओर जा रहे थे, डीडवाना से गुजर रहे मेगा हाइवे पर हादसा हुआ**

जानकारी के अनुसार मृतक और घायल लाडनूं तहसील के समना गांव से तीन युवक बाइक पर सवार होकर खुनखुना गांव की ओर जा रहे थे। इसी दौरान डीडवाना में लाडनूं फाटक के ओवरब्रिज के मोड़ पर उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और और ओवरब्रिज की दीवार से जा टकराई। इस टक्कर से ओवरब्रिज पर लगा एक बोर्ड भी टूट गया और बाइक पर सवार दो युवक उछलकर कई फीट नीचे जा गिरे, जिसके कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद डीडवाना पुलिस मौके पर पहुंची और मृतकों के शव के साथ ही घायल को बांगड़ जिला अस्पताल पहुंचाया। मृतकों की पहचान राकेश व देवाराम के रूप में हुई है, जबकि घायल रामकिशन का अस्पताल में उपचार जारी है। फिलहाल पुलिस मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम करवा रही है, वहीं मृतकों के परिजनों को भी सूचना दे दी गई है।

## अजमेर निगम ने अवैध निर्माणों पर कार्रवाई की

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर में बुधवार सुबह शहर में उस समय हड़कंप मच गया, जब नगर निगम के अवैध निर्माण शाखा की टीम ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर अवैध निर्माण पर कार्रवाई करते हुए दो गेस्ट हाउस, एक शराब ठेका व एक घर के तीसरे फ्लोर को सीज किया गया। सीज की कार्रवाई को लेकर हंगामा खड़ा हो गया। अधिकारियों की समझाइश के बाद मामला शांत हुआ। निगम की इस कार्रवाई के दौरान मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। कई जगह पर निगम अधिकारियों को विरोध का भी सामना करना पड़ा। कार्रवाई की दौरान पुलिस बल तैनात रहा। नगर निगम के एक्सईएन रमेश चौधरी ने बताया कि निगम आयुक्त देशलदान के दिशा निर्देश पर अवैध निर्माणों की मिल रही शिकायत पर शहर के चार स्थानों पर सीज की कार्रवाई अंजाम दी गई है। अवैध निर्माण शाखा टीम द्वारा भारी पुलिस बल की मौजूदगी में चौधर मोहल्ला, कड़क्का चौक, कालाबाग और सिविल लाइंस क्षेत्र में स्वीकृत नक्शों के विपरित बन रहे अवैध निर्माण पर सीजिंग की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान एक बाड़े को सीज करने को लेकर विवाद खड़ा हो गया, मौके पर मौजूद अधिकारियों ने वार्ता के बाद शांत कराया।

- **कई जगह पर निगम अधिकारियों को विरोध का भी सामना करना पड़ा**

# पीपलवास गांव का संस्कृत विद्यालय चार साल से एक अध्यापिका के भरोसे

## बुधवार को अध्यापिका के अवकाश पर जाने से स्कूल के ताला लगा मिला, बच्चों को स्कूल की फाटक से बिना पढ़े ही घर लौटना पड़ा

**भीण्डर, (निसं)।** भीण्डर क्षेत्र की आकोला ग्राम पंचायत के पीपलवास गांव के राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय में बुधवार को एकमात्र कार्यरत अध्यापिका अवकाश पर जाने से ताला लग गया। बच्चों को स्कूल की फाटक से बिना पढ़े ही घर लौटना पड़ा। इसको लेकर अध्यापिका ने बताया कि वे अपने घर पर मेडिकल इमरजेंसी आने की वजह से एक दिन के अवकाश पर गई थी, गुरूवार सुबह स्कूल लौट जायेगी।

जानकारी के अनुसार 6 पद स्वीकृत वाले स्कूल को पिछले 4 वर्ष से केवल एक अध्यापिका के भरोसे छोड़ रखा है। इसके चलते बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है तो वहीं भविष्य भी खतरे में है। राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय पीपलवास में वर्तमान में एक अध्यापिका मनीषा कार्यरत है। ये वर्ष 2010 से लगातार इसी स्कूल में सेवाएं दे रही है। 2021-22 सत्र से यहां से अन्य स्टॉफ का स्थानांतरण होने के बाद से अध्यापिका मनीषा ही पिछले 4 वर्षों से स्कूल संभाल रही है, जबकि एक हेडमास्टर, लेवल द्वितीय के दो व लेवल प्रथम के तीन अध्यापकों के पद स्वीकृत हैं।



भीण्डर क्षेत्र के पीपलवास स्कूल के बाहर खड़े ग्रामीण व स्कूल के बच्चे।

- **अध्यापिका ने बताया कि वे अपने घर पर मेडिकल इमरजेंसी आने की वजह से एक दिन के अवकाश पर गई थी, गुरूवार सुबह स्कूल लौट जायेगी**
- **राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय में कक्षा एक से 8 तक कुल 65 बच्चे अध्ययनरत हैं**

विद्यालय में कक्षा एक से 8 तक कुल 65 बच्चे अध्ययनरत है। पिछले 4 वर्षों से केवल एक अध्यापिका के भरोस स्कूल चलाने को लेकर शिक्षा विभाग की घोर लापरवाही उजागर होती है। जहां संस्कृत शिक्षा के नाम से वैसे भी नाम मात्र के विद्यालय संचालित हो रहे हैं और उनमें भी शिक्षण व्यवस्था पूरी तरह से नहीं हो सकती तो कैसे बच्चों को शिक्षा मिलेगी। पीपलवास गांव के बच्चों का भविष्य तो शिक्षा विभाग की लापरवाही की वजह से खतरे में डाला जा रहा है।

मनीषा, अध्यापिका पीपलवास स्कूल ने बताया कि मेरे सास बीमार होने की वजह से एक दिन का अवकाश लेकर घर गई थी, इसको लेकर वल्लभनगर संकूल की प्रधानाध्यापिका को प्रार्थना पत्र भी भेज रखा है। अवकाश के दिन व्यवस्था करने की जिम्मेदारी विभाग की है। स्कूल में एकमात्र स्टॉफ होने की वजह से मैं कई दफा जरूरी काम होने के बावजूद भी अवकाश नहीं ले पाती हूं।

लालूराम रावत, अध्यक्ष विद्यालय विकास समिति पीपलवास ने बताया कि मांग करने के बाद भी नहीं अधिकारी सुनते। एसएमसी अध्यक्ष हमारे स्कूल में स्टॉफ नहीं होने की शिकायत पिछले काफी समय से करते आ रहे हैं और गत 4 अगस्त को विधायक की जनसुनवाई में भी इस समस्या से अवगत करवाया था, लेकिन विभाग के अधिकारी हमारे स्कूल पर ध्यान नहीं देते है। इस वजह से हमारे बच्चों को बिना पढ़े घर लौटना पड़ रहा है और भविष्य खराब किया जा रहा है।

# रेल दोहरीकरण व नई ब्रॉडगेज लाइन की डेडलाइन तय

## कलेक्टर ने अधिकारियों को स्वीकृतियां पूरी करने के निर्देश दिए


**अजमेर, (कासं)।** उत्तर-पश्चिम रेलवे की दो बहुप्रतीक्षित परियोजना अजमेर-चंदेरिया (178.28 किमी) रेल दोहरीकरण और पुष्कर-कात्यासनी (मेड़ता) 51.34 किमी नई ब्रॉडगेज रेल लाइन कार्य की अब डेडलाइन तय कर दी गई है। जिला कलेक्टर लोक बन्धु अधिकारियों को भूमि अवाप्ति अवार्ड, नामांतरण व समस्त एनओसी 15 दिन में जारी करने के दिशा निर्देश दिए जारी किए हैं। अजमेर,नसीराबाद और पुष्कर तहसीलों में लगभग संयुक्त नाप-जोख पूरा कर लिया गया है।

कलेक्टर लोक बंधु ने अजमेर, नसीराबाद और पुष्कर तहसीलों के उपखंड अधिकारियों व राजस्व विभाग को दिशा निर्देश दिए हैं कि सभी तहसीलों का भूमि अवार्ड एक सप्ताह में जारी कर रेलवे को सौंपा जाए ताकि कॉन्ट्रैक्ट पैकेज समय पर खुल सके। कलेक्टर ने पुष्कर-कात्यासनी रूट में आने वाली सरकारी भूमि पर कार्य की मंजूरी सार्वजनिक निर्माण व उद्यान विभाग के पास लंबित होने पर दोनों विभागों को 15 दिन के अंदर संशोधित एनओसी भेजने के दिशा निर्देश दिए। लेवल क्रॉसिंग-8 और 9 हटूंडी-राजोसी को बंद करने तथा फाटक संख्या 44 की रियलाइन्मेंट के लिए संयुक्त सर्वे की रिपोर्ट भी इसी अवधि में मांगी गई है।

- **'अजमेर-चंदेरिया और पुष्कर-कात्यासनी सेक्शनों में लंबित मुआवजा विवादों पर त्वरित निस्तारण के लिए अरबिट्रेटर की नियुक्ति की जाए'**

कलेक्टर ने अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि अजमेर-चंदेरिया और पुष्कर-कात्यासनी सेक्शनों में लंबित मुआवजा विवादों पर त्वरित निस्तारण के लिए अरबिट्रेटर की नियुक्ति की जाए, साथ ही पूर्व में अधिग्रहित जमीन का नामांतरण रेलवे के नाम कराने की जिम्मेदारी संबंधित उपखंड अधिकारियों को सौंपी गई। लोक बंधु ने कहा कि रेल प्रोजेक्ट्स जिले की आर्थिक जीवन रेखा हैं। प्रशासनिक फाइलों का समय पर निस्तारण नहीं किया गया तो जिम्मेदार अफसरों की जवाबदेही तय होगी।

# बजट घोषणाओं को धरातल पर उतारने को लेकर अधिकारी पूरी तरह गंभीर रहें : कलेक्टर



कलक्टर कमर चौधरी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

■ बजट घोषणा वर्ष 2024-25 के संबंध में भूमि आवंटन, उपलब्धता, चिन्हीकरण की स्थिति पर चर्चा की

**भरतपुर।** जिला कलक्टर कमर चौधरी की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बजट घोषणा वर्ष 2024-25 के क्रियान्वयन एवं प्रगति के संबंध में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार आमजन के कल्याण के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। माननीय मुख्यमंत्री महोदय का यही विजन है कि बजट घोषणाओं को धरातल पर जल्द से जल्द उतारा जाए। बजट घोषणा वर्ष 2024-25 के संबंध में भूमि आवंटन/उपलब्धता/चिन्हीकरण की स्थिति पर चर्चा करते हुए उन्होंने उक्त कार्यों को प्राथमिकता से करने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी योजनाओं और परियोजनाओं का क्रियान्वयन प्रभावी रूप से समय पर सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि बजट घोषणाओं की क्रियान्विति में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। आमजन के हित में कार्य करना प्राथमिकता हो और इसके लिए सभी विभाग टीम भावना के साथ कार्य करें।

जिला कलक्टर ने कहा कि अधिकारी अपने-अपने विभागों के कार्यों में तेजी लाएं और किसी भी प्रकार की देरी या अड़चन को तुरंत सुलझाने का प्रयास करें। उन्होंने निर्देश दिए कि बजट घोषणाओं की क्रियान्विति व सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने को प्राथमिकता दी जाए।

उन्होंने कहा कि बजट घोषणाओं को लेकर सभी विभागाधिकारी पूर्ण गंभीरता से कार्य करें ताकि आमजन को समय पर लाभ मिल सके। अधिकारी अपने राजकीय दायित्वों का निर्वहन संवेदनशीलता और सजगता से करें और कार्यों की प्रभावी मॉनिटरिंग करें। उन्होंने कहा कि बजट घोषणा अनुसार आवश्यक भूमि का चिन्हीकरण समय पर कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें और भूमि चयन करते हुए आमजन कि सुविधाओं और पहुंच का ध्यान रखें।

जिला कलक्टर ने संयुक्त निदेशक पर्यटन से बजट घोषणा 2024-25 के तहत भरतपुर के दाऊ मदनमोहन मन्दिर पर पार्किंग स्थल सहित विभिन्न सुविधायें विकसित करने के लिये कार्यकारी एजेंसी बीड़ीए को बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने भरतपुर में पदम हवेली का जीर्णोद्धार कार्य, बालानंद जी-भरतपुर के धार्मिक स्थल के जीर्णोद्धार एवं विकास कार्य, अटारी में गोविन्द स्वामी पेनोरमा, गोकुला जाट पेनोरमा, राजा खेमकरण पेनोरमा निर्माण, किशोरी महल, वैर का सफेद महल, प्रताप फुलवाडी, बांके बिहारी मंदिर, लक्ष्मण मंदिर, गंगा मंदिर एवं झील का बाड़ा में कैलादेवी मंदिर और नाइट ट्ययूरिज्म भरतपुर के प्रमुख पर्यटन स्थलों हेरिटेज स्मारकों पर आवश्यक आधारभूत संरचना के उन्नयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने पर्यटकों के लिए बन्ध बारेठा बाँध के निकट ग्राम महमदुपरा में जूलॉजिकल पार्क एवं सलीम अली सेंटर के साथ ही एक्वेरियम की स्थापना करने हेतु कार्ययोजना तैयार करने निर्देश दिए। उन्होंने एसीईओ को निर्देश दिये की विधायक जनसुनवाई केन्द्र के लिए सबन्धित विधायकों से वार्ता कर भूमि आवंटन हेतु अनुशंषा प्राप्त करें।

## संक्षिप्त

### 108 एम्बुलेंस का किया औचक निरीक्षण

**श्रीमाधोपुर।** अंतर्राष्ट्रीय चिकित्सा परिवहन दिवस पर 108 एम्बुलेंस का औचक निरीक्षण किया ।मिशन निदेशक एन एच एम जयपुर के आदेशानुसार 20 अगस्त 25 को अंतराष्ट्रीय चिकित्सा परिवहन दिवस पर राज्य में संचालित 108, 104 जननी एक्सप्रेस और ममता एक्सप्रेस एम्बुलेंस का सघन निरीक्षण करने के निर्देशानुसार श्रीमाधोपुर में संचालित 108 एम्बुलेंस जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर आर जे 14 पी ई 8356 का निरिक्षण ऑडीके एप्प के माध्यम से ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमाधोपुर रवि प्रकाश सैनी ने किया। निरिक्षण के दौरान एम्बुलेंस स्टॉफ पायलट संजय सिंह आईडी नंबर 238400 और ई एम टी रामकुमार सैनी आईडी नंबर 185121 मौजूद रहे। डॉ अभिषेक यादव ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी श्रीमाधोपुर ने बताया कि ब्लॉक श्रीमाधोपुर में कुल 2 एम्बुलेंस 108 और एक 104 जननी एक्सप्रेस संचालित है जो आपातकालीन और रेफर मरीजों का समय पर चिकित्सा केंद्र तक निःशुल्क सुविधा प्रदान कर रही है।

### देवधाम जोधपुरिया के लिए ध्वज पदयात्रा रवाना

**नारायणपुर ।** कस्बे में बुधवार को देव नारायण सेवा समिति के तत्वावधान में टोंक जिले के निवाई स्थित देवधाम जोधपुरिया के लिए ध्वज पदयात्रा रवाना हुई। इससे पूर्व समिति द्वारा पुरुषोत्तम तिराया पर ध्वज की पूजा-अर्चना कर देव नारायण भगवान की आरती की गई। तत्पश्चात मुख्य बाजार में डीजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। पदयात्रा को पूर्व कैबिनेट मंत्री शकुंतला रावत, प्रदेश अध्यक्ष शंकर लाल कसाना, आचार्य बलराम दास महाराज, मातादीन दास महाराज एवं पूर्व उपप्रधान मातादीन गुर्जर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस पदयात्रा में 31 ध्वज के साथ लगभग 2 हजार पदयात्री शामिल हुए हैं, जो 8 पड़ाव पार करने के बाद 28 अगस्त को देवधाम जोधपुरिया पहुंचेंगे। पदयात्रा में नारायणपुर उपखंड के गढ़ी, खरकड़ी कला, अजबपुरा, बामनवास कांकड़, चतरपुरा, मुण्डावरा, कानपुरा लांज सहित कई गांवों के श्रद्धालु ध्वज उठाकर शामिल हुए। यात्रा के दौरान यातायात व्यवस्था बनाए रखने हेतु थाना प्रभारी ओमप्रकाश मीणा मय जाप्ते के तैनात रहे।

### स्वतंत्रता सेनानी बद्रीप्रसाद गुप्ता को श्रद्धांजलि

अलवर। स्वतंत्रता गौरव उत्सव समिति, अलवर द्वारा आयोजित एक गरिमामयी समारोह में स्वतंत्रता आंदोलन में अहम योगदान देने वाले ताम्रपत्र प्राप्त स्वतंत्रता सेनानी एवं राजस्थान सरकार के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री स्वर्गीय बद्रीप्रसाद गुप्ता के योगदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया। इस अवसर पर समिति द्वारा उनके सुपौत्र रिपु दमन गुप्ता को शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके महान पूर्वज के देशहित में किए गए त्याग और संघर्ष को मान्यता देने हेतु प्रदान किया गया।

### पूर्व प्रधानमंत्री स्व. गांधी को दी श्रद्धांजली

**निवाई।** ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस कमेठी के संयुक्त तत्वावधान में गंगा जमना गार्डन में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती सद्भावना दिवस के रूप में मनाई गई। ब्लॉक अध्यक्ष शंकरलाल चौधरी ने कहा कि स्व. राजीव गांधी को पूरा देश भूला नहीं पाया है।

## बैठक का आयोजन

**पावटा।** पावटा स्थित गणेश मंदिर परिसर में गणेश चतुर्थी महोत्सव को लेकर श्री विनायक कमेटी पावटा द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। 2002 से लगातार श्री विनायक कमेटी पावटा द्वारा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। समय के साथ महोत्सव का स्वरूप भी बढ़ता चला गया। इस वजह से कमेटी का विस्तार करनें के साथ कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। जिससे कि गणेश महोत्सव हर्षोल्लस पूर्वक मनाया जा सके। कमेटी के निर्णय के अनुसार गणेश चतुर्थी महोत्सव मनाने को लेकर कम समय में तैयारी पूर्ण करने पर जोर दिया गया। यह दो दिवसीय महोत्सव 26 व 27 अगस्त तक चलेगा। जिसमें 26 अगस्त मंगलवार को मेहन्दी रस्म, पंचामृत अभिषेक व शोभायात्रा कार्यक्रम व 27 अगस्त बुधवार को दिल्ली के कलाकारों द्वारा गंगा आरती की थीम पर भगवान गणेश जी महाराज के भव्य दरबार की झाकी व महाआरती का आयोजन किया जायेगा। वही महिलाएं घर से दीपक लाकर दीप प्रज्वलित कर सकती है । इसके लिए मंदिर के सामने ही टेबलो पर दीप प्रज्वलित कर सकती है।

# राजीव गांधी की 82वीं जयंती सद्भावना दिवस के रूप में मनाई

**भरतपुर** (निस)। जिला कांग्रेस एवं शहर कांग्रेस के संयुक्त तत्वाधान में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की 82वीं जयंती जिला कांग्रेस कार्यालय पर सद्भावना दिवस के रूप में श्रद्धापूर्वक मनाई गई।

जिला संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत स्वर्गीय राजीव गांधी की तस्वीर पर फूल माला पहनाकर सभी पदाधिकारीयों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित करके की गई।



स्वर्गीय राजीव गांधी की तस्वीर पर फूल माला पहनाकर सभी पदाधिकारीयों ने पुष्पांजलि अर्पित की।

तत्पश्चात राजीव गांधी के व्यक्तित्व एवं देश हित में उनके द्वारा दिए गए योगदान को लेकर एक विचार गोष्ठी भी आयोजित की गई। गोष्ठी में जिला, ब्लॉक, पीसीसी एवं मंडल तथा अग्रिम संगठनों के उपस्थित पदाधिकारीयों ने स्वर्गीय गांधी को देश का महान नेता बताते हुए उन्हें आधुनिक भारत का निर्माता भी बताया। वक्ताओं ने स्वर्गीय गांधी को देश का सबसे कम उम्र का प्रधानमंत्री बताते हुए कहा कि वह देश में संचार क्रांति के जनक रहे तथा उन्होंने पंचायती राज संगठन की स्थापना भी की थी।

कार्यक्रम में दयाचंद पचौरी, निरंजन जघीना, हरस्वरूप सरपंच, किशन जायसवाल, गजराज सिंह, बृजभूषण जाटव, दिनेश सोगरवाल, चंद्रकांत शर्मा, विजेंद्र चीमा, अवधेश शर्मा, विनय जाटव,श्याम सिंह गुर्जर,अजयपाल दारापुरिया, श्वेता यादव, अशोक लवानिया, प्रेम प्रजापत,कैलाश सारवान, बबीता शर्मा, केके उपाध्याय,साहब सिंह एडवोकेट, धर्मेंद्र शर्मा, सुरेश पदयात्री,सतीश सोगरवाल, जगदीश बंजी, सतवंत चिकसाना, भगवान कटारा राजीव कुम्हेर, मनोज शर्मा, वीकेश फौजदार, हरजीत सांखला, पुष्पेंद्र बनो, जीवन लाल शर्मा सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने किया।

## कांग्रेसियों ने मनाई राजीव गांधी की 81वीं जयंती

**टोंक।** पूर्व प्रधानमंत्री एवं सूचना क्रांति के जनक स्वर्गीय राजीव गांधी की 81वीं जयंती के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के राजीव गांधी सभागार में जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए तथा बाद में जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में विचार गोष्ठी रखी गई।

विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष बैरवा ने कहा कि राजीव गांधी का जीवन एक प्रेरणादायी गाथा है, जिसने आधुनिक भारत के स्वप्न को साकार करने की नींव रखी।

उनकी दूरदर्शिता और साहसिक नेतृत्व ने भारत को वैश्विक मंच पर नई पहचान दी, केवल 40 वर्ष की आयु में देश के सबसे युवा प्रधानमंत्री बनकर उन्होंने न सिर्फ युवा शक्ति को प्रोत्साहित किया, बल्कि 18 वर्ष की आयु से मतदान का अधिकार देकर भारत के युवाओं को लोकतंत्र का सशक्त सिपाही बनाया तथा महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के सपने को हकीकत में बदला।

# सखी सहेली शाखा अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला संगठन ने जहाजपुर शाखा का गठन किया



राजस्थान प्रदेश की 39 वीं जहाजपुर शाखा का गठन हुआ।

**देवली ।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला संगठन सखी सहेली शाखा देवली के अथक प्रयासों से राजस्थान प्रदेश की 39 वीं जहाजपुर शाखा का गठन हुआ। इस पर कमलेश मूंदड़ा ने जानकारी में बताया कि नवगठित जहाजपुर शाखा की प्रगति में पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मति से किया गया, जिसमें हेमाबाला मूंदड़ा को अध्यक्ष,आशा डाणी सचिव करुणा लड्डाबी को कोषाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। तो वही कुल 19 सदस्यों सहित शाखा का गठन किया गया है। इस अवसर पर देवली शाखा की कमलेश मूंदड़ा, नीतू मंगल, मीनू जिंदल एवं स्मिता शर्मा ने उपस्थित रहते हुए संगठन की कार्य नीतियों पर विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर कमलेश मूंदड़ा ने देवली शाखा द्वारा अब तक किए गए सामाजिक एवं सेवा कार्यों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। कमलेश मूंदड़ा ने यह भी बताया कि प्रदेश स्तरीय उच्च पदाधिकारी ने देवली शाखा की कार्य नीतियों से प्रभावित होकर भीलवाड़ा जिले की तहसील जहाजपुर में नई शाखा की स्थापना कि है । उल्लेखनीय है कि जहाजपुर नई शाखा का गठन देवली सखी सहेली शाखा के अथक प्रयासों का परिणाम है ।

## शैक्षिणक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**फुलेरा।** फुलेरा-सांभर रोड स्थित निकुंज पब्लिक स्कूल प्रशासन की ओर से मंगलवार को एक विशेष शैक्षिणक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के सभी छात्र नर्सरी से लेकर कक्षा 10वीं तक ने फुलेरा गगन सिनेमा में आयोजित नृसिंह अवतार नामक धार्मिक एवं ऐतिहासिक चलचित्र को देखा। गौरतलब है कि यह फिल्म भगवान विष्णु के चौथे अवतार नृसिंह अवतार पर आधारित थी, जिसमें धर्म की जीत, अधर्म का अंत और ईश्वरीय न्याय का गहरा संदेश दिया गया। चलचित्र में भारतीय पौराणिक कथाओं को सुंदर दृश्यावली, भावनात्मक संवादों और शिक्षाप्रद घटनाओं के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। छोटे बच्चों ने जहां रंगीन दृश्यों और कथानक का आनंद उठाया, वहीं बड़े छात्रों ने इसकी ऐतिहासिक और धार्मिक गहराई को समझने की कोशिश की। शिक्षकों और स्कूल स्टाफ ने भी छात्रों के साथ मिलकर फिल्म का आनंद लिया और फिल्म के पश्चात छात्रों के साथ विचार-विमर्श भी किया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या सचिता सूद ने कहा कि यह फिल्म न केवल मनोरंजन का माध्यम थी, बल्कि इससे बच्चों को हमारी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ने का भी अवसर मिला। नरसिंह अवतार की कथा हमें यह सिखाती है कि सत्य और धर्म की सदा विजय होती है। विद्यालय के प्रबंधक संजीव श्रीवास्तव ने इस सफल आयोजन के लिए शिक्षकों व सहयोगियों की सराहना की और कहा कि निकुंज पब्लिक स्कूल आगे भी इस तरह के शैक्षिणक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा।

# आवास की मांग को लेकर लोगों ने कलेक्ट्रट पर किया प्रदर्शन



लोगों ने कुम्हेर गेट चौराहे से नगर निगम भरतपुर तक और आगे कलैक्ट्रेट तक प्रदर्शन किया।

**भरतपुर** (निस)। आवास की मांग को लेकर सैकडों आवासहीन लोगों ने कुम्हेर गेट चौराहे से नगर निगम भरतपुर तक और आगे कलैक्ट्रेट तक प्रदर्शन किया जिसमें महिलाओं की अच्छी खासी भीड थी। प्रदर्शन के दौरान आवासहीन जन संघर्ष समिति भरतपुर का बैनर सबसे अगली कतार में था और अनेकों लाल झण्डे हाथों में थे। प्रदर्शन कुम्हेर गेट चौराहे से लक्ष्मन मंदिर, चौबुर्जा, मथुरा गेट, बिजली घर चौराहा होते हुए कलैक्ट्रेट पहुँचा। इस दौरान घर दो-जमीन दो, रहने को स्थान दो, स्मार्ट मीटर बंद करो, बिजली का निजीकरण बंद करो, हमारी मांगें पूरी करो, वरना कुर्सी छोड दो, अभी तो ली अंगडाई है आगे और लडाई है, ऐसे गगनभेदी नारों के साथ नगर निगम पहुँचे। नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा और कमिश्नर से आवास गृह की मांग की। इसके बाद प्रदर्शन कलैक्ट्रेट पर पहूँचा। वहां संगठन के संरक्षक का० नत्थी लाल, कलुआ खान संगठन महामंत्री, यादराम प्रजापत संगठन जिला अध्यक्ष आदि ने सम्बोधित करते हुए बताया कि संगठन द्वारा विगत पांच साल से आवास का मुद्दा उठाया जाता रहा है और यह भी गौरतलब है कि 21 नवम्बर 2024 को तत्कालीन कलक्टर डॉ. अमित यादव ने नगर निगम आयुक्त को त्रिपक्षीय वार्ता में निर्देशित किया था कि जरूरतमंदों को तुरन्त 50 गज जमीन और 3 लाख रूपये निर्माण के लिए दी जावेगी।अब विवश होकर संगठन को प्रदर्शन कर आवाज को तेज किया गया है। यदि अब भी नगर निगम आयुक्त द्वारा प्रक्रिया को आगे बढाते हुए निर्णायक कार्यवाही नहीं की गई तो संगठन को आन्दोलनात्मक कार्यवाही तेज करनी पडेगी। जिसके दुष्परिणामों की जबावदेही नगर निगम आयुक्त की होगी। जिला प्रशासन को भी ज्ञापन की प्रति दी गई।


## खोया पाया

मेरे प्लाट नम्बर F-272 नारायण सरोवर ग्राम सुखिया सांगानेर, जयपुर के मूल कागजात, निजी खातेदारी पजेसन लेटर, अलॉटमेंट लेटर, साइट प्लान, NOC, रसीद कहीं खो गए थे अब मिल गए है सुचित रहे। स्नेहलता माथुर, B-25 विजय नगर-2, करतारपुर, जयपुर, 9552060376.

मेरा ग्राम शंकरपुरा, तहसील तुंगा, जिला- जयपुर का आबादी भूमि क्षेत्रफल 224.55 व.ग. का असल पट्टा, रसीद, साइट प्लान इत्यादि की दर्ज रिपोर्ट बाबत् गुमशुदगी दस्तावेज बनीपार्क थाना, जयपुर शहर पश्चिम के मिलने पर सूचित करें। सम्पर्कः- नन्दराज स्वामी 9460792373

नम्बर मिलाइए
9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

## कार्यालय उप आवासन आयुक्त वृत्त-प्रथम
राजस्थान आवासन मण्डल, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक-6242 दिनांक-12/08/25

### संशोधित जाहिर आम-सूचना

राजस्थान आवासन मण्डल की द्वारकापुरी योजना सांगानेर जयपुर में आवेदिका श्रीमती चन्द्रकान्ता यादव पुत्र श्री रामजीलाल यादव द्वारा आवेदन क्रमांक 5249 अल्प आय वर्ग में आवास आवंटन हेतु निवेदन किया गया था। मण्डल नियमानुसार वरियता लॉटरी द्वारा वरियता क्रमांक P-222/G2/LIG/ORS/DP-II/2007 निर्धारित किया जाकर पूर्व ग्रहण राशि मांग क्रमांक 8554 दिनांक 14.02.2019 जारी किया गया था।

श्रीमती चन्द्रकान्ता यादव की मृत्यु दिनांक 22.10.2021 को हो जाने के कारण उनके भाई श्री राजेन्द्र यादव पुत्र स्व.श्री रामजीलाल यादव द्वारा आवासन मण्डल में घोषणा पत्र के आधार पर अपना नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त पंजीकरण का हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड मं नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्री राजेन्द्र यादव पुत्र स्व.श्री रामजीलाल यादव का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।

सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त-प्रथम
राज.आवा.मण्डल, जयपुर

## प्रस्तावित भू-उपयोग उपान्तरण — जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

क्रमांकः जविप्रा/ उपायुक्त, जोन-01/2025/डी-709 दिनांक :18.8.2025
श्री रविन्द्र कुमार शर्मा पुत्र श्री रामेश्वर लाल शर्मा द्वारा जयपुर विकास प्राधिकरण की योजना मालवीय नगर के भूखण्ड संख्या-ए-82 क्षेत्रफल 320 वर्गगज का आवासीय से मिश्रित प्रयोजनार्थ भू-उपान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। भूखण्ड की आवासीय लीज डीड जविप्रा द्वारा दिनांक 01.07.1997 को जारी की गयी। आवेदक के नाम से भूखण्ड का नाम हस्तान्तरण जविप्रा द्वारा दिनांक 08.02.24 को जारी किया जा चुका है। मास्टर प्लान-2025 में आवेदित भूखण्ड का भू-उपयोग मिश्रित होने एवं नगरीय विकास विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा जारी राजस्थान नगरीय क्षेत्र भू-उपयोग परिवर्तन (संशोधन) नियम-2021 के तहत भूमि का भू उपयोग परिवर्तन आवासीय से मिश्रित प्रयोजनार्थ किया जाना प्रस्तावित है। अतः कोई भी व्यक्ति अथवा संस्था इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से, 15 दिवस की कालावधि के भीतर उपरोक्त भू उपयोग परिवर्तन के सम्बन्ध में आपत्ति / सुझाव निम्न हस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत कर सकते है। उक्त कालावधि में आपत्ति / सुझाव प्राप्त नहीं होने पर नियमानुसार कार्यवाही अमल में लायी जावेगी। सूचित रहें।यह विज्ञप्ति आज दिनांक 18.8.2025 को जारी की गई है।

उपायुक्त जोन-1, जविप्रा, जयपुर

## Rajasthan Real Estate Regulatory Authority
2nd & 3rd Floor, RSIC Wing, Udyog Bhawan, Tilak Marg, C-Scheme, Jaipur-302005
Phone No.: 0141-2851900
Website: http://rera.rajasthan.gov.in

### Notice For Hearing

No.F-5(4581) RJ/RERA/Comp./2023/7478
Jalpur, Dated:12-8-2025

To,
1. Yogesh Aggarwal Director at A-1546, Basement, Green Field Colony, Faridabad, Haryana-121001 Kalka Home Developers Private Limited,
2. Yogesh Kumar Director at Kalka Home Developers Private Limited, 452, Sector-37, Faridabad, Haryana-121003

Sub: Complaint No. RAJ-RERA-C-0-2023-6660 titled SUBHASH CHANDER PATWA V/S KALKA HOME DEVELOPERS PRIVATE LIMITED & OTHERS.

Sir,
Under above cited subject, in accordance with the Rule 36(2)(c) of Rajasthan Real Estate (Regulation And Development) Rules, 2017 and regulations made thereunder, you are hereby directed to appear in person or through authorized representative or counsel for hearing before Hon'ble Adjudicating Officer on 04.09.2025 at 2.30 PM.
If you fail to appear for hearing on the given date and time, necessary orders will be passed in accordance with Law, without further notice.

By order, Asstt. Registrar
(Court) Adjudicating Officer, RERA

## संक्षिप्त वाद में सम्मन

संख्याक 4
(आदेश 37 का नियम 2)
समक्ष न्यायालय अपर सिविल न्यायाधीश क्रम-1 जयपुर महानगर, जयपुर द्वितीय
332 / 20.08.2025 वाद संख्या 20/2025
मैसर्स जैन फिसकल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड — वादी
विरुद्ध
मैसर्स बीग शॉप व अन्य — प्रतिवादीगण

बनाम श्री अंकित गुप्ता पुत्र श्री भगवान गुप्ता भागीदार मैसर्स बीग शॉप, आफिसः ए-166, सुभाष नगर शोपिंग सेंटर, शास्त्री नगर, जयपुर-302016 ईमेल- ankitgupta.bh@gmail.com

तारीख पेशी 25.08.2025

चूंकि वादी ने एक दावा आपके विरूद्ध आदेश 37 जाब्ता दीवानी सन् 1908 के तहत रूपये 98044/- व ब्याज का संस्थित किया है। अतएव एतद्द्वारा आपको सम्मन किया जाता है कि तुम अपनी उपसंजाति इसकी तामील होने के दस दिन के अन्दर कराओ। इसमें व्यक्तिक्रम होने पर वादी उक्त दस दिन की कालावधि के पश्चात किसी समय 98044/- रूपये से अनाधिक किसी राशि के लिए और खर्चा की बाबत 6490/- रूपये की राशि के लिए ऐसे ब्याज सहित यदि कोई हो, जैसे न्यायालय आदिष्ट करें, डिक्री अभिप्राप्त करने का हकदार होगा।

यदि आप अपनी उपसंजाति कराओगे तो वादी तत्पश्चात आपको निर्णय के लिए सम्मन तामील करेगा जिसकी सुनवाई के समय आपको वाद की प्रतिरक्षा करने की इजाजत के लिए न्यायालय में समावेदन करने का हक होगा। यदि आप शपथ पत्र द्वारा या अन्यथा न्यायालय का यह समाधान कर देते हो कि वाद की प्रतिरक्षा गुणागुण के आधार पर है या वह युक्तियुक्त है कि आपको प्रतिरक्षा के लिए अनुज्ञा दी जानी चाहिए तो प्रतिरक्षा करने की इजाजत दी जा सकेगी।

आज दिनांक 20/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर व अदालत की मुद्रा लगाकर दिया गया।

मोहर — आज्ञा से
अपर सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम-1, जयपुर महानगर द्वितीय

## न्यायालय अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश क्रमांक-1 ,हिण्डौन सिटी

प्रकरण सं.- 22/2025
नोटिस हर खास व आम
द्रोपती आदि बनाम हरखास आम
याचिका अन्तर्गत धारा 372 उत्तराधिकार अधिनियम बावत जारी फरमाये जाने उत्तराधिकार प्रमाण पत्र

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि द्रोपती बैरवा बेवा मुनिराम बैरवा, निवासी राजौर, तहसील बालघाट, जिला करौली आदि ने इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपने पति मुनिराम पुत्र सन्नू बैरवा के सर्विस रिकॉर्ड में उसकी पेंशन, ग्रेच्यूटी, कर्मचारी बीमा व बैंक अकाउन्ट से मृतक मुनिराम की मिलने वाली राशि के लिए उत्तराधिकार प्रमाण पत्र पेश किया है। लिहाजा जिस किसी भी व्यक्ति को उक्त प्रार्थना पत्र के स्वीकार करने में आपत्ति हो तो वह अपनी उपस्थिति इस न्यायालय में दि.03.10.2025 को समय 10:30 ए.एम. बजे असालतन या वकालतन उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दे, वरना गुजरने म्याद उक्त दिनांक के बाद कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी एवं प्रार्थना-पत्र एकतरफा में सुनकर फैसला कर दिया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से आज दिनांक 14.08.2025 को जारी किया गया।

मुहर — आज्ञा से-अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश क्रमांक-1 हिण्डौन सिटी

## विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन

(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
न्यायालय सहायक कलक्टर (फास्ट-ट्रेक) बॉदीकुई स्थान बांदीकुई
उनवान सत्यनारायण बनाम बदरी वगै0
दावा तकास्मा
वाद संख्या 20/2023 (114/2023)

1. सत्यनारायण पुत्र हजारी लाल जाति मीना निवासी रूपवास

बनाम

1. गुलबाई पुत्री रामधन जाति मीना निवासी खेडी प्रतिवादी संख्या 06
2. प्रहलाद पुत्र हारया जाति मीना निवासी खेडी प्रतिवादी संख्या 12
3. मुकेश पुत्र हारया जाति मीना निवासी खेडी प्रतिवादी संख्या 14
4. मुरारी लाल पुत्र हारया जाति मीना निवासी खेडी प्रतिवादी संख्या 16

समस्त जाति मीना निवासी खेडी तहसील बांदीकुई जिला दौसा।

वादीगण ने आपके विरूद्ध दावा के लिये पंजीयत किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 28 माह 08 सन 2025 को दिन में 10 ए.एम. बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिये गए हों और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल / सुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसी दस्तावेज को उल्लेखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह वाद तारीख 07. 05.2025 को मरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया।

मोहर अदालत — (नीतू करोल) आर.ए.एस.
सहायक कलक्टर (फास्ट-ट्रेक)
बांदीकुई

## नाम परिवर्तन

मै आर्मी न. 15210602X हवुदार महंथेशा यूनिट 199 मीडियम रेजिमेंट है! मेरे सैन्य दस्तावेजों में मेरी पुत्र का नाम मोहित एम गौड़ा (MOHIT M GOWDA) है जो की गलत है! मेरी पूत्र का सही नाम मोहित एम गौड़ा (MOHITH M GOWDA) है।

मै आर्मी न.16031678X रायफलमैन भवानी सिंह यूनिट 17 राजरिफ़ (सवाईमान) है। मेरे सैन्य दस्तावेजों मे मेरे पिताजी का नाम मुकुन्द सिंह (MUKUND SINGH) है जो की गलत है। मेरे पिताजी का सही नाम मुकन्द सिंह (MUKAND SINGH) है

मै आर्मी न.16031678X रायफलमैन भवानी सिंह यूनिट 17 राजरिफ़ (सवाईमान) है। मेरे सैन्य दस्तावेजों मे मेरी माताजी का नाम दर्शाना देवी (DARSHANA DEVI) है जो की गलत है। मेरी माताजी का सही नाम दर्शना देवी (DARSHNA DEVI) है

मै आर्मी न.16027763H नायक गजेन्द्र सिंह यूनिट 17 राजरिफ़ (सवाईमान) है! मेरे सैन्य दस्तावेजों मे मेरी माताजी का नाम भंवर कँवर (BHANWAR KANWAR) है जो की गलत है। मेरी माताजी का सही नाम भंवरी कँवर (BHANWARI KANWAR) है।

मै आर्यन गुप्ता पत्र श्री प्रवीण कुमार के दसवीं एवं बारहवीं की मार्कशीट में मेरी माताजी का नाम रेणु गुप्ता है, जबकि मेरे सरकारी दस्तावेज में उनका नाम शिल्पी देवी है भविष्य में उन्हें शिल्पी देवी के नाम से ही पहचाना जाए।

मै मुस्कान पुत्री कंवर पाल सिंह निवासी- 8, अयोधा धाम, लक्ष्मी नगर, निवारू रोड़, झोटवाड़ा, जयपुर, राजस्थान की निवासी हूँ। मैने अपना नाम मुस्कान सिंह रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

मैं SHIV RAM MEENA S/O MUSARAM MEENA हूं। मेरे पासपोर्ट नम्बर N2351812 में SHIVRAM MINA S/O MUSARAM MINA हो गया तथा मेरी पत्नी NAINA DEVI MEENA का नाम NAINA DEVI MINA है। उक्त दोनो नाम एक ही है। शिवराम मीणा ग्राम अणी तहसील आमेर (जयपुर) पिन 303002

I have changed my name from Farooq ahmed to Farooq khan r/o 775-a mohalla nal bandan bari ka bagh gangapole Jaipur.

I have changed my name from deepak Kumar chhipa to deepak Kumar r/o titanwala bhawan Adarsh colony bagru Jaipur

I have changed my name from mohan das bharani to mohan lal bharani r/o 41 vinoba vihar model town malviya Nagar Jaipur

I have changed my name from Pankaj Kumar to Pankaj Kumar Dugar for all purpose. R/o J-2/4, Shri Ram Marg, Shyam Nagar, New Sanganer Road, Jaipur- 302019

I preeti yogi legal daughter of laxmikant residing at vill- shyampura post-Jasrapura Tehsil – khetri Dist- jhunjhunu (Rajasthan) have changed my name from preeti yogi to preeti for all future purpose vide affidavit no BZ 239116 dated 23 JUN 2025

I Kalpana yogi legal daughter of laxmikant residing at vill- shyampura post- Jasrapura Tehsil – khetri Dist- jhunjhunu (Rajasthan) have changed my name from kalpana yogi to kumari kalpana for all future purpose vide affidavit no BZ 239115 dated 23 JUN 2025

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री मोहम्मद सलीम पुत्र श्री मोहम्मद सद्दीक निवासी- मकान नम्बर 3252, मौहल्ला महावतान, कांच की सबील, मौहल्ला महवतान, घाटगेट, जयपुर, राजस्थान का पुत्र मो0 शकील व उसकी पत्नी मेरे मुवक्किल के कहे मे नही है और मेरे मुवक्किल व परिवार के अन्य सदस्यो के साथ उनका पुत्र व बहु छोटी-छोटी बातो को लेकर गाली गलोच व झगड़ा करते है तथा जिस कारण मेरे मुवक्किल ने अपने पुत्र व पुत्रवधु को अपनी समस्त चल-अचल सम्पति से एवं अपने परिवार से बेदखल कर दिया है और मेरे मुवक्किल के पुत्र व बहु से सभी संबंध समाप्त कर दिये है, जो कोई व्यक्ति मेरे मुवक्किल के पुत्र मो0 शकील व बहु से किसी भी तरह का सनव्यवहार करेगा उसका वह स्वयं जिम्मेदार होगा कृपया सूचित रहे।
दिनांक-20/8/25 (मोईन खान) एडवोकेट मो.न.-7568474550

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी मुवक्किला जुबेदा बेगम पत्नी स्व. मोहम्मद शमशुद्दीन, निवासी 143-ए, हजरत अली नगर कॉलोनी, रामगढ मोड, जयपुर का पुत्र अब्दुल जब्बार व पुत्रवधु फूलजहाँ उनके कहे में नही है। शराब पीकर मेरी मुवक्किला व अपने छोटे बहन भाईयो के साथ मारपीट करता है, जिसमे उसकी पत्नी फूलजहाँ भी उसका साथ देती है। लोगो से पैसा लेकर लौटाता नही है। ब्याज वाले मेरी मुवक्किला के घर के चक्कर लगाते है। इसलिये मेरी मुवक्किला ने अपने पुत्र व पुत्रवधु को अपनी समस्त चल व अचल सम्पति से बेदखल कर दिया है। कोई भी व्यक्ति मेरी मुवक्किला के पुत्र अब्दुल जब्बार व पुत्रवधु फूलजहाँ से कोई लेन देन करेगा या सम्बन्ध रखेगा तो वह स्वंय जिम्मेदार होगा। मेरी मुवक्किला और उसकी सम्पत्ति पर कोई जिम्मेदारी नही होगी। सूचित रहे।
जयपुर (मुनाजिर इस्लाम) एडवोकेट
दिनांक :- 20/08/25 मो.9829182754

## गुमशुदा



मेरे पति श्री सुनील गुप्ता निवासी 42/61/06, वरूण पथ, मानसरोवर जयपुर राजस्थान 302020, 21 जून 2021 से लापता है जिनकी गुमशुदा रिपोर्ट पुलिस थाना वरूण पथ, मानसरोवर, जयपुर में दर्ज है (FIR No. 0036/2021) जिस किसी को इनकी सूचना मिले, मेरे दिये गये मोबाइल पर सम्पर्क करें। ममता गुप्ता पत्नी सुनील गुप्ता 9929765804

## जयपुर विकास प्राधिकरण
इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर-302004

क्रमांकः जविप्रा/अधि.अभि.(ट्रैफिक वर्क्स- I)/2025/डी- दिनांक :

### नीलामी सूचना

प्राधिकरण क्षेत्र में एल.सी.-214 (सी.बी.आई./इन्दूनी फाटक) पर आरओबी निर्माण के अंतर्गत आ रहे पेड़ो जिनका अनुमानित वजन लगभग 174.463 क्विण्टल है, की नीलामी दिनांक 29.08.2025 को प्रातः 11.00 बजे कक्ष संख्या 132, प्रथम तल, नागरिक सेवा केन्द्र, जयपुर विकास प्राधिकरण में अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष की जावेगी। अतः इच्छुक बोलीदाता अमानत राशि रू. 1480/- का डी.डी./पे-ऑर्डर सचिव, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर के नाम से जमा उपरान्त् नीलामी में भाग ले सकते है। नीलामी की शेष शर्ते राजस्थान सरकार के उपापन पोर्टल www.sppp.raj.nic.in एवं जयपुर विकास प्राधिकरण की वेबसाईट www.jda.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN No.: JDA2526GSOB00394
राज.संवाद/सी/25/8438
अधिशाषी अभियन्ता (ट्रैफिक वर्क्स-प्रथम)

## संक्षिप्त

### डॉ. विनोद योगी हुए सम्मानित

**शाहपुरा।** विश्व जनसंख्या दिवस पर बुधवार को सीएमएचओ ऑफिस जयपुर में आयोजित परिवार कल्याण प्रोत्साहन पुरस्कार सम्मान समारोह में शाहपुरा पीएमओ डॉ. विनोद योगी को परिवार कल्याण की उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। विश्व जनसंख्या दिवस 2025 की थीम है। ''युवाओं को एक निष्पक्ष और आशावादी दुनिया में अपने मनचाहे परिवार बनाने के लिए सशक्त बनाना'' जिला स्तरीय पुरस्कार समारोह में प्रोजेक्टर डायरेक्टर फैमिली वेलफेयर सुरेंद्र शेखावत, संयुक्त निदेशक डॉ. यदु राज सिंह नाथावत, आरसीएचओ जयपुर डॉ. आशा मीणा उपस्थित थे।

### शनि अमावस्या पर होगा शनि मेले का भव्य आयोजन

**निवाई।** शिवाजी पार्क के बाहर स्थित शनि देव जी के में शनिवार को शनि अमावस्या महोत्सव को लेकर भव्य श्री शनि मेले का आयोजन किया जाएगा। मंदिर के पंडित राधेश्याम पुजारी ने बताया कि 23 अगस्त को शनि अमावस्या महोत्सव का आयोजन धूमधाम से मनाया जाएगा उन्होंने बताया कि श्री शनि में लेकर आयोजन को महोत्सव को लेकर शुक्रवार को संपूर्ण रात्रि भजन संध्या का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि शनिवार को सुबह 6 से शाम 4 बजे तक श्री शनि देव जी की निज मूर्ति का सवा किलो तेल से अभिषेक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शनि मेले को लेकर शनि देव मंदिर में श्री शनि देव जी, हनुमान जी एवं शिव पंचायत की फूल बंगले की आकर्षक झांकी सजाई जाएगी।

### पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती मनाई

**मनोहरपूर ।** आज सब्जी मंडी परिसर में ब्लॉक अध्यक्ष नाथूलाल सैनी के नेतृत्व में ब्लॉक कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा आधुनिक भारत के शिल्पकार संचार क्रांति के जनक देश के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर पुष्पांजलि की गई इस दौरान नगर अध्यक्ष मुकेश खुडानिया महामंत्री रामेश्वर गोरेठा निहाल पलसानिया जिला अध्यक्ष कालू डाबर शाहरुख खान शीशराम गुर्जर मुकेश सैनी जयराम जाट कैलाश सैनी मुकेश माचिवाल मुरलीधर यादव लोग मौजूद रहे

### भजन संध्या में उमड़े श्रद्धालु

**निवाई।** गांव पलेई में भजन संध्या एवं विशाल महाप्रसादी का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। किसान महापंचायत ब्लॉक अध्यक्ष दशरथसिंह चौहान ने बताया कि ग्राम पंचायत पलेई एवं आसपास के क्षेत्र की सुख समृद्धि एवं गांव में शांति के लिए ग्रामीणों द्वारा तेजाजी धाम सुरसुरा से तेजाजी की ज्योत को पूजा अर्चना करके गाजे बाजे एवं संगीत मय भजनों पर महिलाओं द्वारा कलश यात्रा के साथ लाया गया। उसके पश्चात सभी श्रद्धालुओं को महाप्रसादी का वितरण किया गया। रात्रि में तेजाजी के मंदिर में गायक कलाकारों द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां दी गई। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

### सीमेंट से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी

**टोंक।** देवली शहर के छतरी चौराहे पर बुधवार को एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से हड़कंप मच गया, यह घटना सड़क के बीच बने लोहे के जालीदार फेरोकवर के धंसने से हादसा हुआ। इस दौरान ट्रैक्टर में करीब 150 सीमेंट के कट्टे लदे थे, जिन्हें देवली शहर के ज्योति कॉलोनी में पहुंचाने जा रहा था, इसी दौरान रास्ता भटकने के कारण वह छतरी चौराहे की तरफ चला गया तथा लौटते समय ट्रोली का पिछला पहिया फेरोकवर में फंस गया, जिससे ट्रोली पलट गई और सीमेंट के कट्टे सड़क पर बिखर गए, हादसे में चालक बाल-बाल बच गया। मौके पर मौजूद लोगों ने चालक को सुरक्षित बाहर निकाला।

### जयंती मनाई

**मनोहरपुर ।** पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्व.राजीव गांधी जी की 80 वी जयंती मनाई गई, जिसके अंतर्गत मनोहरपुर नगर कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित की एवं उनको याद किया, इस अवसर पर नगर कांग्रेस कमेटी, मनोहरपुर के अध्यक्ष अलाउद्दीन खान, पूर्व सरपंच अर्जुन मोहनपुरिया, ब्लॉक कांग्रेस प्रवक्ता राकेश हलकारा, निसार खान, महेश जड़वाल, खेमचंद असवाल, शशिकांत बेनीवाल, रामस्वरूप बेनीवाल, कैलाश धोबी, ताराचंद बेनीवाल, देवीलाल जलुथरिया, जमशेद खान, रविप्रकाश बेनीवाल आदि अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राजीव गांधी के जन्मदिन को सद्भावना दिवस के रूप में मनाया

- पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी के 81 वें जन्मदिन को सदभावना दिवस के रूप में कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा के नेतृत्व में मनाया गया



कांग्रेसजनों ने मोती डूंगरी स्थित राजीव गांधी पार्क में स्व. राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके श्रद्धासुमन अर्पित किये ।

**अलवर।** जिला कांग्रेस कमेटी, अलवर की ओर से भारत रत्न, तकनीकी भारत के शिल्पकार, भविष्यदृष्टा, पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी के 81 वें जन्मदिन को सदभावना दिवस के रूप में कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा के नेतृत्व में मनाया गय कांग्रेस प्रवक्ता रिपु दमन गुप्ता ने बताया की कांग्रेसजनों ने मोती डूंगरी स्थित राजीव गांधी पार्क में स्व. राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके श्रद्धासुमन अर्पित किये कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि देश को 21वीं सदी की ओर ले जाना राजीव गांधी जी का सपना था, भारत में सूचना क्रांति के जनक थे, राजीव जी ऐसे युवा प्रधानमंत्री थे जिन्होंने ग्रामीण भारत की प्रतिभाओं को शिक्षा, संचार और नेतृत्व के अवसर दिये।

कंप्यूटर और दूरसंचार की क्रांति, पंचायती राज की संवैधानिक व्यवस्था और नवोदय विद्यालय इसके उदाहरण हैं। राजीव गांधी ने देश की अर्थव्यवस्था में उदारीकरण के लिए जोरदार प्रयास किया। रेलवे का कम्प्यूटरीकरण करके उन्होंने इस देश के सामने क्रांतिकारी परिवर्तन करके रख दिया। भारत को एकता और भाईचारे के सूत्र में बांधने के उनके प्रयास अनुकरणीय थे, वो ऐसे नेता के रूप में विख्यात थे जिनकी पहुंच देश के आम आदमी के हृदय तक थी।

कार्यक्रम में कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा, अजीत यादव, गोपालदास खटीक, प्रदीप आर्य, गफूर खान, फूलचन्द शर्मा, सपात खान, हरिशंकर रावत, रिपुदमन गुप्ता, जे डी आर्यन, प्रीतम मेंहदीरत्ता, एस आर यादव, प्रेम पटेल, जाकिर हुसैन, हीरेन्द्र शर्मा, जमशेद खान, अनवर साजिद, कमलेश सैनी, जीत कौर, लीली यादव, रामा चावरिया, बसमीना, रामप्रकाश शर्मा, राजेश कृष्ण सिद्ध, मूलचंद गुर्जर, जसवंत यादव, ओम प्रकाश सैन, रामस्नेही शर्मा, पंकज शर्मा, डॉ. हुकम सिंह, मोहित जैन, रूपेश जैन, ओम प्रकाश सैनी, अशोक नन्दा, के सी मीणा, सुदर्शन अरोड़ा, डॉ. संदीप सैनी, राहुल खान, हरिराम जाटव, अरविंद गुप्ता नरेंद्र चौधरी, किशोर सैनी, हरिकिशन मीणा, राजेश विरमानी,राजेश मीणा, अशोक धानका, रहमत खान, दुर्गा सिंह, देवेन्द्र शर्मा, कुलदीप माथुर, योगेश शर्मा, रहमत खान,नंदकिशोर वर्मा, मनोज आहूजा, रामकरण पाल, अशोक सोनी रूपराम महावर, रूपेन्द्र शर्मा, अब्दुल बेलाका, सूरज प्रकाश मीणा आदि मौजूद रहे।

## मंत्री शर्मा देंगे चार थानो को नई गाड़ी

**अलवर।** अलवर शहर में बढते अपराधों की रोकथाम में पुलिस के वाहन पुराने होने के कारण अपराधियों के पीछा करने में पिछड रहे थे इसी को देखते हुए अलवर शहर विधायक और राज्य मंत्री संजय शर्मा ने अपने विधायक कोष से शहर के चार थानों की पुलिस को नई बोलेरो दिलाने के लिए राशि स्वीकृत की है।

मंत्री के पीए मनोज शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि अलवर शहर में सुरक्षा की दृष्टि से एवं अपराधों पर रोकथाम हेतु पुलिस लिए शहर के चार थानों थाना शहर कोतवाली थाना अरावली विहार थाना शिवाजी पार्क थाना एन ई बी के लिए वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने अपने विधायक निधि कोष से महिंद्रा बोलेरो कैम्पर वाहन क्रय हेतु 41 लाख 28 हजार 800 सौ रुपये की राशि स्वीकृत की है जिसकी जिला परिषद अलवर द्वारा प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति भी जारी कर दी गई है ।

## तहसीलदार ने किया रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचन




तहसीलदार ने रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचन किया।

**सांभरझील ।** ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा देशभर में आयोजित होने वाले रक्तदान अभियान के तहत सांभर में 24 अगस्त को रक्तदान शिविर का आयोजन होगा। रक्तदान शिविर के सफल संचालन के लिए चर्चा की गई। प्रमोद जोशी ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी ऋषिराज कपिल होंगे। इस संदर्भ में आज स्थानीय ब्रह्माकुमारी संस्था पर तहसीलदार सृष्टि जैन ने रक्तदान शिविर के बैनर पोस्टर का विमोचन किया।

स्थानीय ब्रह्माकुमारी प्रमुख उर्मिला बहन ने बताया कि ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा विश्व बंधुत्व दिवस व दादी प्रकाशमणि जी की 18 वी पुण्यतिथि के अवसर पर पूरे भारत ओर नेपाल में 22 से 25 अगस्त तक रक्तदान अभियान चलाया जा रहा है जिसमें रिकार्ड एक लाख युनिट रक्तदान का लक्ष्य रखा गया है जिससे जरुरतमंदो को समय पर रक्त मिल सके ओर उनकी जान बचाई जा सके।

ब्रह्माकुमारी रीना बहन ने बताया कि रक्तदान के लिए स्थानीय सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के साथ स्कूलों व महाविद्यालय को भी आमंत्रित किया गया है ओर सभी के सकारात्मक सहयोग से सांभर में भी रक्तदान का नया रिकार्ड स्थापित होगा ऐसा विश्वास है।

## भामाशाओं ने छात्र-छात्राओं को बैग वितरण किये

**श्रीमाधोपुर ।** महात्मा गांधी विद्यालय व श्री गांधी किसान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सुनील मीणा व पूरण मीणा ढाणी बिलासावाली के द्वारा अपने पिताजी स्व श्री मोहन लाल मीणा की तृतीय पुण्यतिथि पर विद्यालय स्टाफ व छात्र छात्राओं को पेन वितरित किए गये। प्रधानाचार्य ने बताया कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि विक्रम सिंह सामोता व कृष्ण कुमार मीणा की उपस्थिति में भामाशाह सुनील मीणा व पूर्ण मीणा ने अपने पिता की पुण्यतिथि पर बच्चों को पुरस्कृत कर मनोबल बढ़ाया है, जिस पर भामाशाहों का विद्यालय परिवार की ओर से आभार व्यक्त किया है। इस मौके पर विद्यालय स्टाप मौजूद रहा। इसी तरह राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कैरली में एयू बैंक अजीतगढ़ की ओर से विद्यालय के 25 विद्यार्थियों को स्कूली बैग वितरित किए गए ।

## विधायक ने अधिकारियों सहित किया बड़नगर गांव का दौरा

- विधायक कुलदीप धनकड़ लोगों से मिले, जानी समस्याए, समाधान के दिए निर्देश



विधायक कुलदीप धनकड़ ने स्पताल, लाईट, सड़कों के किनारे एवं नालियों की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया।

**पावटा।** उपखंड पावटा के अंतर्गत मंगलवार को नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा क्षेत्र के बड़नगर गांव का विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड़ ने पावटा उपखंड अधिकारी कपिल कुमार उपाध्याय, पावटा प्रागपुरा नगरपालिका अधिशासी अधिकारी फतेह सिंह मीणा व अन्य विभागीय अधिकारियों सहित दौरा करते हुए पानी की निकासी, सफाई व्यवस्था, अस्पताल, लाईट, सड़कों के किनारे एवं नालियों की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात की। ग्रामीणों ने अपनी समस्याए विधायक के समक्ष रखी। ग्रामीणों ने बताया कि बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी है। विधायक ने ग्रामीणों की समस्याओं को ध्यान से सुना व उनसे उचित समाधान पर चर्चा कर संबंधित सभी अधिकारियों को समाधान के लिए निर्देशित किया। वहीं उन्होंने शीघ्र ही पूरे गांव की नालियों की सफाई, समुचित लाईट का प्रबंधन, अस्पताल में पूरी सफाई व्यवस्था एवं मुख्य गांव में आवश्यक टुटी हुई सड़कों का निर्माण करने का निर्देश दिया।

वही उन्होंने अधिकारियों के साथ पैदल चल कर गांव तक के पहुंच पथ का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि इस तरह की बुनियादी सुविधाओं का न होना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। अब ग्राम बड़नगर नगरपालिका में शामिल हो गया है। सरकार की योजनाओं का लाभ हर अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना हमारी प्राथमिकता है।

## चोथे दिन भी शांतिपूर्ण बंद रहे खैरथल के बाजार

**खैरथल।** जिले के नाम और मुख्यालय बदलने को लेकर चोथे दिन भी खैरथल में आवश्यक सेवाओं को छोडकर दुकानें बंद रही। व्यापारियों ने एकत्रित होकर एकता का परिचय देते हुए काली पट्टी बांध कर जूलूस निकाला और विरोध प्रकट कर सरकार और भाजपा नेताओं को चेताने का काम किया। रेलवे फाटक के पास सर्वसमाज की बैठक कर गांव-गांव में जाकर लोगों को आंदोलन से जोडने का निर्णय लिया है। गुरुवार को बिजली घर के सामने एकत्रित होकर जिला बचाओ संघर्ष समिति रेली निकालेगी।

खैरथल के वासी भाजपा नेताओं से सवाल कर रहे हैं एक सरकार तोहफा दे और दूसरी सरकार उसे छीनकर किसी और जगह ले जाए ऐसी सरकार और पार्टी पर आगे कौन भरोसा करेगा। जिला हमारा है और हमारा ही रहेगा किसी भी सूरत मे खैरथल से जिले को कहीं और लेकर जाने नहीं दिया जाएगा चाहे इसके लिए कितनी बडी कुर्बानी हमें देनी पडे हम देंगे पर खैरथल को उजाड़ने नहीं देंगे।

चार दिन से खैरथल में आंदोलन दिन-प्रतिदिन जोर पकडता जा रहा और सरकार और स्थानीय भाजपा नेता इसे अभी तक नजर अंदाज किए हुए हैं। इस बात को लेकर भी खैरथल वासियों में अच्छी खासी नाराजगी है। विधायक दीपचंद खेरिया खैरथल वासियों के बीच रहकर जिले का नाम और मुख्यालय बदलने की सरकार योजना का विरोध कर रहे हैं। इसी कडी में 2 दिन पहले कांग्रेस के 13 पार्षद नगर परिषद से अपना इस्तीफा देकर खैरथल के सम्मान की लड़ाई में उतर आए हैं।

व्यापार महासंघ अध्यक्ष ओमप्रकाश रोघा अनाज मंडी अध्यक्ष सर्वेश गुप्ता सहित विभिन्न व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारी व्यापारियों को साथ लेकर बंद को पूर्णता सफल बनाए हुए हैं। शाम को मुंडावर विधायक ललित यादव, ओमप्रकाश रोघा, सर्वेश गुप्ता, भीम सेना के सदस्यों सहित अनेको वक्ताओ ने सम्बोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि खैरथल जिले का नाम बदलना और मुख्यालय को अन्यत्र ले जाना जनभावनाओं के विपरीत कदम है। इससे न केवल खैरथल क्षेत्र की उपेक्षा होगी बल्कि आम जनता को विकास कार्यों और प्रशासनिक सुविधाओं के लिए अतिरिक्त परेशानी उठानी पड़ेगी। स्थानीय जनता के साथ अन्याय बताते हुए कहा कि सरकार को जनता की राय के बिना इस प्रकार का फैसला नहीं लेना चाहिए।

## पदयात्रा गुरूवार को पहुंचेगी कोटपूतली

**कोटपूतली।** प्रतिवर्ष की भांति गुर्जर समाज के आराध्य, सुप्रसिद्ध लोक देवता भगवान श्री देवनारायण की 34 वीं विषाल ध्वज पद यात्रा गुरूवार को कोटपूतली पहुंचेगी। पद यात्री बानसूर में रात्रि विश्राम करने के बाद गुरूवार अल सुबह बानसूर से कूच कर कोटपूतली पहुंचेगें। ध्वज पद यात्रियों का गुरूवार शाम 05 बजे श्री देवनारायण सेवा समिति के तत्वाधान में बानसूर रोड़ के अनाज मंडी परिसर स्थित श्री षिव मंदिर में गुर्जर समाज के पंच पटेलों, समिति पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों द्वारा जोरदार स्वागत किया जायेगा। जिसके बाद कस्बे के मुख्य मार्गो से होकर भगवान श्री देवनारायण की शोभा यात्रा निकाली जायेगी। शोभायात्रा का कस्बे में विभिन्न स्थानों पर सर्वसमाज की ओर से स्वागत द्वार लगाकर फूलों मालाओं से स्वागत किया जायेगा। रात्रि विश्राम ग्राम पूतली स्थित श्री देवनारायण मंदिर में होगा। जहां रात्रि को विषाल सत्संग कार्यक्रम व सामाजिक सम्मेलन का आयोजन होगा। वहीं ग्राम पूतली स्थित श्री देवनारायण मंदिर से आगामी 22 अगस्त को ध्वज पद यात्रा बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ रवाना होगी।

## चोरी की वारदात के मामले में दो शातिर गिरफ्तार

- आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया सामान बरामद कर घटना में प्रयुक्त वाहन ब्रेजा गाडी को भी किया जप्त
- दोनों आरोपियों को 18 अगस्त को गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी किया सामान लोहे के जंगले, मशीनों के पुर्जे व अन्य लोहे के सामान को बरामद किया

**फुलेरा ।** फुलेरा थाना पुलिस ने अज्ञात चोरी की वारदात का खुलासा कर दो शातिर चोरों को किया गिरफ्तार साथ ही आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया सामान बरामद कर घटना में प्रयुक्त वाहन ब्रेजा गाडी को भी जप्त किया गया। फुलेरा थानाधिकारी चंद्रप्रकाश यादव ने जानकारी देते हुए बताया है कि 17 अगस्त को परिवादी विमल कुमार जैन पुत्र चांदमल जैन निवासी उद्योग नगर जोबनेर रोड़ फुलेरा जिला जयपुर ग्रामीण ने रिपोर्ट दर्ज करवायी की फुलेरा रिको एरिया में मेरा खुद का एक गोदाम है जिसमें लगे हुए लोहे की खिडकियां और लोहे के ओर आईटम चोरी हो गये हैं। जिस पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

**पुलिस कार्यवाही विवरण:-** उक्त प्रकरण में अज्ञात चोरों को शिघ्र गिरफ्तार करने हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू शिवलाल बैरवा व वृत्ताधिकारी सांभरलेक अनुपम मिश्रा के सुपरविजन में तथा थानाधिकारी फुलेरा चन्द्रप्रकाश पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा आसूचना संकलन व तकनीकी सहायता द्वारा कड़ी मेहनत करते हुए चोरी की वारदात करने वाले दो शातिर चोर भंवरलाल उर्फ बाबू नायक (24) पुत्र कन्हैयालाल जाति नायक निवासी वार्ड नम्बर 17 बड की कोठी तन श्यामनगर व गौरव कुमावत (29) पुत्र लक्ष्मीलाल कुमावत जाति कुमावत निवासी जगदम्बा कॉलोनी, कच्ची गौदाम प्लाट नम्बर 22 फुलेरा पुलिस थाना को डिटेन कर पूछताछ की गयी तो दोनों ने जुर्म करना स्वीकार किया जिस पर दोनों आरोपियों को 18 अगस्त को गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी किया गया सामान लोहे के जंगले, मशीनों के पुर्जे व अन्य लोहे के सामान को बरामद किया गया है तथा घटना मे प्रयुक्त वाहन ब्रेजा गाडी को भी जप्त किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी नशेड़ी प्रवृत्ति के हैं जो नशे की लत को पूरा करने के लिए चोरी की वारदात करते हैं। आरोपियों से प्रकरण में पूछताछ व अनुसंधान जारी है।

**बरामदगी व जप्ती का विवरण:-** लोहे के जंगले, मशीनों के पुर्जे व अन्य लोहे के सामान बरामद तथा घटना में प्रयुक्त वाहन ब्रेजा नम्बर 60 7467 जप्त। पुलिस टीम में फुलेरा थानाधिकारी चन्द्रप्रकाश के नेतृत्व में हैड कांस्टेबल मनोहर लाल, कांस्टेबल रतन लाल, विश्वेन्द्र सिंह, रविदत्त, महेन्द्र सिंह शामिल रहे।

## एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**पावटा।** भिवानी की लेडी टीचर मनीषा को इंसाफ दिलवाने के लिए मंगलवार को युवा व ग्रामीणों ने पावटा उपखंड अधिकारी को मांगों का ज्ञापन सौंपा। मांग की गई कि मनीषा के हत्यारोपियों को फांसी की सजा दी जाए। युवा व ग्रामीणों ने कहा कि हरियाणा में नारा तो बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ का दिया जा रहा है, लेकिन कड़वी सच्चाई यह है कि बेटियां सुरक्षित ही नहीं हैं।भिवानी पुलिस हत्यारोपियों का कई दिन बाद भी पता नहीं लगा पाई है। इससे लोगों का भरोसा पुलिस की सुरक्षा से उठ रहा है। नौजवानों ने मांग की कि मनीषा के हत्यारों का जल्द पता लगाकर उन्हें गिरफ्तार किया जाए। इन दरिंदों को फांसी की सजा और वह भी कम से कम समय में मिले। दिल्ली की निर्भया कांड के बाद भी सरकारों ने ऐसा कोई कदम नहीं उठाया जिससे कोई और बेटी निर्भया नहीं बन सके। इस दौरान ख्याली, महेंद्र, दिनेश, भूपेंद्र, मूलचंद, नरेश, रामावतार, राहुल, कमलेश, हरद्वारी लाल स्वामी, महेश स्वामी, बाबूलाल स्वामी, भवानी शंकर, हुकम राम स्वामी, यश शर्मा समेत कई युवक शामिल रहे।

## सार-समाचार

### पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती मनाई



**फुलेरा ।** पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर बुधवार को नगर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में ईटावा रोड स्थित प्रधान कांग्रेस कार्यालय फुलेरा पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुष्पांजलि कार्यक्रम में संचार क्रांति के जनक, भारतरत्न स्व.राजीव गांधी के आवक्ष चित्र पर पुष्पमाला पहनाकर श्रद्धा सुमन अर्पण किए गए। साथ ही उनकी जीवनी व कार्यकुशलता पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष अमरचंद सैनी, संगठन महामंत्री शैलेन्द्र शर्मा, विष्णु सोनी, मनोज कुल्हरी, गिर्राज तंवर , गणेश बिजारणिया, अब्दुललतीफ कुरैशी, कैलाश सैनी, ओमप्रकाश प्रिंस, जरीना बानो, अनवर हुसैन, सागरमल ककरालिया, मुकेश शर्मा, मुकेश वर्मा सहित अनेक कांग्रेसियों उपस्थित रहे।

### ह्यूमन ग्लोरी फाउंडेशन द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित



**जयपुर।** ह्यूमन ग्लोरी फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष प्रमोद जैन भँवर के जन्मदिन के अवसर पर राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, श्रीकिशनपुरा, सांगानेर में विशाल वृक्षारोपण एवं वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के संकल्प एक पेड़ माँ के नाम एवं हरियालो राजस्थान अभियान को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम रहा। विद्यालय प्रांगण सहित आसपास के क्षेत्र में विभिन्न छायादार, फलदार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया गया। संस्था द्वारा बच्चों एवं ग्रामीणजन को भी पौधे वितरित किए गए तथा उन्हें पेड़-पौधों की महत्ता और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी छात्र - छात्रायें, अध्यापक गण, विद्यालय परिवार,समाजसेवी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। विद्यालय प्रधानाध्यापक राजीव पाठक ने अपने उद्बोधन में बताया कि एक पौधा केवल प्रकृति की धरोहर नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवन का आधार है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। फाउंडेशन की कोषाध्यक्ष मनीषा जैन ने सभी को संस्था की गतिविधियों से अवगत कराते हुए बताया कि संस्था समय-समय पर सामाजिक कार्यों, निःशुल्क चिकित्सा शिविर सहित वृक्षारोपण अभियानों और पर्यावरण संरक्षण व की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाता आ रहा है।

### स्वैच्छिक रक्तदान शिविर संपन्न

**श्रीमाधोपुर।** महिला एवं बाल विकास समिति द्वारा आयोजित प्रथम विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन स्टेशन रोड पर स्थित पटवारी धर्मशाला श्रीमाधोपुर में बुधवार को आयोजित किया गया। समिति के मीडिया प्रबंधक प्रवीण वर्मा ने बताया कि शिविर में संतोकबा दुर्लभ जी मेमोरियल अस्पताल जयपुर की टीम द्वारा रक्त संग्रहण किया गया। रक्तदान शिविर में गिरिराज कयाल ने 95 वीं बार रक्तदान किया, सुभाष जांगिड़ ने 45 वी बार, पंकज सैन ने 11 वीं बार, करण भादूका ने 17 वी बार एवं महेश सैनी ने 61 वी बार रक्तदान किया, साथ ही नगर के युवाओं ने भी शिविर में रक्तदान किया । शाम 4 बजे तक 58 यूनिट रक्त का संग्रहण हुआ । इस कार्यक्रम में समिति के मनोहर लाल शर्मा, एडवोकेट मनीष भारद्वाज, सुमित खुराना, डॉ. माधव सिंह, मुकेश शर्मा, तपेंद्र कुमार शर्मा, महेश सैनी, दीपक योगी, गुलशन चौहान, सतीश कुमावत, युवराज मीणा, राकेश सैनी, पिंटू सैनी, एडवोकेट अमित ठठेरा, मनोज लोकनाथका आदि मौजूद रहे ।

### 15 लीटर हथकढ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**बौंली बामनवास।** सवाई माधोपुर जिला पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार बेनीवाल के निर्देशन में चलाए जा रहे अवैध शराब वअन्य आरोपियों की धर पकड़ अभियान के तहत बौंली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 15 लीटर हथकढ अवैध शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है एवं ग्राम थड़ी से करीब एक माह पूर्व अपहरण की गई बालिका को दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया गया है। बौंली पुलिस थाने के हैड कांस्टेबल धर्मेंद्र चौधरी ने बताया कि 20 अगस्त बुधवार को हैड कांस्टेबल जयदेव के नेतृत्व में गठित टीम को दोराने गस्त मुखबिर से सूचना मिली कि खिरनी से डिडवाड़ी जाने वाले रास्ते पर एक व्यक्ति अवैध कच्ची हथकढ शराब बेच रहा है, सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची एवं रमेश मीणा उम्र 45 वर्ष निवासी खिरनी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 15 लीटर कच्ची हथकढ शराब जप्त कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां न्यायालय ने आरोपी को 15 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया। एक अन्य मामले में बौंली पुलिस ने 15 जुलाई को ग्राम थड़ी से दर्ज अपहरण की शिकायत पर बालिका को ग्राम नाथडी जिला टोंक से दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। इस मामले को लेकर विभिन्न संगठनों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर 21 अगस्त तक बालिका को बरामद नहीं करने पर अनिश्चितकालीन धरने की चेतावनी दी।

### स्व. मित्तल को दी श्रद्धांजलि

**कोटपूतली।** भाजपा जयपुर देहात उत्तर के पूर्व जिलाध्यक्ष श्याम शर्मा बुधवार शाम कोटपूतली पहुंचें। शर्मा ने डाबला रोड़ स्थित आदर्श नगर पहुंचकर भाजपा के पूर्व नगर पालिका पार्षद, समाजसेवी व भामाशाह स्व. बजरंग प्रसाद मित्तल को श्रद्धांजलि देते हुये शोक व्यक्त किया। वहीं शोकाकुल परिजनों के समक्ष संवेदना व्यक्त कर उन्हें ढ़ांढ़स बंधाया। शर्मा ने स्व. मित्तल के पुत्र डॉ. अरविन्द व भाजपा नेता शषि मित्तल को सांत्वना देते हुये कहा कि अच्छे व्यक्तियों व उनके कार्यो को समाज हमेषा याद रखता हैं। उल्लेखनीय है कि स्व. बजरंग प्रसाद मित्तल का विगत 06 अगस्त को 69 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन हो गया था। इस दौरान युवा मोर्चा पूर्व जिला सह संयोजक ओमप्रकाश, पूर्व जिला महामंत्री गोपाल मोरीजावाला, डॉ. अरविंद मित्तल, भाजपा नेता शशि मित्तल, नितिन मित्तल, दिलीप मित्तल, नरेश गर्ग, महेश मित्तल, संतलाल शास्त्री, पियूष मित्तल, नरेश मित्तल, सुभाष मित्तल, चौथमाल मित्तल समेत अन्य मौजूद रहें।

### पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गाँधी की जयंती मनाई

**शाहपुरा ।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न राजीव गांधी की राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश प्रवक्ता संदीप कलवानिया के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जयंती मनाई है और उनके चित्र पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर कलवानिया ने कहा कि राजीव गांधी ने आधुनिक भारत की परिकल्पना थी। उनके प्रयासों से देश में संचार क्रांति आई थी तथा संविधान के 73वें एवं 74वें संविधान संशोधन में पंचायतीराज संस्थाओं एवं नगरीय निकायों को संवैधानिक दर्जा दिया गया था।

### विश्वफोटोग्राफी दिवस मनाया

**टोंक।** मुख्यालय पर विश्वफोटोग्राफी दिवस 2025 का आयोजन धूमधाम से किया गया, इस दौरान शहर के सभी फोटोग्राफरो ने इस उपलक्ष्य में केक काटकर तथा सीनियर फोटोग्राफर को माला माला पहनकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर संगठन अध्यक्ष रवि शर्मा ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेकर नए चुनाव कराए जाने की घोषणा की तथा सीनियर फोटोग्राफर की चुनाव समिति बनाई गई, जिसमें जाकिर सना, सिराज रहमान, सुरेश बेनीवाल, अय्यूब प्रिंस, लक्ष्मी कांत आदि को चुनाव सम्पन्न कराए जाने की जिम्मेदारी दी गई है।



टीम की यह घोषणा आपको चयनकर्ताओं की मानसिकता का अंदाजा देती है। शुभमन के चयन के साथ, समय के साथ, वह सभी प्रारूपों के कप्तान बन जाएंगे, और यही वह जगह है जहां वे उन्हें तैनात कर रहे हैं। **– अभिषेक नायर**

**भारतीय बल्लेबाज, शुभमन गिल की टी-20 टीम में वापसी पर बोलते हुए।**

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

### केशव महराज



**लेफ्ट** आर्म स्पिनर केशव महराज (33 रन पर पांच विकेट) की घातक गेंदबाजी से दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को पहले वनडे में मंगलवार को 98 रन से रौंदकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में आठ विकेट पर 296 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया की टीम 40.5 ओवर में 198 रन पर सिमट गयी। करियर में पहली बार वनडे में पांच विकेट लेने वाले केशव महराज को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला।

**क्या आप जानते हैं ?...** एशिया कप में आठ खिताबों (सात वनडे और एक टी-20 अंतरराष्ट्रीय) के साथ भारत इस टूर्नामेंट की सबसे सफल टीम है। श्रीलंका छह खिताबों के साथ दूसरी सबसे सफल टीम है।

# आईसीसी की वनडे रैंकिंग से रोहित-कोहली के नाम गायब

## चार घंटे बाद बोर्ड ने गलती सुधारी, पिछले हफ्ते टॉप-5 में शामिल थे दोनों भारतीय बल्लेबाज

दुबई, 20 अगस्त। आईसीसीआई की ताजा रैंकिंग से भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली के नाम गायब हो गए थे। करीब 4 घंटे बाद बोर्ड ने इस गलती को सुधार लिया। पिछले हफ्ते 13 अगस्त को जारी रैंकिंग में दोनों भारतीय बल्लेबाज टॉप-5 में शामिल थे। रोहित शर्मा नंबर-2 पर थे, जबकि विराट कोहली नंबर-4 पर थे। लेकिन, बुधवार को जब वनडे बैटर्स की रैंकिंग जारी हुई तो उसमें न तो रोहित शर्मा का नाम था और न ही विराट कोहली का।

आईसीसीआई की रैंकिंग में इससे पहले भी गलतियां हो चुकी हैं, जिन्हें बाद में ठीक कर लिया गया था। 3 साल पहले ने भारतीय टीम को गलती से टेस्ट की नंबर-1 टीम बना दिया था। फिर करीब ढाई घंटे के बाद इस गलती को ठीक किया गया था।

बैटर्स में गिल टॉप पर कायम, बाबर तीसरे नंबर पर : ताजा रैंकिंग में शुभमन गिल 784 अंक के साथ नंबर-1 पर कायम हैं, जबकि बाबर आजम (739 अंक) के साथ तीसरे नंबर पर हैं। गिल के अलावा, श्रेयस अय्यर, विराट कोहली और रोहित शर्मा भारतीय खिलाड़ी हैं, जो बल्लेबाज रैंकिंग के टॉप 10 में शामिल हैं। वेस्टइंडीज के शाई होप को 2 स्थान का फायदा हुआ है।

**रैंकिंग में 2 बड़ी गलतियां, दोनों बार भारत नंबर-1 बना**



इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल की रैंकिंग में पहले भी गलतियां हो चुकी हैं। 2 मामलों में तो टीम इंडिया को टेस्ट की नंबर-1 टीम बता दिया गया था। बाद में गलती सुधार किया गया। पहली : भारत ढाई घंटे नंबर-1 रहा पहला मामला 18 जनवरी 2022 को हुआ था। जब की ऑफिशियल वेबसाइट पर दोपहर 1:30 बजे के करीब भारत को नंबर-1 टेस्ट टीम बताया गया। फिर ढाई घंटे बाद ही 4 बजे भारत को नंबर-1 से हटाकर नंबर-2 टेस्ट टीम कर दिया गया। ऑस्ट्रेलिया फिर नंबर-1 टेस्ट टीम हो गई।

दूसरी : वर्ल्ड क्रिकेट में भारत की 6 घंटे की बादशाहत फरवरी 2022 में की गलती से भारत दूसरी बार टेस्ट में नंबर-1 टीम बन गई थी। 6 घंटे बाद ने फिर नई रैंकिंग जारी की। इसमें भारत फिर से दूसरे और ऑस्ट्रेलिया नंबर वन था। पढ़ें पूरी खबर बॉलर्स में केशव महाराज नंबर-1, कुलदीप को एक स्थान का नुकसान बॉलर्स में साउथ अफ्रीका के केशव महाराज नंबर-1 पर पहुंच गए हैं। उन्हें 2 स्थान का फायदा हुआ हैं। केशव ने 687 रेटिंग प्वॉइंट्स हासिल किए और उनका करियर बेस्ट 741 है, जो 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कोलकाता में मिला था। केशव ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे में 5 विकेट लिए थे। दूसरे नंबर पर श्रीलंका के महीश तीक्षणा हैं, जिनके 671 प्वॉइंट्स हैं। भारत के कुलदीप यादव 650 प्वॉइंट्स के साथ तीसरे स्थान पर हैं। उन्हें एक स्थान का नुकसान हुआ हैं।



# एशियाई शूटिंग चैम्पियनशिप : सौरभ-सुरुचि की जोड़ी ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट में जीता कांस्य पदक

नई दिल्ली, 20 अगस्त। कजाकिस्तान के श्यामकेंट शहर में चल रहे एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में भारत के सौरभ चौधरी और सुरुचि इंदर सिंह की जोड़ी ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल जीता। इस जोड़ी ने चीनी ताइपे की टीम को 17-9 से हराकर यह उपलब्धि हासिल की। इससे पहले मंगलवार को भारत की स्टार निशानेबाज और दो बार की ओलिंपिक मेडलिस्ट मनु भाकर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में ब्रॉन्ज मेडल जीता था।

क्वालिफिकेशन राउंड में पांचवें स्थान पर रहे सौरभ और सुरुचि ने क्वालिफिकेशन राउंड में कुल 578 अंक हासिल किए और पांचवें स्थान पर रहकर मेडल राउंड के लिए क्वालीफाई किया। सुरुचि ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहली सीरीज में परफेक्ट 100 अंक स्कोर किए। हालांकि, दूसरी सीरीज में उनका स्कोर 94 रहा, लेकिन तीसरी सीरीज में उन्होंने 98 अंक बनाकर वापसी की। दूसरी ओर, सौरभ ने तीनों सीरीज में क्रमशः 95, 96 और 95 अंक बनाए। दोनों ने मिलकर क्वालिफिकेशन राउंड में 578 अंकों के साथ आठ टीमों के मेडल राउंड में जगह बनाई।

सुरुचि ने इस साल 4 वर्ल्ड कप मेडल जीते 17 साल की सुरुचि इस सीजन में शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने इस साल चार वर्ल्ड कप मेडल जीते हैं और इस चैंपियनशिप में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। चीनी ताइपे की जोड़ी को हराया मेडल राउंड में सौरभ और सुरुचि ने चीनी ताइपे की लियू हेंग-यू और हिसएह हिसयांग-चेन की जोड़ी को 17-9 से हराकर ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। इस जीत के साथ भारत ने एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज की।

# 17 वर्ष आयु वर्ग सैफ गेम्स की भारतीय महिला फुटबॉल टीम में बीकानेर जिले के छोटे से गांव ढिंगसरी के धोरों में खेलने वाली मुन्नी भाम्बू का चयन



जयपुर, 20 अगस्त। राजस्थान के फुटबॉल खिलाड़ियों में खुशी की लहर राजस्थान कि खिलाड़ी मुन्नी भाम्बू, का चयन भारतीय 17 वर्ष सैफ गेम्स भारतीय महिला फुटबॉल टीम में हुआ है राजस्थान फुटबॉल संघ के सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में ग्रास रूट लेवल पर बहुत ही अच्छा काम हुआ है जिसका परिणाम रहा कि हमारे खिलाड़ी का चयन भारतीय महिला फुटबॉल टीम में हुआ है उन्होंने इसका श्रेय खिलाड़ियों के मां-बाप उनके कोच विक्रमसिंह राजवी, जिला फुटबॉल संघ बीकानेर, मगन सिंह राजवी अकादमी ढि ंगसरी को दिया। वर्तमान में यह खिलाड़ी अर्जुन अवार्डी मगन सिंह राजवी की तरफ से चलाई जा रही मगन सिंह राजवी फुटबॉल अकैडमी अकादमी ढि ंगसरी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं उन्होंने बताया है कि आने वाले समय में और लड़कियां भी भारतीय टीम में नजर आएगी मुन्नी पिछले कई वर्षों से ढि ंगसरी के रेतीले धोरों में परीक्षण लिया है गत वर्ष भी मुन्नी 16 वर्ष आयु वर्ग में सैफ खेलो में भाग ले चुकी है अभी गांव में 150 लडकियों को फ्री फुटबॉल का परीक्षण दिया जा रहा है श्री मगन सिंह राजवी जी ने बताया की इस वर्ष अकादमी की 20 खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर व राज्य स्तर पर सब जूनियर व जूनियर महिला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान और खेलों इंडिया महिला लीग में सभी ग्रुपों में में भी प्रथम स्थान प्राप्त किया है अकादमी आने वाले वर्षों में और भी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भारत व राजस्थान को देगा फुटबॉल संघ के अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह जसोल महिला विंग कि चेयरमैन रोशनी टाक ओर राजस्थान फुटबॉल संघ के सभी सदस्यों ने भी मुन्नी को बधाई ओर शुभकामनाएं दी।

# छठा राजीव गांधी लाइफ टाइफ अचीवमेंट अवॉर्ड पूर्व कप्तान संजय व्यास को

जयपुर, 20 अगस्त। राजीव गांधी क्रिकेट क्लब द्वारा आर सी ए क्रिकेट एकेडमी में एक समारोह में मुख्य अतिथि टीका राम जूली (नेता प्रति पक्ष, राजस्थान विधान सभा) द्वारा राजीव गांधी स्मृति लाईफ टाईम अचीवमेंट अवॉर्ड राजस्थान के पूर्व रणजी कप्तान संजय व्यास को दिया गया। समारोह के विशिष्ट अतिथि रफीक खान (विधायक आदर्श नगर), विशिष्ट अतिथि प्रशांत सहदेव शर्मा व हबीब गारनेट (समाज सेवी) रहे। यह अवार्ड राजस्थान में क्रिकेट के खेल को अहम ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए दिया जाता है। अवॉर्ड के रूप में संजय व्यास को साफ़ा पहना कर स्मृति चिन्ह प्रदान किया व ग्यारह हजार रुपए नगद दिए गए। समारोह में पूर्व रणजी कप्तान विनोद माथुर, राहुल कांवट, रोहित झालानी, मोहम्मद असलम सहित सैकड़ों खिलाड़ी व गणमान्य व्यक्ति शामिल रहे।

## एशिया कप के लिए भारतीय हॉकी टीम का ऐलान

# हरमनप्रीत को कमान सौंपी, पिछले साल पेरिस ओलिंपिक में कांस्य जिताया था

नई दिल्ली, 20 अगस्त। एशिया कप के लिए भारतीय टीम का ऐलान कर दिया गया है। हॉकी इंडिया ने बुधवार को बिहार के राजगीर में 29 अगस्त से आयोजित इस टूर्नामेंट के लिए टीम जारी की। पेरिस ओलिंपिक में भारत को ब्रॉन्ज जिताने वाले हरमनप्रीत सिंह को टीम की कमान सौंपी कई है। कृष्णा बहादुर पाठक और सुरज केरकेटा को दिग्गज गोलकीपर पीआर श्रीजेश की जिम्मेदारी सौपी गई है। श्रीजेश ने पिछले साल ओलिंपिक में ब्रॉन्ज जीतने के बाद रिटायरमेंट का ऐलान कर दिया था।

सुमित, जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास और जुगराज सिंह को रक्षा पंक्ति में रखा गया है, जबकि मंदीप सिंह, शैलेंद्र लाकरा, अभिषेक और दिलप्रीत जैसे नाम फरवर्ड लाइन में हें। मनप्रीत सिंह और विवेक सागर प्रसाद को मिडफील्डर्स में रखा गया है।

गोलकीपर्स : कृष्ण बहादुर पाठक, सुरज केरकेटा। डिफेंडर्स : सुमित, जरमनप्रीत सिंह, संजय, हरमनप्रीत सिंह (कप्तान), अमित रोहिदास, जुगराज सिंह। मिडफील्डर्स: राजिंदर सिंह, राज कुमार पाल, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह,



विवेक सागर प्रसाद। फॉरवर्ड : मंदीप सिंह, शैलेंद्र लाकरा, अभिषेक, सुखजीत सिंह, दिलप्रीत सिंह। अल्टर्नेट ऑप्शन: नीलम संजीप, सेल्वम करथी।

**भारत का पहला मैच चीन से**

भारतीय टीम का पहला मैच चीन से होगा। यह मुकाबला 29 अगस्त को खेला जाएगा। इसके बाद भारतीय टीम जापान और कजाकिस्तान के खिलाफ लीग मैच खेलेगी। उसके बाद सुपर-4 राउंड के मैच खेले जाएंगे।

**पाकिस्तान-ओमान के हटने से बांग्लादेश-कजाकिस्तान को मौका**

एक दिन पहले पाकिस्तान और ओमान ने बिहार के राजगीर में होने वाले इस टूर्नामेंट से अपना नाम वापस ले लिया था। ऐसे में बांग्लादेश और कजाकिस्तान को मौका दिया गया है। कजाकिस्तान की टीम चीन और जापान के साथ पूल ए में है।

एशिया कप जीतने वाली टीम को वर्ल्ड कप का टिकट एशिया कप से हटने के साथ ही पाकिस्तान ने वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई करने का एक मौका गंवा दिया है। दरअसल, एशिया कप जीतने वाली टीम को वर्ल्ड कप का टिकट मिलता है। हॉकी का अगला वर्ल्ड कप 2026 में बेल्जियम और नीदरलैंड में खेला जाएगा। एशिया कप का गौरवशाली इतिहास एशिया कप हॉकी की शुरुआत 1982 में पाकिस्तान के कराची में हुई थी।

तब से लेकर अब तक यह टूर्नामेंट एशियाई हॉकी का सबसे प्रतिष्ठित आयोजन बना हुआ है। इसके इतिहास में सबसे सफल टीम दक्षिण कोरिया रही है, जिसने पांच बार यह खिताब अपने नाम किया है। भारत और पाकिस्तान दोनों ने तीन-तीन बार चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया है। दिलचस्प बात यह है कि भारत आठ बार फाइनल में पहुंचा है, लेकिन पांच बार हार का सामना करना पड़ा है। यह आंकड़ा भारतीय हॉकी की निरंतरता और दृढ़ता को दर्शाता है।

# अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ फुटबॉल का कोचिंग कोर्स संपन्न हुआ




जयपुर, 20 अगस्त। अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ से मान्यता प्राप्त फुटबॉल कोचिंग कोर्स आज यहां रॉयल फुटबॉल क्लब जयपुर पर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। राजस्थान फुटबाल संघ के सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि यह फुटबॉल कोचिंग कोर्स ''डी'' लेवल कोर्स है जो कि पिछले 6 दिन से 15 अगस्त से 20 अगस्त के मध्य अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ के द्वारा मान्यता प्राप्त कोच इंस्ट्रक्टर के द्वारा कराया जा रहा था।

आज कोर्स के अंतिम दिन सभी 26 प्रतिभागियों का लिखित परीक्षा आयोजित की गई जिसके आधार पर उत्तीर्ण प्रतिभागियों की सूची अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ द्वारा जल्द ही जारी की जाएगी। समापन समारोह में राजस्थान फुटबाल संघ के सचिव दिलीप सिंह शेखावत, राजस्थान फुटबाल संघ की महिला विंग चेयर पर्सन रोशनी टांक, राजस्थान फुटबाल संघ के सह सचिव कृष्ण अवतार शर्मा, राजस्थान फुटबाल संघ रेफरी डिपार्मेंट विभागाध्यक्ष मनोज जाट, अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ की कोर्स इंस्ट्रक्टर इंदु शर्मा, राजस्थान फुटबाल संघ के कोर्स कोआर्डिनेटर नरेंद्र सिंह राठौड़ और रॉयल फुटबॉल क्लब के भवानी सिंह भाटी उपस्थित थे।

दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि इस कोचिंग कोर्स में 26 प्रतिभागियों ने भाग लिया और इस तरह के कोचिंग कोर्स से राजस्थान फुटबाल को और नए कोच मिलेंगे जो की राजस्थान में फुटबॉल एकेडमी, क्लब, स्कूल और कॉलेज जैसे संस्थानों में बेहतर खिलाड़ियों को तैयार करने में अपनी भूमिका निभाएंगे।

रॉयल फुटबॉल क्लब के भवानी सिंह भाटी ने कोर्स इंस्ट्रक्टर इंदु शर्मा को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। समारोह के अंत में राजस्थान फुटबाल संघ की महिला विंग चेयरपर्सन रोशनी टांक ने कोर्स इंस्ट्रक्टर इंदु शर्मा का धन्यवाद दिया और सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं प्रेषित की।

# सागरमल मेहता बैडमिंटन 23 अगस्त से

जयपुर, 20 अगस्त। द्वितीय सागरमल मेहता मेमोरियल बैडमिंटन टूर्नामेंट राजस्थान हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के



तत्वाधान में 23 अगस्त व 24 अगस्त को खेली जाएगी राजस्थान हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष महेंद्र शांडिल्य तथा सचिव रमित पारीक ने बताया की स्वर्गीय सागरमल मेहता राजस्थान सरकार के महाधिवक्ता रहे हैं प्रतियोगिता मे न्यायाधीश व अधिवक्ता भाग लेंगे प्रतियोगिता सवाई मानसिंह स्टेडियम के बैडमिंटन हॉल में खेली जाएगी इसमें अंदर 40 पुरुष एकल तथा 40 वर्ष से अधिक आयु का पुरुष एकल ,महिला एकल महिला डबल्स तथा मिक्स्ड डबल्स व पुरुष अंडर 40 वर्ष व 40 वर्ष अधिक आयु के डबल्स की प्रतियोगिता खेली जाएगी साथ ही 55 वर्ष से अधिक आयु की न्यायाधीश व सीनियर एडवोकेट की भी प्रतियोगिता खेली जाएगी प्रतियोगिता का शुभारंभ 23 अगस्त को सुबह होगा तथा प्रतियोगिता का फाइनल व समापन 24 अगस्त को होगा विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी कोर्ट ट्रॉफी दी जाएगी



# महाराजा जगत सिंह मेमोरियल कप के दूसरे रोमांचक मैच में टीम आरवीसी ने जेआरपीसी को हराया

जयपुर, 20 अगस्त। जयपुर राइडिंग एंड पोलो क्लब में आज महाराज जगत सिंह मेमोरियल कप के दूसरे मैच में टीम आरवीसी और टीम जेआरपीसी के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। हर चक्कर में कड़ी टक्कर के साथ,मैच ने अंतिम सीटी बजने तक दर्शकों को रोमांचित रखा। लक्ष्य टीम आरवीसी के लिए सबसे बेहतरीन खिलाड़ी साबित हुए,जिन्होंने अपनी टीम को सटीकता और कुशलता से आगे बढ़ाया। टीम जेआरपीसी के नरेंद्र और योगेंद्र ने कड़ी चुनौती पेश की और पूरे मैच में स्कोरबोर्ड पर पकड़ बनाए रखी। अंततः,टीम आरवीसी ने आधे गोल के मामूली अंतर से जीत हासिल की,जिसमें अंतिम स्कोर3 - 2रहा। मानसून पोलो सीज़न में बिंदायका के नाटकीय आसमान में युवा प्रतिभाओं की चमक के साथ धमाकेदार एक्शन जारी है।

# राजस्थान की नोरती एशियन चैम्पियनशिप के लिये भारतीय हैंडबॉल टीम में

## ताशकंद (उज्बेकिस्तान) में होगी प्रतियोगिता, 29 तक खेले जाएंगे मुकाबले



जयपुर, 20 अगस्त। ताशकंद (उज्बेकिस्तान) में 29 अगस्त तक खेले जाने वाली 18वी एशियन जूनियर महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप में भाग लेने के लिये भारतीय महिला हैंडबॉल टीम मंगलवार को ताशकंद पहुँच गई। भारतीय हैंडबॉल टीम में राजस्थान की नोरती कुमारी मेवाडा का चयन हुआ हैं। भारतीय महिला टीम का प्रशिक्षण शिविर 16 अगस्त तक साई द्वारा साई नेशनल सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस गांधीनगर (गुजरात) में लगा था। राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ के मानद सचिव यश प्रताप सिंह ने बताया कि राइट विंग की पोजीशन पर खेलने वाली सुश्री नोरती कुमारी मेवाडा राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद द्वारा जयपुर में संचालित महिला हैंडबॉल एकेडमी की खिलाड़ी है। उल्लेखनीय है कि भारतीय जूनियर महिला टीम ने 2022 में अलमाटी में हुई एशियन जूनियर महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। इस टीम में राजस्थान की वर्षा जाखड़ व प्रियंका मीणा शामिल थी। जबकि टीम के मैनेजर ललित कुमार कलाल थे। जो वर्तमान में राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष है। भारतीय टीम: सुजाता (साई)-कप्तान, आरुषि (हिमाचल प्रदेश)-उप कप्तान, मुस्कान देवी, कनिष्का, मुस्कान (हिमाचल प्रदेश),अनिका, स्वाति, दीक्षा (हरियाणा), नोरती कुमारी मेवाड़ा (राजस्थान), नैना यादव (उत्तर प्रदेश), ईशु (गोल्डन ईगल), लविशा गहलावत (चंडीगढ़ ), प्रदन्या बालासो माने (महाराष्ट्र), आशिया, तन्नु, तमन्ना, सारिका कुमारी, शालू (साई)। कोचः- सचिन चौधरी, अरुण सैनी, कांता पाराशर, श्रवण अरोड़ा। फिजियोः- अंकिता प्रजापति।

# वनडे विश्वकप की टीम में शेफाली को नहीं मिली जगह, रेणुका ने की वापसी

मुंबई, 21 अगस्त। महिला वनडे विश्व कप के लिए भारतीय टीम में शेफाली वर्मा को मौका नहीं दिया गया है। प्रतिका रावल ओपनर के तौर पर भारतीय टीम की पहली पसंद बनी हुई हैं, जिन्होंने हालिया समय में भारत के लिए वनडे मैचों में काफी अच्छा प्रदर्शन किया था। बीसीसीआई के मुंबई हेडक्वार्टर में विश्व कप और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान कर दिया गया है। मध्य प्रदेश की युवा तेज गेंदबाज़ क्रांति गौड़ को भी टीम में शामिल किया गया है। साथ ही रेणुका सिंह ने 15 सदस्यीय दल में वापसी की है। 30 सितंबर से शुरू हो रहे महिला वनडे वर्ल्ड कप का पहला मैच भारत और श्रीलंका के बीच 30 सितंबर को होगा। कुल आठ टीमों वाले इस टूर्नामेंट में नॉकआउट स्टेज से पहले हर टीम हर दूसरी टीम के खिलाफ खेलते हुए कुल सात मैच खेलेगी। भारत और पाकिस्तान का मुकाबला 5 अक्टूबर को कोलंबो में खेला जाएगा। टूर्नामेंट का फाइनल 2 नवंबर को खेला जाएगा। विश्व कप के लिए भारतीय दलः हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), प्रतीका रावल, हरलीन देओल, जेमिमाह रॉड्रिग्स , ऋचा घोष (विकेटकीपर), यस्तिका भाटिया (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा, अमनजोत कौर, राधा यादव, स्नेह राणा, एन श्री चरणी, रेणुका सिंह, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़ आदि।

# क्या तीनों फॉर्मेट में भारत के कप्तान बनेंगे शुभमन गिल

## टी-20 और वनडे में उप कप्तान बने, टेस्ट में मिल चुकी है कमान

नई दिल्ली, 20 अगस्त। मंगलवार को ने एशिया कप के लिए भारत की टी-20 टीम घोषित की। सोमवार तक कई मीडिया रिपोर्ट्स और एक्सपर्ट्स दावा कर रहे थे कि शुभमन गिल को टी-20 टीम में मौका तक नहीं मिलेगा। हालांकि जब टीम अनाउंस हुई तो गिल को न सिर्फ मौका मिला, बल्कि उन्हें उप कप्तान भी बना दिया गया। शुभमन को इसी साल टेस्ट टीम की कमान सौंपी गई। उन्हें पिछली चैंपियंस ट्रॉफी में वनडे टीम का उप कप्तान भी बनाया गया था। अब टी-20 टीम में भी लीडरशिप रोल देकर ने साफ कर दिया है कि शुभमन जल्द ही तीनों फॉर्मेट में भारत के कप्तान बना दिए जाएंगे।

टी-20 फॉर्मेट में कप्तानी कर चुके हैं 2024 में टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद टीम इंडिया जिम्बाब्वे दौरे पर गई। जहां शुभमन गिल को ही कप्तान बनाया गया। श्रीलंका में अगली सीरीज हुई, जहां सूर्यकुमार यादव को कप्तानी और शुभमन को उप कप्तानी सौंपी गई। यानी मैनेजमेंट ने गिल को लीडरशिप की जिम्मेदारी देने का मन बना लिया था।

बांग्लादेश, साउथ अफ्रीका और इंग्लैंड के खिलाफ बिजी शेड्यूल के कारण शुभमन को टी-20 टीम में मौका नहीं मिला। इस कारण अक्षर पटेल को उप कप्तान बनाया गया। अब जब एशिया कप के दौरान कोई और टूर्नामेंट नहीं है, इसलिए शुभमन को टीम में मौका भी मिला और उन्हें उप कप्तान भी बना दिया गया। टेस्ट कप्तानी में इंग्लैंड में सीरीज ड्रॉ कराई इसी साल में मई में टेस्ट कप्तान रोहित शर्मा और दिग्गज विराट कोहली ने संन्यास ले लिया। जिसके बाद शुभमन गिल को टीम इंडिया का नया टेस्ट कप्तान बनाया गया। इंग्लैंड के खिलाफ पहली ही सीरीज में उन्होंने इस मौके को भुनाया और टीम को 2 मुकाबले जिताए।

शुभमन ने बैट से भी अपना फॉर्म साफ जाहिर कर दिया और 750 रन बना दिए। शुभमन की कप्तानी में इंग्लैंड में सीरीज 2-2 से ड्रॉ हुई। इंग्लैंड सीरीज के साथ उन्होंने दिखा दिया कि वे लंबे समय तक इस फॉर्मेट में टीम की कप्तानी करने के लिए तैयार हैं।

वनडे टीम के कप्तान भी जल्द ही बन जाएंगे चैंपियंस ट्रॉफी में शुभमन को उप कप्तान बनाए जाने से साफ हो गया कि वनडे में रोहित शर्मा के बाद गिल ही कमान संभालेंगे। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा भी किया जा रहा है कि उन्हें इसी साल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के दौरान कप्तान बना दिया जाएगा।

कुछ एक्सपर्ट्स का मानना है कि 2027 में वनडे वर्ल्ड कप तक रोहित ही कप्तान बने रहेंगे। वहीं वर्ल्ड कप के बाद शुभमन इस फॉर्मेट में भी टीम की कमान संभाल लेंगे। गिल वनडे बैटर्स रैंकिंग में नंबर-1 बल्लेबाज हैं और इस फॉर्मेट में उनकी जगह भी पक्की है। ऐसे में देखना अहम होगा कि शुभमन को वनडे फॉर्मेट का कप्तान कब बनाया जाएगा।

2026 के बाद टी-20 की कप्तानी मिल सकती है टी-20 फॉर्मेट में सूर्यकुमार यादव 2026 के टी-20 वर्ल्ड कप तक तो कमान संभालते नजर आएंगे। हालांकि, ऐसा जरूरी नहीं कि टूर्नामेंट के बाद भी उन्हें ही कमान मिले। अगर भारत टूर्नामेंट जीत गया तो सूर्या आगे भी कन्टीन्यू कर सकते हैं, लेकिन टीम टाइटल डिफेंड नहीं कर सकी तो वर्ल्ड कप के ठीक बाद शुभमन को कमान सौंपी जा सकती है। सूर्या बतौर प्लेयर टीम का हिस्सा बने रहेंगे।

शुभमन भारत की टी-20 कप्तानी कर चुके हैं और उन्हें में गुजरात टाइटंस को 2 सीजन तक लीड करने का अनुभव भी है। पिछले सीजन तो उन्होंने टीम को प्लेऑफ में भी जगह दिलाई। हालांकि, टीम एलिमिनेटर में हारकर बाहर हो गई। रिकॉर्ड्स को देखते हुए वे लंबे समय तक गुजरात की कमान संभालते नजर आएंगे।

कोहली के नक्शेकदम पर गिल को रख रही है 2012-13 में जब विराट कोहली ने खुद को तीनों फॉर्मेट में भारत की टीम में पक्का कर लिया था, तब उन्हें ही हर फॉर्मेट में एमएस धोनी का डिप्टी बनाया गया। 2014 में कोहली ने एशिया कप समेत जिम्बाब्वे और बांग्लादेश के खिलाफ वनडे और टी-20 टीम की कप्तानी भी कर ली थी। 2014 में कोहली को पहली बार टेस्ट टीम का फुल टाइम कप्तान बनाया गया। उस समय उनकी उम्र भी 24 साल ही थी। शुभमन ने भी 25 की उम्र में ही टेस्ट कप्तानी संभाली। 2017 में विराट को टी-20 और वनडे फॉर्मेट की भी कप्तानी मिल गई। इस दौरान उनकी उम्र 27 साल ही थी। अब शुभमन गिल को भी विराट कोहली की तरह ही तैयार करने में लगा है। टेस्ट फॉर्मेट में तो शुभमन ने कमान संभाल ही ली है। अगले 2 या 3 साल में उन्हें टी-20 और वनडे फॉर्मेट की कप्तानी देकर उन्हें तीनों फॉर्मेट में स्थापित कर देगा। अगर 2027 में शुभमन को कप्तान बनाया गया तो वे 2035 के वनडे वर्ल्ड कप तक कप्तान बने रहे सकते हैं। हालांकि, उनकी कप्तानी में टीम का प्रदर्शन कमजोर रहा तो जरूर उन्हें हटाकर किसी और को कमान सौंप दी जाएगी।

# मुख्यमंत्री ने खट्टर से ग्रीन एनर्जी व जयपुर मेट्रो पर चर्चा की

## उन्होंने राज्य की नवीकरणीय ऊर्जा निकासी परियोजना को ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर-थर्ड में शामिल करने का आग्रह किया

- मुख्यमंत्री भजनलाल ने जयपुर मेट्रो रेल फेज-2 के संयुक्त उपक्रम के तहत निर्माण की विस्तृत कार्य योजना को शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने के बारे में केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर से चर्चा की।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय बिजली, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर से भेंट की तथा राजस्थान में ऊर्जा और आवासन से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की।*

जयपुर/नई दिल्ली, 20 अगस्त। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय बिजली, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर से उनके आवास पर भेंट की तथा राजस्थान में ऊर्जा और आवासन से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की।

शर्मा ने केंद्रीय मंत्री से आग्रह किया कि राजस्थान ने नवीकरणीय ऊर्जा निकासी की योजना बनाई है, इस योजना में शामिल परियोजनाओं को ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर- थर्ड में शामिल कर केंद्र की तरफ से अधिकतम अनुदान शीघ्र स्वीकृत किया जाए।

मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से मुलाकात के दौरान आग्रह किया कि जयपुर मेट्रो रेल फेज- 2 का संयुक्त उपक्रम (50:50) के तहत निर्माण की विस्तृत कार्य योजना को जल्द स्वीकृति प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण प्रस्तावित परियोजना के लिए केंद्रीय अंशदान की स्वीकृति से जयपुर वासियों के लिए एक सुदृढ़ , सुरक्षित सार्वजनिक परिवहन की सुविधा प्रदान करने के लक्ष्य को जल्द हासिल किया जा सकेगा।

मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि राजस्थान सरकार द्वारा एशियन डवलपमेंट बैंक एवं वल्ड बैंक के संयुक्त वित्त पोषण के माध्यम से संचालित आर. यू. आई. डी. पी. पांचवें चरण की परियोजना तैयार कर भारत सरकार के समक्ष प्रस्तुत की गई है जिस पर केंद्रीय मंत्रालय का सकारात्मक सहयोग आवश्यक है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान में ऊर्जा उत्पादन की अपार संभावनाएं मौजदू हैं जिनके सकारात्मक दोहन और प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में आधारभूत संरचना के विकास के लिए केंद्रीय सहयोग आवश्यक है। केंद्रीय मंत्री ने राजस्थान को हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

# प्र.मंत्री ने स्व. राजीव गांधी को श्रद्धांजलि दी

नयी दिल्ली, 20 अगस्त। कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 81वीं जयंती पर बुधवार को यहां उनकी समाधि वीर भूमि पर उन्हें नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री की स्मृति में उनकी समाधि वीर भूमि में आज सुबह कार्यक्रम आयोजित किया था जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस नेताओं तथा पार्टी कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया और भारत रत्न राजीव गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

- प्रियंका गांधी व कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने वीर भूमि जाकर राजीव गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

वाड्रा ने अपने पिता को याद करते हुए कहा "विरासत में आप से करुणा, प्रेम और देशभक्ति का धर्म मिला। हम दोनों राहुल और मैं, हमेशा यह धर्म निभायेंगे। न कोई तोड़ पाएगा, न कोई रोक पाएगा, न कभी हमारे कदम लड़खड़ायेंगे।" खरगे ने पूर्व प्रधानमंत्री के उल्लेखनीय कार्यों को याद किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, आज उनकी जयंती पर पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी को मेरी श्रद्धांजलि।

# जयपुर के दो प्रतिष्ठित स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

## पुलिस ने द पैलेस स्कूल व एसएमएस स्कूल का चप्पा-चप्पा छाना पर कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली

जयपुर, 20 अगस्त। राजधानी जयपुर के प्रतिष्ठित द पैलेस स्कूल और एसएमएस को बुधवार को फिर बम से उड़ाने की धमकी मिली है।

यह धमकी एक ईमेल के जरिए भेजी गई है, जिसने न सिर्फ स्कूल प्रशासन, बल्कि पूरे शहर के लोगों को दहशत में डाल दिया है। यह कोई पहला मौका नहीं है, जब इस स्कूल को निशाना बनाया गया है। इसी साल जून और जुलाई में भी इसी तरह की धमकियां आ चुकी हैं। हालांकि हर बार यह सिर्फ अफवाह साबित हुई है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर, करण शर्मा ने बताया कि द पैलेस स्कूल और एसएमएस को मंगलवार देर रात को मेल कर धमकी दी गई थी, स्कूल स्टाफ ने सुबह मेल देखने के बाद पुलिस को सूचना दी। दोनों स्कूलों में बम निरोधक दस्ता, एटीएस और डॉग स्क्वॉड की टीम सर्च करने पहुंची। लेकिन कुछ नहीं मिला। बच्चों को

- द पैलेस स्कूल को जून व जुलाई में भी इसी तरह की धमकियाँ मिली थीं। पुलिस की सायबर टीम जांच कर रही है कि ई-मेल किस आईपी एड्रेस से लिखा गया था।

वापस घर भेज दिया गया था। टीम ने स्कूलों के चप्पे-चप्पे पर छानबीन की।

पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर ने बताया कि माणक चौक थाना इलाके में स्थित द पैलेस स्कूल को मेल किया गया था कि द पैलेस स्कूल के कक्षा 4-7 के क्लासरूम और टॉयलेट में 2 टीएनटी आईईडी विस्फोट होने वाला है। 1.45 बजे तक सभी बच्चों को बाहर निकाल लो। गौरतलब है कि द पैलेस स्कूल को तीन महीने में तीसरी बार धमकी मिली है।

वहीं एसएमएस स्कूल को भी मेल आया था, जिसका बुधवार सुबह पता चला। पता लगने पर स्कूल स्टाफ ने पुलिस को सूचना दी। बिना देर किए पूरे स्कूल को खाली कराया गया और बच्चों को सुरक्षित उनके घर भेज दिया गया।

स्कूल परिसर में बम निरोधक दस्ता, एटीएस और डॉग स्क्वॉड टीमों ने चप्पे-चप्पे की तलाशी ली, लेकिन घंटों की मशक्कत के बाद भी कोई भी संदिग्ध वस्तु या बम नहीं मिला।

पुलिस उपायुक्त, जयपुर उत्तर करण शर्मा ने बताया कि सायबर टीम मेल के बारे में जानकारी जुटा रही है। मेल किस आईपी एड्रेस से लिखा गया है, इस पर काम किया जा रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और सायबर सेल की मदद से ईमेल भेजने वाले शख्स की तलाश कर रही है।

# 'रुस पर दबाव डालने के लिए भारत पर टैरिफ लगाया है'

वाशिंगटन, 20 अगस्त। वाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प ने रूस पर यूक्रेन युद्ध समाप्ति के लिये अतिरिक्त दबाव बनाने के लिये भारत पर "प्रतिबंधों" के रूप में आयात शुल्क लगाये हैं। उन्होंने कहा कि भारत पर लगाये गये अमेरिकी प्रतिबंधों ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को ट्रम्प के साथ बैठक के लिये सहमत होने में भूमिका निभाई है। ट्रम्प ने पहले घोषित 25 प्रतिशत पर 25 प्रतिशत नया शुल्क जोड़कर भारत पर आयात शुल्क का बोझ दोगुना कर 50 प्रतिशत कर दिया।

लेविट ने संवाददाताओं को बताया कि, "यह कदम रूस पर" अतिरिक्त दबाव" डालने की अमेरिकी रणनीति का हिस्सा था। राष्ट्रपति ने इस युद्ध को समाप्त करने के लिए ज़बरदस्त सार्वजनिक दबाव बनाया है। उन्होंने भारत पर प्रतिबंध और अन्य कदम उठाए हैं। उन्होंने खुद साफ़ कर दिया है कि वह इस युद्ध को समाप्त होते देखना चाहते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की के बीच द्विपक्षीय बैठक की योजना पर काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि हालांकि रूस ने अब तक ठोस प्रतिबद्धताओं से परहेज किया है लेकिन उसने भविष्य में वार्ता की संभावना से इन्कार नहीं किया है।

# नारकोटिक्स ब्यूरो ने इन्सपैक्टर और कांस्टेबल को बर्खास्त किया

- चार व छह साल से नौकरी कर रहे इन दोनों की जगह किसी अन्य व्यक्ति ने परीक्षा दी थी।
- नारकोटिक्स ब्यूरो को दोनों के खिलाफ शिकायतें मिली थीं, जब जांच करवाई गई तब इस फर्जीवाड़े का पर्दाफाश हुआ।

कोटा, 20 अगस्त (निसं)। प्रदेश में डमी कैंडिडेट के जरिए परीक्षा देकर नौकरी पाने के कई मामले सामने आए हैं। रेलवे में भी हाल ही में इस तरह का मामला देखने को मिला था। अब ताजा मामला केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीएनबी) में सामने आया है जिसमें विभाग ने कार्रवाई करते हुए एक इंस्पेक्टर और एक कांस्टेबल को बर्खास्त कर दिया। ये दोनों क्रमश: 4 और 6 साल से नौकरी कर रहे थे। दोनों की नियुक्ति कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से हुई थी लेकिन वास्तव में उनकी जगह किसी और व्यक्ति ने परीक्षा दी थी। इनके फोटो, हस्ताक्षर और फिंगरप्रिंट मिसमैच हो रहे थे। इसी पर विभाग को दोनों पर संदेह हुआ और उन्होंने जांच शुरू कर दी। जांच के बाद ही विभाग ने यह फैसला लिया।

केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो के उपायुक्त नरेश बुंदेल ने बताया कि विभाग को दोनों के संबंध में शिकायत मिली थी जिसके बाद जांच कराई गई। यह पूरी जांच रिपोर्ट मुख्यालय भेज दी गई थी। इसके आधार पर दोनों को बर्खास्त कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार इंस्पेक्टर प्रदीप मूल रूप से हरियाणा निवासी हैं जिसने साल 2019 में फर्जी तरीके से नौकरी प्राप्त की थी।

वह वर्तमान में प्रतापगढ़ जिले में तैनात था, जबकि कांस्टेबल जाकिर हुसैन बिहार निवासी है। वह 2021 में नौकरी में आया था। उसके बाद कोटा में ही पदस्थ था। मामले में नारकोटिक्स ब्यूरो ने शिकायत के बाद दोनों आरोपियों के संबंधित दस्तावेज कर्मचारी चयन आयोग से मंगवाए थे। इन दस्तावेजों के आधार पर फोटो व फिंगर प्रिंट्स का मिलान कराया गया जिसके लिए नमूने भोपाल लैब में भेजे गए। इसमें प्रदीप के फोटो का मिलान हो गया लेकिन जाकिर हुसैन के फोटो का मिलान नहीं हुआ। इसके बाद प्रदीप के फिंगरप्रिंट की जांच जयपुर लैब में करवाई गई। जांच में पाया गया कि प्रदीप के नौकरी जॉइन करते समय लिए गए और परीक्षा के दौरान लिए गए फिंगरप्रिंट अलग-अलग थे। इसके अलावा दोनों के परीक्षा के दौरान दिए गए हस्ताक्षर और वर्तमान के हस्ताक्षर भी नहीं मिल रहे थे। इसके बाद सीधी कार्रवाई करते हुए दोनों को बर्खास्त कर दिया गया।

बर्खास्त इंस्पेक्टर प्रदीप और कांस्टेबल जाकिर हुसैन अब तक वेतन और भत्ते के रूप में लाखों रुपए प्राप्त कर चुके हैं।

ऐसे में केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो दोनों आरोपियों से इस रकम की वसूली में जुटा हुआ है। दोनों आरोपियों को नोटिस देकर वेतन और भत्ते के रूप में लिए गए पैसे एक माह के भीतर वापस कराने को कहा गया है। ऐसा नहीं करने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह पूरा मामला आगे की कार्रवाई के लिए केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो पूरा मामला सीबीआई को भेजने की तैयारी में है।

# 'नोबल शांति पुरस्कार ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

और अर्थव्यवस्था पर उनकी रेटिंग काफ़ी नकारात्मक हो गई है। आप्रवासन (इमिग्रेशन), जो उनके पुनः चुनाव अभियान का मुख्य मुद्दा था, पर भी असहमति बढ़ी है। यहाँ तक कि अपराध पर भी, जहाँ रिपब्लिकन आमतौर पर अधिक समर्थन पाते हैं, उनकी रेटिंग नीचे आई है।

राज्य स्तर पर ट्रंप की लोकप्रियता रिपब्लिकन गढ़ों में सबसे अधिक और डेमोक्रेटिक राज्यों में सबसे कम है। लेकिन "यू गव" के राज्यवार अनुमान दिखाते हैं कि 2024 में जो राज्य उन्होंने बाइडन से छीन लिए थे, वहाँ भी असंतोष गहरा है। प्रतिस्पर्धी मध्यावधि चुनावों का सामना कर रहे रिपब्लिकनों के लिए ये आँकड़े चिंताजनक हैं।

जनसांख्यिकी के हिसाब से अंतर साफ दिखता है। श्वेत और पुरुष मतदाता ट्रंप के सबसे बड़े समर्थक बने हुए हैं, जबकि महिलाएँ, युवा अमेरिकी और अल्पसंख्यक उनसे असहमति रखते हैं। कॉलेज स्नातक और स्नातकोत्तर राष्ट्रपति को सबसे कम समर्थन देते हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि वृद्ध मतदाता, जो पिछले चुनावों में रिपब्लिकन का मज़बूत आधार रहे हैं, इस बार अपेक्षा से कम समर्थन दिखा रहे हैं।

जिन मुद्दों को अमेरिकी सबसे अहम मानते हैं, उन पर ट्रंप पिछड़ रहे हैं। महँगाई और कीमतें दोनों पार्टियों के मतदाताओं की सूची में सबसे ऊपर हैं, हालाँकि रिपब्लिकन (26 प्रतिशत) डेमोक्रेट्स (20 प्रतिशत) की तुलना में ज्यादा चिंतित हैं। नौकरियाँ और अर्थव्यवस्था दूसरे स्थान पर हैं, इसके बाद स्वास्थ्य सेवा आती है। डेमोक्रेट्स नागरिक अधिकारों, स्वास्थ्य सेवा और जलवायु परिवर्तन को प्राथमिकता देते हैं, जबकि रिपब्लिकन का ध्यान आप्रवासन, राष्ट्रीय सुरक्षा और सरकारी खर्च पर है। यह अंतर दिखाता है कि मतदाता राष्ट्रपति के कामकाज को "पार्टीगत नज़रिये" से आंकते हैं।

2017 से अब तक के साप्ताहिक सर्वेक्षणों पर नज़र डालें तो जनमत को प्रभावित करने वाले मुद्दे समय के साथ बदलते रहे हैं। ट्रंप के पहले कार्यकाल में स्वास्थ्य सेवाएँ, विशेष रूप से कोविड-19 महामारी के दौरान, सबसे बड़ा मुद्दा थीं। बाइडन के कार्यकाल में महँगाई और रूस के 2022 के यूक्रेन हमले का असर सर्वाधिक महत्वपूर्ण मुद्दा था। अब ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में महँगाई, अर्थव्यवस्था और आप्रवासन उनकी राष्ट्रपति पद की सबसे कठिन कसौटियाँ बनी हुई हैं।

जैसा कि कार्ल मार्क्स ने कहा था, आदमी अपना इतिहास बनाता है, लेकिन अपनी पसंद की परिस्थितियों में नहीं। डॉनल्ड ट्रंप के लिए, जनमत, जो आर्थिक तकलीफ़, वैश्विक संघर्षों और राजनीतिक ध्रुवीकरण से आकार लेता है, उनकी महत्वाकांक्षाओं को सीमित करता जा रहा है, चाहे वे कितने भी वादे क्यों न करें।

# अग्नि 5 ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

इसकी रेंज करीब 5000 किलोमीटर तक की है। अग्नि-5 की जद में पाकिस्तान-चीन समेत करीब आधी दुनिया का हिस्सा आता है। रक्षा मंत्रालय ने जानकारी दी है कि अग्नि-5 मिसाइल मौजूदा परीक्षण में सभी परिचालन और तकनीकी मापदंडों पर खरी उतरी है।

# दिल्ली के 50 स्कूलों को बम की धमकी

नई दिल्ली, 20 अगस्त। दिल्ली के करीब 50 स्कूलों को बुधवार सुबह ईमेल के जरिए बम की धमकी मिली। इनमें द्वारका के राहुल मॉडल स्कूल और मैक्सफोर्ट स्कूल, मालवीय नगर का एसकेवी और प्रसाद नगर का आंध्रा स्कूल शामिल हैं।

धमकी मिलने के तुरंत बाद ही दिल्ली पुलिस एक्शन मोड में आ गई और पुलिस डॉग स्क्वायड की टीम, बम डिस्पोजल टीम और दमकल विभाग को लेकर अलग-अलग स्कूलों में पहुंच गई। अभी सभी स्कूलों की लिस्ट सामने नहीं आई है।

- पुलिस ने सभी स्कूलों की गहन जांच की पर कुछ नहीं मिला।

स्कूलों को जैसे ही मेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली, पुलिस जांच में लग गई। खबर लिखे जाने तक पुलिस को किसी भी स्कूल में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। पुलिस इस मामले को गंभीरता से ले रही है। ज्ञातव्य है कि दो दिन पहले यानी 18 अगस्त को भी द्वारका के डीपीएस सहित तीन स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। वो धमकी भी मेल के जरिए की गई थी।आपको यह भी बता दें कि उससे पहले यानी 15 अगस्त को दिल्ली के द्वारका के सेंट थॉमस स्कूल और दिल्ली विश्वविद्यालय के सेंट स्टीफन कॉलेज को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली थी।

# दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर जनसुनवाई के दौरान हमला हुआ

- आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

नयी दिल्ली, 20 अगस्त। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर बुधवार को जनसुनवाई के दौरान एक शख्स ने हमला कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना के समय मुख्यमंत्री गुप्ता आम लोगों की शिकायतें सुन रहीं थीं। एक शख्स भी अपनी शिकायत लेकर वहां पहुंचा और उसने श्रीमती गुप्ता पर हमला कर दिया। उसके इस हमले की वजह का फिलहाल पता नहीं चला है।

पुलिस हमलावर शख्स को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हुआ हमला बेहद निंदनीय है। लोकतंत्र में असहमति और विरोध की जगह होती है, लेकिन हिंसा के लिए कोई स्थान नहीं है।

उन्होंने कहा उम्मीद है कि दिल्ली पुलिस, दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करेगी। आशा है मुख्यमंत्री पूरी तरह सुरक्षित हैं।

दिल्ली मुख्यमंत्री ने शाम करीब 6 बजे एक्स पर लिखा, जनसुनवाई के दौरान मेरे ऊपर हुआ हमला दिल्ली की सेवा और जनता की भलाई के संकल्प पर कायराना प्रहार है। हमले के बाद सदमे में थी। अब बेहतर महसूस कर रही हूं।

# सीएसडीएस के संजय कुमार के खिलाफ मामला दर्ज

## संजय कुमार पर महाराष्ट्र के लोकसभा व विधानसभा चुनावों में मतदाता सूची के भ्रामक आंकड़े देने का आरोप है

नयी दिल्ली, 20 अगस्त। महाराष्ट्र में लोकसभा और विधानसभा क्षेत्रों की 2024 के चुनावों की मतदाता सूची के भ्रामक आंकड़े देने के मामले में सेंटर फॉर स्टडी ऑफ डवलपिंग सोसाइटीज (सीएसडीएस) के संजय कुमार पर नासिक में जिला चुनाव कार्यालय की तरफ से उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

मतदाता सूची की भ्रामक जानकारी देने के मामले में एक दिन पहले मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रवक्ता गौरव भाटिया ने संवाददाता सम्मेलन में सीएसडीएस के भ्रामक आंकड़ों को सार्वजनिक करने के साथ कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा था। यह मामला हालांकि सामने आने पर संजय कुमार ने एक्स पर एक पोस्ट में माफी मांगते हुए इस पोस्ट को पहले ही हटा लेने की बात कही थी।

- मामला दर्ज होने की जानकारी नासिक जिला चुनाव कार्यालय ने एक्स पर एक पोस्ट के जरिए दी।

संजय कुमार पर मामला दर्ज होने की जानकारी नासिक के जिला चुनाव कार्यालय द्वारा संचालित डीईओ नासिक पर एक एक्स पोस्ट के माध्यम से सामने आयी है। इस पोस्ट में लिखा गया है कि सीएसडीएस के संजय कुमार ने महाराष्ट्र लोकसभा 2024 और महाराष्ट्र विधान सभा 2024 के लिए 126-देवलाली विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं की भ्रामक जानकारी पोस्ट की है, उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। सभी नागरिकों से अनुरोध है कि वे जानकारी केवल चुनाव आयोग की वेबसाइट से ही सत्यापित करें।

संजय कुमार ने 17 अगस्त को किये ट्वीट में बताया था कि 2024 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव में वोटों की संख्या में काफी अंतर था। उन्होंने 100 विधानसभा सीटों का उदाहरण दिया था। अब उन्होंने इसे आंकड़ों का गलत विश्लेषण बताया है। संजय कुमार ने कहा कि उनकी टीम ने चुनाव आंकड़ों का गलत विश्लेषण किया था, इसके लिए उन्होंने माफी मांग ली थी।

# राधाकृष्णन ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

चिराग पासवान, केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी के अलावा और भी कई केन्द्रीय मंत्री मौजूद थे। राधाकृष्णन का नामांकन चार सेटों में दाखिल हुआ है। जिनमें से प्रत्येक पर 20 प्रस्तावकों और 20 अनुमोदकों के हस्ताक्षर हैं। पहले सेट में मुख्य प्रस्तावक के रूप में प्रधानमंत्री मोदी के हस्ताक्षर हैं, जबकि बाकी सेटों में केंद्रीय मंत्रियों और वरिष्ठ राजग नेताओं के हस्ताक्षर हैं, जो गठबंधन में व्यापक सहमति को दर्शाता है। उप राष्ट्रपति उम्मीदवार राधाकृष्णन के इस एतिहासिक मौके पर संसद भवन में नामांकन पत्र दाखिल करने के दौरान मंत्रियों और सांसदों सहित राजग के लगभग 160 सदस्य उपस्थित रहे। राधाकृष्णन को नामित करने का निर्णय केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी के आवास पर आयोजित राजग के नेताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया।

# 'प्रेस रिलीज़ ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कंपनियाँ (एन.पी.एल. और टी.एस.पी. एल.), जिन्हें पंजाब में थर्मल पावर प्रोजेक्ट विकसित करने के लिए विशेष प्रयोजन इकाइयों के रूप में बनाया गया था, ने "टैरिफ-आधारित प्रतिस्पर्धी बोली" के बाद पी.एस. पी.सी.एल. के साथ पावर परचेज़ एग्रीमेंट किया था। बाद में उन्होंने दावा किया कि सरकार के फ़ैसले और स्पष्टीकरण, जिनमें "मेगा पावर प्रोजेक्ट लाभ" पर प्रेस रिलीज़ और उसके बाद के डी.जी.एफ.टी. नोटिफिकेशन शामिल हैं, ने वित्तीय ढाँचे को बदल दिया और इस वजह से उन्हें कानून में बदलाव माना जाना चाहिए, जिससे उन्हें मुआवज़ा मिल सके।

# 'बड़े बे आबरू ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

लौट गए ताकि अपना संघर्ष अगले दिन फिर जारी रख सकें।

वह व्यक्ति, जो कभी कांग्रेस पार्टी का किंग होता, क्योंकि सोनिया गांधी की पहली पसंद अध्यक्ष पद के लिए वही था, आज दरवाज़े-दरवाज़े काम माँग रहा है!!

इसे कहते हैं समय का फेर।

# एलडीसी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

गया कि शेष पदों को मंत्रालयिक पदों में शामिल कर बाद में भर्ती निकाल दी थी। ऐसे में भर्ती का अस्तित्व समाप्त हो गया है।

दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है।

# 'सिल्वर सॉइल इंडस्ट्रियल...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

आर सी ए अध्यक्ष सी पी जोशी के करीबी माने जाते थे। इस मामले में एन सी एल टी के समक्ष सुनवाई के दौरान अदालत ने हैरानी जताई कि 1 मार्च 2022 को आदेश दिए जाने के बाद भी उक्त प्रोजेक्ट की जमीन का बेचान कैसे किया जा रहा है जबकि बेचान पर रोक सम्बंधी आदेश 1 मार्च की शाम को ही एन सी एल टी की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए थे। अदालत ने इस मामले में उन व्यक्तियों को भी पार्टी बनाया है, जिन्होंने 1 मार्च 2022 के बाद सिल्वर सॉइल प्रोजेक्ट की जमीन खरीदी जिनमें भवानी शंकर सामोता, उनकी पत्नी उर्मिला सामोता, उनकी कंपनी सामोता होल्डिंग प्राइवेट लिमिटेड के साथ साथ राजेंद्र कुमार जैन, सीताराम यादव, सुनील अग्रवाल, रोहित कुमार अग्रवाल, बंशीधर यादव, अरुण कुमार अग्रवाल और मुकेश कुमार गुप्ता को भी पार्टी बनाया है और जवाब तलब किया है कि अदालत के आदेश के बावजूद उक्त प्रोजेक्ट की जमीन को कैसे बेचा गया और सेल डीड कैसे जारी करी गई। इस मामले में अदालत ने ग्राम चौमू तहसील गोविंदगढ़ के सब रजिस्ट्रार और स्टैम्प पेपर और रजिस्ट्रेशन जारी करने वाले इंस्पेक्टर जनरल को भी जवाब तलब किया है कि कैसे उन्होंने उक्त मामले में सिल्वर सॉइल प्रोजेक्ट की जमीन के बेचान की सेल डीड जारी की जबकि अदालत ने इसकी रोक पर स्पष्ट आदेश दिए थे और याचिकाकर्ता सत्यनारायण गुप्ता ने भी दोनों अधिकारियों को अदालती आदेश के संबंध में जानकारी दी थी। अदालत ने पुनः आदेश में कहा कि इस मामले में आगे भी बेचान किया गया और सेल डीड जारी की गई तो अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस मामले की अगली तारीख 4 सितंबर तय करी गईं है।

# भर्ती परीक्षाओं ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

इसी तरह पटवारी भर्ती परीक्षा 2021 में मूल अभ्यर्थी सागर मीणा को गिरफ्तार किया गया है।

सागर नांगल बरसी सदर दौसा का रहने वाला है और वर्तमान में देवला की डांग नसीराबाद अजमेर में पटवारी है। पूर्व में इसकी जगह डमी कैंडिडेट बनकर परीक्षा देने वाले रोशन लाल मीणा को एस.ओ.जी. गिरफ्तार कर चुकी है। इसके अलावा एसओजी ने पीटीआई भर्ती परीक्षा 2022 में मुल्जिम सौरव कलाल, निवासी कलालवाड़ा भुगडा बांसवाड़ा, को गिरफ्तार किया है।

वर्तमान में यह राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बांसवाड़ा में पीटीआई है। इस संबंध में एसओजी पूर्व में प्रदीप शर्मा को गिरफ्तार कर चुकी है। प्रदीप के मार्फत जेएस यूनिवर्सिटी से बैक डेट में बीपीएड की फर्जी डिग्री प्राप्त की थी।

# "इंटिग्रिटी बिल" के मार्फत बहुत "ऊंचा"...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

धारणा" के सिद्धांत को उलट देता है और जांच एजेंसियों को निर्वाचित नेताओं-यहाँ तक कि प्रधानमंत्री- से ही ऊपर रख देता है। उन्होंने कहा, "यह देश के सर्वोच्च कार्यकारी प्रमुख को एक जांच अधिकारी के अधीन बना देता है, जो अनुच्छेद 21 का उल्लंघन है।"

एआईएमआईएम नेता असदुद्दीन ओवैसी ने इसे "गेस्टापो-शैली की पुलिसिंग" करार दिया और चेतावनी दी कि इससे जांच एजेंसियों को सरकार गिराने की अभूतपूर्व ताकत मिल जाएगी।

प्रियंका गांधी ने इस कदम को "क्रूर" बताया और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को उदाहरण के रूप में पेश किया कि कैसे कमजोर आरोपों का राजनीतिक हथियार की तरह उपयोग हो सकता है। वामपंथी दलों ने इसे "लोकतंत्र और संघीय ढांचे पर सीधा हमला" कहा।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस कदम का समय भी उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि इसका विषयवस्तु। संसद सत्र समाप्त होने के कगार पर है और देश आर्थिक तनाव, बेरोजगारी जैसे मुद्दों से जूझ रहा है-ऐसे समय में इस विधेयकों को अचानक लाना केवल शासन-सुधार नहीं, बल्कि एक बड़ी रणनीति माना जा रहा है।

राजद के राज्यसभा सांसद मनोज झा ने कहा है कि इसका छिपा हुआ उद्देश्य भाजपा का अपने सहयोगियों-खासतौर पर एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों-पर दबाव बनाना हो सकता है, जो अब खुद को केंद्रीय एजेंसियों की जांच की चपेट में पा सकते हैं। उन्होंने कहा, "यह केवल विपक्ष की बात नहीं है; सहयोगियों को भी उतनी ही चिंता होनी चाहिए।"

जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने इसका समर्थन किया तथा कहा, "यह विधेयक इसलिए लाया गया है क्योंकि जब संविधान बना था, तब शायद हमारे संस्थापक यह कल्पना नहीं कर पाए थे कि सत्ता में बैठे लोग इतने भ्रष्ट और आपराधिक हो जाएंगे कि जेल जाने की नौबत आ जाएगी और वे जेल में रहते हुए भी पद नहीं छोड़ेंगे। मेरा मानना है कि यह एक अच्छा विधेयक है-अगर कोई नेता आरोपी है और जेल में है, तो वह सरकार नहीं चला सकता।"

विश्लेषक इस पर बँटे हुए हैं। एक ओर, इसे राजनीतिक जीवन में नैतिकता और जवाबदेही के उच्च मानकों की दिशा में साहसिक सुधार के रूप में देखा जा रहा है। दूसरी ओर, इसे एक खतरनाक राजनीतिक हथियार के रूप में देखा जा रहा है जो संवैधानिक सुरक्षा-प्रणाली को कमज़ोर करता है और सत्ता को केंद्र में केंद्रीकृत करता है।

ज्यादातर विशेषज्ञ मानते हैं कि यह सिर्फ कोई ध्यान भटकाने वाला प्रयास नहीं, बल्कि एक ऐसा राजनीतिक जुआ है जिसमें भारी दांव लगा है। इन विधेयकों का भविष्य अब संभवतः संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के पास जाएगा और यदि पारित हो जाते हैं तो न्यायिक समीक्षा का सामना करेंगे।

फिलहाल, एक बात स्पष्ट है: मोदी सरकार ने संसद सत्र को सहमति की भावना के साथ समाप्त करने के बजाय टकराव की स्थिति में ला खड़ा किया है-और राष्ट्रीय मुद्दों से ध्यान हटाकर भारतीय लोकतंत्र के भविष्य पर बहस को केंद्र में ला दिया है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908